रांची, मंगलवार
03.11.2026
वर्ष : 11, अंक : 330, पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | @bihanbharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

# न्याय प्रणाली का व्यवहार अस्पताल की तरह हो संवेदनशील : सीईजेआई सूर्यकांत

बिभा संवाददाता

**देवघर।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बाबा नगरी देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इसके बाद देवघर सिविल कोर्ट परिसर में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, पीड़ितों को आर्थिक बल देने और पात्र लाभुकों तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की पहल की गई।

सीजेआई सूर्यकांत ने न्याय व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुखी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कानूनी सहायता के लिए अदालतों और सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े, बल्कि विधिक सेवा प्राधिकरण खुद उनके दरवाजे तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली का व्यवहार अस्पताल की तरह संवेदनशील होना चाहिए, जहां मरीज को सांत्वना के साथ इलाज मिलता है। इसी तरह न्यायिक व्यवस्था में भी जरूरतमंदों को भरोसा और अपनापन महसूस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक पिछड़ेपन के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की मूल भावना का उल्लेख करते हुए सीजेआई ने कहा कि कानूनी सहायता व्यवस्था को केवल आवेदन मिलने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। लीगल सर्विस अथॉरिटी, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) को सक्रिय होकर जरूरतमंदों तक पहुंचना होगा।



साधनहीन और अशिक्षित व्यक्ति से यह उम्मीद करना उचित नहीं है कि वह कानूनी मदद के लिए शहर आए और कार्यालयों के चक्कर काटे। विधिक सहायता कार्यकताओं को पीड़ितों के घर जाकर उनकी समस्याएं समझनी चाहिए और समाधान के लिए जरूरी मदद उपलब्ध करानी चाहिए।

न्यायपालिका और स्वास्थ्य सेवा के बीच समानता बताते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर या नर्स के सांत्वना भरे शब्द मरीज को काफी राहत देते हैं। इसी तरह न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों के व्यवहार में भी संवेदनशीलता और अपनापन होना चाहिए।

तालुका अदालतों से लेकर जिला और उच्च न्यायालयों तक समाज के कमजोर वर्गों, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों के लिए न्याय के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए।

सीजेआई ने विधिक सेवा कार्यकताओं को आम लोगों से उनकी स्थानीय भाषा और बोली में संवाद करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जब तक वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भाषा में उनकी समस्याएं नहीं सुनी जाएंगी, तब तक न्याय व्यवस्था और आम जनता के बीच की दूरी कम नहीं होगी। कानूनी औपचारिकताओं से आगे बढ़कर लोगों की बात समझना और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देना जरूरी है।

इसके पूर्व देवघर पहुंचने के बाद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद तीर्थ पुरोहित विधिवत संकल्प कराया और उन्हें गर्भगृह में ले गए। गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने सभी के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर स्थित माता पार्वती मंदिर में भी शीश नवाया और पूजा की।

बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत देवघर सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर में शामिल हुए। झालसा की ओर से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) के मॉड्यूल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक सहायता और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजेआई सूर्यकांत उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह शामिल हुए। वहीं, झारखंड उच्च न्यायालयके न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की भी उपस्थिति रही।

न्यायपालिका के शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस शिविर में कानूनी जागरूकता, जरूरतमंदों को विधिक सहायता और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

इन क्लिनिकों का उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि जानकारी और संसाधनों के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों और विपरीत परिस्थितियों से प्रभावित पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही जरूरतमंद बच्चों और पात्र लाभुकों को प्रोजेक्ट शिशु के तहत आवश्यक सहायता सामग्री एवं कल्याणकारी लाभ प्रदान किया गया।

इस पहल का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे लोगों को आर्थिक और सामाजिक संबल देना और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करना है।

शिविर में विधिक सहायता, पीड़ितों को आर्थिक राहत, बच्चों के कल्याण और सरकारी योजनाओं के लाभ वितरण को एक मंच पर लाया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि न्याय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर में न्यायिक सहायता और सामाजिक कल्याण के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देना एवं उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य रहा।

# लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा ने रांची में निकाली पदयात्रा

बिभा संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत सोमवार को राजधानी रांची में पदयात्रा निकाली। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समर्थन और इसे लेकर कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन की ओर से कथित तौर पर फैलाए जा रहे भ्रम के विरोध में आयोजित इस पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी जुएल उरांव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पदयात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

पदयात्रा मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से शुरू हुई। यहां से कार्यकताओं का समूह कचहरी चौक होते हुए जेल मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति संग्रहालय पहुंचा। कार्यक्रम का समापन संग्रहालय परिसर में धरती आबा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने कांग्रेस, राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा नहीं है। प्रधानमंत्री बनना है तो संसद का चुनाव जीतकर और जनता का जनादेश प्राप्त कर आना होगा। मॉक पार्लियामेंट आयोजित करने से कोई प्रधानमंत्री नहीं बन जाता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधान परिषद चुनाव में भी बेनकाब हो चुकी है। यह चुनाव बैलेट पेपर से हुआ, इसके बावजूद जनता ने कांग्रेस को नकार दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसद, उच्चतम न्यायालय और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उसकी राजनीति देश में भ्रम और अराजकता फैलाने पर केंद्रित हो गई है। ईवीएम पर सवाल उठाने वाले इंडी गठबंधन को बताना चाहिए कि इसी ईवीएम से चुनाव जीतकर उसके दलों के नेता झारखंड सहित अन्य राज्यों में मुख्यमंत्री बने हैं। फिर चुनाव प्रणाली के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन क्यों किया जा रहा है?

उरांव ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल भारत में बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसी राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति पैदा करना चाहते हैं।




उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है और यहां की जनता लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है। देश की जनता अराजकता नहीं, बल्कि विकास चाहती है। ऐसी सोच रखने वाले राजनीतिक दलों को जनता सत्ता से बाहर करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में मंईयां सम्मान योजना विफल साबित हो रही है और सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना होगा। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सरकार 2029 में अपनी करनी के कारण ही सत्ता से बाहर होगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि देश में अराजकता फैलाने वाली ताकतों के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प ले रहे हैं। एसआईआर की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि देश में अब तक 12 बार विशेष गहन पुनरीक्षण हो चुका है, जिनमें 10 बार कांग्रेस के नेतृत्व में यह प्रक्रिया हुई। उस समय कांग्रेस ने इसका विरोध नहीं किया। अब जब मतदाता सूची से मृत और अवैध मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया चल रही है, तो कांग्रेस विरोध कर रही है।

पटेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस चाहती है कि अवैध मतदाताओं और घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में बने रहें, जिससे कि उसे चुनावी लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चल रही है। इसमें सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि किसी भी वैध मतदाता का नाम नहीं कटेगा। नए मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं और मृत एवं अवैध मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 65 वर्षों के शासनकाल में देश की चिंता करने के बजाय सत्ता और परिवारवाद को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों के कल्याण और विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को एक गरीब परिवार से निकले व्यक्ति का प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की दिवंगत माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। कांग्रेस वोट चोरी का आरोप लगाकर एसआईआर का विरोध कर रही है। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए जाते, जबकि राजनीतिक लाभ नहीं मिलने पर चुनावी व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े किए जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि चुनावी व्यवस्था में गड़बड़ी होती, तो झारखंड में भाजपा की सरकार क्यों नहीं बनती?

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी अराजकता का माहौल बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राहुल गांधी, वंशवादी राजनीति, नक्सली विचारधारा और घुसपैठ देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। जनता को इन खतरों से अवगत कराना भाजपा का दायित्व है।

मरांडी ने कहा कि यह पदयात्रा कांग्रेस और विपक्षी दलों के कथित लोकतंत्र विरोधी रवैये को उजागर करने के लिए आयोजित की गई है। उनके अनुसार, विपक्ष स्वस्थ और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चाहता, इसलिए एसआईआर का विरोध कर रहा है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश की जनता राष्ट्रविरोधी ताकतों को जवाब दे रही है। राष्ट्र सेवा भाजपा कार्यकताओं का मूल सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता उन महापुरुषों और वीर सपूतों के वंशज हैं, जिनके पूर्वजों ने देश की आजादी और अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्ष किया। राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है।

## देवघर एयरपोर्ट पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का हुआ स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**रांची।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत सोमवार को देवघर पहुंचे। इस दौरान देवघर एयरपोर्ट पर उनके आगमन के दौरान न्यायिक और प्रशासनिक पदाधिकारियों की ओर से उन्हें बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही एयरपोर्ट परिसर में मुख्य न्यायाधीश को जैप-01 के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश रोंगोन मुखोपाध्याय, प्रधान जिला न्यायाधीश केके झा, झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजन अस्थाना, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल, डीआईजी अंबर लकड़ा, उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त सुलोचना मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मुख्य न्यायाधीश को बुके देकर उनका स्वागत और अभिवादन किया।




## चक्रवाती तूफान 'मुरासु' के प्रभाव से झारखंड में तीन और चार नवंबर को बारिश के आसार

बिभा संवाददाता

**रांची।** पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'मुरासु' के प्रभाव से तीन और चार नवंबर को झारखंड के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मुरासु पूर्व में आए तूफान अर्नब की तुलना में कमजोर है। यह फिलहाल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। तूफान चेन्नई (तमिलनाडु) से लगभग 200 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व, नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) से 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, मछलीपट्टनम से 270 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, कावली से 220 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व और ओंगोल से 260 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और सोमवार मध्यरात्रि से मंगलवार तड़के के बीच नेल्लोर और नरसापुर के बीच दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तट को पार करने की प्रबल संभावना है। इस दौरान हवा की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने तथा झोंकों के साथ 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है।

इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान भी लातेहार में 17.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इसके कारण दिन में उमस और गर्मी महसूस की गई। हालांकि, बादलों के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 29.2 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 23.2 डिग्री, डाल्टनगंज में 31 और 22.3 डिग्री, बोकारो में 29.5 और 23.1 डिग्री तथा चाईबासा में 31 और 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सोनिया गांधी ने लालू यादव से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के कार्यकाल की पुरानी यादें ताजा कीं और मनरेगा, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) तथा सूचना का अधिकार (आरटीआई) जैसे कानूनों के लागू होने से जुड़े अनुभव साझा किए। सोनिया ने लालू से उनकी बेटी एवं सांसद मीसा भारती के आवास पर मुलाकात की। लालू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि सोनिया गांधी उनके आवास पर पहुंचीं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान पुराने दिनों की यादें ताजा हुईं। लालू ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में युवाओं, किसानों, जवानों और आम आदमी के लिए पारदर्शी एवं जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। मनरेगा, आरटीई और आरटीआई जैसे कानूनों के माध्यम से देशवासियों को सशक्त बनाया गया।

# कृषि यंत्रीकरण से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धः संजीव सरदार

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर।** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने और खेती को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत भूमि संरक्षण विभाग कार्यालय में आयोजित कृषि यंत्रीकरण वितरण शिविर में पोटका विधायक संजीव सरदार की उपस्थिति में किसानों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत दो महिला स्वयं सहायता समूहों को 50 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर प्रदान किए गए। वहीं, एसएमए योजना के तहत विभिन्न लाभुकों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराए गए। व्यक्तिगत कृषि यंत्र योजना के तहत तीन लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर विभिन्न कृषि यंत्र दिए गए। इस पहल से किसानों को आधुनिक खेती के संसाधन उपलब्ध कराने के साथ कृषि कार्यों को आसान बनाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने किसानों को कहा कि कृषि यंत्रीकरण किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कृषि उपकरणों के उपयोग से किसानों का समय और श्रम बचेगा तथा खेती की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान पर ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध करा रही है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर कृषि उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से वास्तविक जरूरतमंद किसानों तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी जमशेदपुर ओम प्रकाश, जिला कृषि पदाधिकारी राम कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी रियाज अंसारी, सहायक कृषि अभियंता कृष्णकांत कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## रिम्स निदेशक डीके सिन्हा को मिला छह माह का सेवा विस्तार

**रांची।** राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची के निदेशक प्रो. (डॉ.) दिपेन्द्र कुमार सिन्हा को झारखंड सरकार की ओर से छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी की गई है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, डॉ. सिन्हा 1 नवंबर 2026 से 30 अप्रैल 2027 तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रिम्स निदेशक की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि रिम्स शासी परिषद की 66वीं बैठक में संस्थान के निदेशक को सेवा विस्तार देने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया था। डॉ. सिन्हा 31 अक्टूबर 2026 को अपनी निर्धारित सेवानिवृत्ति आयु पूरी कर चुके थे। संस्थान के प्रशासनिक, वित्तीय एवं शैक्षणिक कार्यों के सुचारु संचालन तथा चिकित्सा सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने उनकी सेवा अवधि में छह माह का विस्तार देने का निर्णय लिया है।

## मानगो में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार



बिभा संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारिब को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जवाहरनगर रोड नंबर-14 स्थित फॉरेस्ट एरिया में छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 64 पुड़िया ब्राउन शुगर और 530 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामद ब्राउन शुगर का कुल वजन 4.93 ग्राम है। सोमवार को सिटी एसपी ललित मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस कार्रवाई की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एक नवंबर की शाम एसएसपी को सूचना मिली थी कि जवाहरनगर रोड नंबर-14 के फॉरेस्ट एरिया में अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उनके निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के तहत सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय-1) के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया। टीम ने मानगो थाना पुलिस और सशस्त्र बल के साथ रात करीब आठ बजे चिह्नित स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की।

इस दौरान एक शेड के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। दंडाधिकारी की उपस्थिति में तलाशी लेने पर पहले युवक मनमीत सिंह (20), पिता गुरदीप सिंह, निवासी खानकाह, कुँवर सिंह रोड के पास, ओलीडीह के पास से 36 पुड़िया ब्राउन शुगर, जिसका वजन 2.82 ग्राम था, तथा 310 रुपये नकद बरामद हुए। वहीं, दूसरे युवक आनंद राज विद्यार्थी उर्फ जोंटी (24), पिता मृत्युंजय प्रसाद सिंह, निवासी आदर्श नगर रोड नंबर-4, डिमना रोड, ओलीडीह के पास से 28 पुड़िया ब्राउन शुगर, जिसका वजन 2.11 ग्राम था, और 220 रुपये नकद मिले।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय-1), मानगो थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद जफर अली, रविशंकर कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुजूर तथा आरक्षी बलराम गोप और शहवाज आलम शामिल थे।

# संक्षिप्त खबरें

## दक्षिण पूर्व रेलवे चलाएगा चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें, टाटानगर-लाभा के बीच भी चलेगी पूजा स्पेशल



**जमशेदपुर(बिभा)।** दीपावली और लोकआस्था के महापर्व छठ के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। यात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने चार जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इस फैसले के तहत टाटानगर से लाभा के बीच भी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा, जिससे पर्व-त्योहारों में घर जाने वाले रेल यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। रेलवे द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 08181 (टाटानगर-लाभा स्पेशल) टाटानगर से 5, 12 और 19 नवंबर को दोपहर 1:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन तड़के 4:50 बजे लाभा पहुंचेगी। वहीं वापसी दिशा में, गाड़ी संख्या 08182 (लाभा-टाटानगर स्पेशल) लाभा स्टेशन से 6, 13 और 20 नवंबर को सुबह 5:20 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 11:50 बजे टाटानगर पहुंचेगी। मार्ग में यह पूजा स्पेशल ट्रेन चांडिल, मुरी और बोकारो स्टील सिटी सहित दोनों दिशाओं में निर्धारित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को भी इस सुविधा का सीधा लाभ मिल सकेगा।

## पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करे सरकार, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : जगदीश गुप्ता



**तमाड़(बिभा)।** प्रखंड क्षेत्र में विधवा, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन के भुगतान में हो रही देरी से लाभुकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पिछले सात-आठ महीनों से पेंशन मिलने का इंतजार कर रहे सारजमडीह और बीरगांव पंचायत के बुजुर्ग सोमवार को अपनी समस्याएं लेकर तमाड़ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। बुजुर्गों को उम्मीद थी कि इस बार उनकी समस्या का समाधान होगा, लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में मौजूद नहीं रहने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद निराश होकर सभी बुजुर्गों को वापस घर लौटना पड़ा। आजसू नेता जगदीश गुप्ता ने बताया कि पेंशन की आस में 80 से 90 वर्ष तक के बुजुर्ग कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। उन्हें हर महीने उम्मीद रहती है कि इस बार पेंशन की राशि खाते में आ जाएगी, लेकिन इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। जगदीश गुप्ता ने कहा कि कई बुजुर्ग ऐसे हैं, जिन्हें ठीक से चलने-फिरने में भी परेशानी होती है। इसके बावजूद वे अपनी समस्याएं लेकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि जब सरकार सक्षम और जरूरतमंद लोगों को हर महीने 2500 रुपये देने की व्यवस्था कर सकती है, तो गरीब, असहाय, विधवा, वृद्ध और दिव्यांग लाभुकों को मिलने वाली 1000 रुपये की पेंशन नियमित रूप से क्यों नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि गरीब बुजुर्गों के लिए एक हजार रुपये भी काफी मायने रखते हैं। उन्होंने सरकार एवं प्रशासन से सभी लंबित पेंशन का जल्द भुगतान कराने और हर महीने समय पर पेंशन देना सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि पेंशन भुगतान की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आजसू पार्टी लाभुकों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## दिनेश वी. गणवीर ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के 55वें महानिदेशक के रूप में पदभार संभाला



**रांची (बिभा):** दिनेश विठ्ठलराव गणवीर ने खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के 55वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है। भूवैज्ञानिक जांच, खनिज अन्वेषण, इंजीनियरिंग भूविज्ञान और प्रशासनिक नेतृत्व के क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले गणवीर ने खनिज सुरक्षा, वैज्ञानिक उत्कृष्टता और तकनीकी उन्नति को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया है। गणवीर ने आरटीएम नागपुर विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने के बाद एक जुलाई 1994 को जीएसआई में सेवा शुरू की थी। अपने 32 वर्षों से अधिक के सेवाकाल में उन्होंने मध्य, पूर्वोत्तर और उत्तरी क्षेत्रों में विभिन्न वैज्ञानिक, तकनीकी एवं प्रशासनिक पदों पर कार्य किया। महानिदेशक बनने से पहले वे नागपुर स्थित मध्य क्षेत्र में अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही राष्ट्रीय मिशन प्रमुख-ई का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। उनके प्रमुख योगदानों में पश्चिमी बस्तर क्रेटन में भूवैज्ञानिक मानचित्रण, महाराष्ट्र के साकोली फोल्ड बेल्ट में सोने और हीरे का अन्वेषण तथा भीमबेटका शैलाश्रयों और एलोरा गुफाओं के संरक्षण से संबंधित भूवैज्ञानिक अध्ययन शामिल हैं।

## साइबर अपराधियों को फर्जी सिम बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, जियो कर्मी सहित तीन गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर।** साइबर अपराधियों को अवैध तरीके से सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले एक गिरोह का बिष्टुपुर साइबर अपराध थाना पुलिस ने पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बमार्माइंस निवासी रौनक कुमार (19), गोलमुरी निवासी सन्नी कुमार साव (19) और टेल्को निवासी जियो कंपनी के कर्मचारी प्रकाश कुमार (33) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच मोबाइल फोन और नौ सिम कार्ड बरामद किए हैं। सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि दूरसंचार विभाग से वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारिब को कुछ पीओएस एजेंटों की साइबर अपराधियों के साथ मिलीभगत की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान रौनक कुमार, सन्नी कुमार साव और जियो कंपनी के कर्मचारी प्रकाश कुमार की भूमिका सामने आई। तीनों की मिलीभगत से ऐसे सिम कार्ड जारी और सक्रिय किए जा रहे थे, जिनका संबंध साइबर अपराध की शिकायतों से पाया गया है। इनमें चक्षु और एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतें भी शामिल हैं।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी सिम कार्ड खरीदने वाले सीधे-सादे और कम पढ़े-लिखे लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। सिम जारी करने की प्रक्रिया के दौरान धोखे से दो या उससे अधिक बार केवाईसी कराकर अतिरिक्त सिम कार्ड सक्रिय कर लेते थे। ग्राहकों को एक सिम कार्ड देने के बाद दूसरा सिम साइबर अपराधियों को मोटी रकम लेकर बेच देते थे। इन सिम कार्डों का इस्तेमाल देश के विभिन्न हिस्सों में वित्तीय धोखाधड़ी, बैंक खातों से ठगी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में किया जा रहा था।

इस संबंध में बिष्टुपुर साइबर अपराध थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आईटी एक्ट और दूरसंचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार, इंस्पेक्टर अमित अभिषेक, चेतन बैरागी, पंकज निषाद, रमेश कुमार राजवार, प्रदीप खलखो, रूपेश कुमार कोठारी और अनुसंधानकर्ता प्रदीप वर्मा शामिल थे।

## सिल्ली से मुरी तक उड़ती धूल से जनजीवन बेहाल, दुकानदार और राहगीर परेशान



**सिल्ली:** सिल्ली से मुरी तक मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति और उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन भर सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही से इतनी धूल उड़ती है कि दुकानों में रखा सामान धूल से ढक जाता है और दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सुबह सफाई करने के कुछ देर बाद ही दुकानें फिर धूल से भर जाती हैं। कई दुकानदारों को श्वास संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उड़ती धूल से आंखों में जलन, और दृश्यता कम होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। राहगीरों ने बताया कि बिना हेलमेट और मास्क के इस सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाए और सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि धूल की समस्या से निजात मिल सके।

## जमशेदपुर पश्चिम में 98 सोलर और स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं, सोनारी की 27 खराब लाइटों की भी हुई मरम्मत

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में विधायक सरयू राय के निर्देश पर विभिन्न इलाकों में 98 सोलर एवं स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। इनमें 87 सोलर लाइटें और 11 स्ट्रीट लाइटें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सोनारी क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़ी 27 लाइटों की मरम्मत कर उन्हें पुनः स्थापित किया गया है। इससे संबंधित मोहल्लों और बस्तियों में रात्रिकालीन आवागमन तथा सुरक्षा की दृष्टि से रोशनी की व्यवस्था बेहतर होगी। जनसुविधा प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) नीरज सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में आवश्यकता और स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप लाइटें लगाई गई हैं। सोलर लाइटों का प्रतिष्ठापन खड़कई पुल के पास दो, कदमा ईसीसी फ्लैट के पास दो, जमुना पथ पर चार, अनिल सूर पथ ए रोड में तीन, कैलाशनगर छठघाट के पास चार, न्यू ग्वालाबस्ती में 11, कपाली बस्ती में 10, कागलनगर न्यू बस्ती में सात तथा गांधी रोड से काली मंदिर रोड के बीच आठ स्थानों पर किया गया।

इसी क्रम में मानगो के वार्ड नंबर एक में सात, शिवनगर, उलीडीह के संजय पथ और अविनाश नगर में कुल 10, वार्ड नंबर 33 में आठ, वार्ड नंबर 31 में दो तथा वार्ड नंबर 32 में नौ सोलर लाइटें लगाई गईं।

श्री सिंह ने बताया कि इसके अलावा अम्बे पथ, वार्ड नंबर एक में चार और मून सिटी रोड में सात स्ट्रीट लाइटों का प्रतिष्ठापन किया गया। इस प्रकार कुल 98 नई लाइटें लगाई गई हैं। सोनारी में खराब पड़ी 27 लाइटों की मरम्मत कर उन्हें भी दोबारा चालू किया गया है। लाइटों के प्रतिष्ठापन के दौरान रणजीत प्रसाद, राजकुमार सिंह, चुन्नू भूमिज, तारक मुखर्जी, मनोज सिंह, शंकर राय, कुंअर अतुल सिंह, उषा यादव, पप्पू सिंह, शेषनाथ पाठक, विकास साहनी, रविशंकर सिंह, प्रेम सक्सेना, रवि ठाकुर, अजय कुमार, टुनटुन सिंह, शशांक, गौरव नागी, विनोद सिंह (मानगो), लक्ष्मण ठाकुर, बलराम धीवर, विनोद सिंह (सोनारी), रौशन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य प्रदीप सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में फ्रेशर्स डे समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

बिभा संवाददाता



**जमशेदपुर :** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट द्वारा नए सत्र के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स डे समारोह का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय परिवार में स्वागत करना तथा उन्हें एक सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण शैक्षणिक वतावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. एन. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. याह्या मजूमदार उपस्थिति थे। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय महतो ने कहा कि विश्वविद्यालय जीवन केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता एवं टीम भावना विकसित करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर एवं मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही, जिसमें विभिन्न चरणों के बाद श्री पृथ्वीराज प्रधान को मिस्टर फ्रेशर तथा सुश्री सुप्रिया उपाध्याय को मिस फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया गया। विजेताओं की घोषणा होते ही पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फ्रेशर्स डे समारोह ने श्रीनाथ विश्वविद्यालय की जीवंत एवं समावेशी शैक्षणिक और सांस्कृतिक परंपरा को भी प्रदर्शित किया।

## फर्जी योजनाओं का झांसा देकर महिलाओं से 4.20 लाख रुपये की ठगी का आरोप, कार्रवाई की मांग

बिभा संवाददाता



**बुंडू।** झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं और विकास परियोजनाओं का प्रलोभन देकर बुंडू अनुमंडल क्षेत्र की सैकड़ों गरीब महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोमवार को पीड़ित महिलाओं और ग्रामीणों ने बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर मुख्य आरोपी बादल करमाली और उसके सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बादल करमाली नामक व्यक्ति ने आदिवासी पाहन बाबा सेवा समिति के नाम पर कथित रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का झांसा दिया और महिलाओं से पैसे की वसूली की। आरोप के अनुसार, बुंडू प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में बकरी पालन योजना के नाम पर करीब 400 महिलाओं से प्रति महिला 500 रुपये की दर से कुल दो लाख रुपये वसूले गए। इस राशि का संग्रह शेफाली देवी (ग्राम रेलाडीह) के माध्यम से नकद और ऑनलाइन किया गया।

वहीं, सोनाहातू प्रखंड में धरनी देवी (ग्राम बाकू) के माध्यम से बकरी पालन, यूएनडीपी और ग्रामीण विकास परियोजना के नाम पर करीब 1.50 लाख रुपये की वसूली का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा सोनाहातू की दुलमी पंचायत में अर्चना देवी के माध्यम से नारी पेड बैंक के नाम पर करीब 70 हजार रुपये लिए जाने की बात कही गई है। इस राशि के एवज में रसीद भी दिए जाने का दावा किया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर मुख्य आरोपी बादल करमाली फोन नहीं उठा रहा है और न ही संदेशों का जवाब दे रहा है। इससे पीड़ित महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से ठगी गई राशि की रिकवरी कराकर पीड़ितों को वापस दिलाने की मांग की है।

### जांच कर कार्रवाई का मिला आश्वासन

सोमवार को धरनी देवी, शेफाली देवी, अर्चना देवी और ललिता देवी सहित अन्य पीड़ित ग्रामीण एवं महिलाएं बुंडू अनुमंडल कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों को अपनी शिकायत से अवगत कराया। अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यह मामला फिलहाल पीड़ितों की ओर से लगाए गए आरोपों पर आधारित है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और प्रशासनिक जांच होनी बाकी है।

## केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल उरांव से सामाजिक कार्यकर्ता अंजली कच्छप ने की शिष्टाचार मुलाकात

बिभा संवाददाता



**बेड़ो:** प्रखंड क्षेत्र के जरिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अंजली कच्छप ने सोमवार को रांची प्रवास के दौरान माननीय केंद्रीय जनजातीय मंत्री श्री जुएल उरांव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जनजातीय समाज के विकास, अधिकारों, शिक्षा, सामाजिक उत्थान एवं समुदाय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। अंजली कच्छप ने मंत्री जी से मार्गदर्शन एवं स्नेह प्राप्त किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री जुएल उरांव ने कहा कि जनजातीय समाज का सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तीकरण बेहद महत्वपूर्ण है। समाज के लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए। जनजातीय समुदाय के उत्थान में सामाजिक कार्यकताओं की भूमिका भी अहम है।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अंजली कच्छप ने कहा कि केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करना उनके लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। इस दौरान जनजातीय समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करने और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के अधिकारों, सम्मान और सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर सामाजिक स्तर पर अपनी भूमिका निभाती रहेंगी।

उन्होंने मंत्री श्री जुएल उरांव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका स्नेह और मार्गदर्शन भविष्य में सामाजिक कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

### सीजेआई सूर्यकांत ने झारखंड उच्च न्यायालय के डेटा सेंटर का किया उद्घाटन

# डिजिटल सिस्टम से जस्टिस सिस्टम को बल मिलेगा : सीजेआई सूर्यकांत

बिभा संवाददाता

**रांची।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत सोमवार की रात रांची के धुर्वा स्थित झारखंड उच्च न्यायालय पहुंचे। यहां उन्होंने 35 करोड़ रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक डेटा सेंटर का उद्घाटन किया। इस डेटा सेंटर से झारखंड उच्च न्यायालय के साथ राज्य की अधीनस्थ अदालतों का डिजिटल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। डिजिटल रिकॉर्ड की सुरक्षा, न्यायिक सूचनाओं तक आसान पहुंच और न्यायिक कामकाज में तकनीक के बेहतर इस्तेमाल की दिशा में इसे अहम पहल माना जा रहा है। इस मौके पर उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर, न्यायाधीश अपरेश सिंह और झारखंड उच्च न्यायालय से चीफ जस्टिस एमएस सोनक, जस्टिस आनंद सेन मौजूद रहे।



झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश महेश शरदचंद्र सोनक ने सीजेआई सूर्यकांत को पौधा देकर अभिवादन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस सोनक ने कहा कि डेटा सेंटर के उद्घाटन के मौके पर सीजेआई का मौजूद होना, गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कहा कि आज की बचत भविष्य को सुरक्षित बनाती है, लेकिन डेटा में इतिहास सुरक्षित रहता है। साथ ही उन्होंने कहा झारखंड के दो लाल न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश अपरेश सिंह उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश हैं।

उद्घाटन समारोह में हाईकोर्ट और जिला अदालतों के लिए आइओएस मोबाइल एप तथा ऑनलाइन सर्टिफाइड कॉपी मॉड्यूल भी लॉन्च की गई। इससे न्यायिक सेवाओं को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। अधिवक्ताओं के लिए पर्सनलाइज्ड कॉज लिस्ट की सुविधा भी शुरू होगी। इसके साथ ही सीजेआई ने झारखंड हाईकोर्ट की नई आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की। इसके अलावा ड्रैगन स्पीच-टू-टेक्स्ट सॉफ्टवेयर कीट भी लॉन्च किया गया।

सीजेआई ने कहा कि ड्रैगन स्पीच-टू-टेक्स्ट से ज्यूडिशियल ऑफिसर को ऑर्डर, जजमेंट या अन्य डॉक्यूमेंटेशन में सहूलियत मिलेगी। डिजिटल सिस्टम से जस्टिस सिस्टम को बल मिलेगा, इससे न्याय में बाधा उत्पन्न नहीं होगी। जस्टिस आनंद सेन ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

#### ये हैं छह प्रमुख डिजिटल सुविधाएं

**नई वेबसाइट:** उपयोगकताओं के लिए सुलभ और आधुनिक वेब पोर्टल।
ऑनलाइन प्रमाणित प्रति आवेदन: घर बैठे प्रमाणित प्रतियों के लिए आवेदन की सुविधा।
**आईओएस मोबाइल ऐप:** आईफोन यूजर्स के लिए -केस स्टेटस, फैसले और कॉज लिस्ट देखने की सुविधा।
**पर्सनलाइज्ड कॉज लिस्ट:** अधिवक्ताओं के लिए अपनी कॉज लिस्ट सुरक्षित रखने का विकल्प।
**ड्रैगन स्पीच-टू-टेक्स्ट सॉफ्टवेयर:** न्यायिक अधिकारियों के लिए बोलकर आदेश/फैसले ड्राफ्ट करने की सुविधा।
**सुप्रीम टूडे एआई सॉफ्टवेयर:** जटिल कानूनी शोध को आसान बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सॉफ्टवेयर।

## भाजपा की पदयात्रा महज एक राजनीतिक फोटोशूट है : कमलेश

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भाजपा की सोमवार को आयोजित हुई लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा की यह पदयात्रा सिर्फ राजनीतिक फोटोशूट है।

उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा लोकतंत्र बचाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं है। भाजपा का लोकतंत्र प्रेम पूरी तरह दिखावटी है। यदि भाजपा वास्तव में लोकतंत्र बचाना चाहती है और देश से अराजकता हटाना चाहती है, तो उसे सबसे पहले चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे गंभीर सवालों का जवाब देना चाहिए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेने की मांग करनी चाहिए। कमलेश ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर किस लोकतंत्र को बचाने और किस अराजकता को हटाने की बात वह कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस देश में मतदाताओं के मताधिकार पर सवाल उठ रहे हों, चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता संदेह के घेरे में हो और विपक्ष लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही की मांग कर रहा हो, वहां भाजपा की पदयात्रा जनता की आंखों में धूल झोंकने के अलावा कुछ नहीं है।

## गम्हरिया थाना प्रकरण: राष्ट्रीय महिला आयोग के हस्तक्षेप का भाजपा ने किया स्वागत, त्वरित न्याय की मांग

बिभा संवाददाता



**रांची।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना परिसर में महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संज्ञान लिए जाने का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को निष्पक्ष व समयबद्ध जांच करने, पीड़िता को कानूनी व चिकित्सकीय सहायता देने और सात दिनों में विस्तृत कार्रवाई प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया है, जिस पर राज्य सरकार को फौरन ठोस कदम उठाने चाहिए।

श्री साहू ने कहा कि जिस थाने में महिला न्याय और सुरक्षा की उम्मीद लेकर पहुंची थी, वहीं इस तरह की जघन्य वारदात होना राज्य की कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के साथ-साथ मामले की निष्पक्ष जांच और साक्ष्यों का सुरक्षित संरक्षण बेहद जरूरी है, ताकि कोई भी दोषी पद या वर्दी की आड़ में बच न सके। साथ ही उन्होंने पीड़िता को पूरी सुरक्षा व न्यायिक मदद देने और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें


### जरूरतमंद परिवारों के बीच 300 प्रेशर कुकर का वितरण



**रांची(बिभा)।** सामाजिक सरोकार के तहत रांची समारिटन राउंडटेबल-244 और लेडीज सर्कल-169 की ओर से सोमवार को रतन लाल जैन स्मृति भवन में जरूरतमंद परिवारों के बीच 300 प्रेशर कुकर वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में समृद्धि सेल्स ने सहयोग किया। इस अवसर पर संस्था के सिटी चैप्टर प्रचार-प्रसार समन्वयक पौरुष जैन ने बताया कि राउंडटेबल इंडिया और लेडीज सर्कल इंडिया शिक्षा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं। संस्था ने हटिया की हजाम बस्ती में पारसनाथ पब्लिक स्कूल और खूंटी में एनडी ग्रोवर स्कूल की स्थापना में योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि संस्था देशभर में अब तक 10 हजार से अधिक क्लासरूम का निर्माण करा चुकी है। पौरुष जैन ने बताया कि करमटोली चौक पर ट्रैफिक पुलिस के लिए अत्याधुनिक स्मार्ट मॉड्यूलर ट्रैफिक पोस्ट का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिसका काम अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' के तहत वंचित बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना और जरूरतमंद समुदायों की सहायता करना है। कार्यक्रम में राउंडटेबल रांची-244 के चेयरमैन संदीप खेमका, वाइस चेयरमैन पौरुष जैन, सचिव अविराज अग्रवाल, अविनाश जैन, लेडीज सर्कल-169 की चेयरपर्सन अंशु गुप्ता, निखिल जैन और स्नेहा जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### एनएचएआई ने सुरक्षित सफर के लिए आमजन से की अपील: राजमार्गों पर आवारा पशु दिखें तो तुरंत 1033 पर दें सूचना



**रांची(बिभा)।** राष्ट्रीय राजमार्गों एवं एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा को पुख्ता करने और दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से विशेष सहयोग की अपील की है। एनएचएआई ने सड़क उपयोगकताओं से आग्रह किया है कि वे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं अथवा किसी भी जानवर की मौजूदगी दिखने पर बिना किसी देरी के तत्काल आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1033 पर सूचित करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समय रहते आवारा पशुओं को हाईवे से हटाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना और यात्रियों को सुरक्षित व सुगम सफर उपलब्ध कराना है। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी संतोष कुमार आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा मवेशियों का अचानक आ जाना गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बनता है। ऐसे में हादसों की रोकथाम के लिए आम नागरिकों और वाहन चालकों की सजगता व सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि 1033 पर सूचना मिलते ही एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक कदम उठाएगी। प्राधिकरण ने सभी सड़क उपयोगकताओं से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और हेल्पलाइन पर जानकारी साझा कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### स्पीकर से मिला पीए-पीएस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**रांची(बिभा)।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) रविंद्रनाथ महतो से मंगलवार को पीए-पीएस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और संस्था का प्रतीक चिह्न देकर एसोसिएशन की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि झारखंड के सभी विधायकों, मंत्रियों और सांसदों के कार्यरत निजी सहायकों (पीए) एवं आप्त सचिवों (पीएस) को एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से एसोसिएशन का गठन किया गया है। इस मंच से जनप्रतिनिधियों से जुड़े विधायी कार्यों और सदन की कार्यवाही के निष्पादन में सहयोग करने वाले निजी सहायक एवं आप्त सचिव जुड़े हैं। इस दौरान स्पीकर ने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने विधायक जीवन के विभिन्न अनुभव भी सदस्यों के साथ साझा किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष से मिलनेवाले प्रतिनिधिमंडल में दीपेश कुमार निराला के अलावे उपाध्यक्ष विजय, महासचिव पवन कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, सचिव दिनेश चंद्र प्रमाणिक सहित अन्य शामिल थे।

## झारखंड में दवाओं की कीमतों पर निगरानी के लक्ष्य का 97 प्रतिशत हासिल

### शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को दिए तेजी लाने के निर्देश- 2030-31 तक जारी रहेगा पीएमआरयू कार्यक्रम

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में दवाओं की कीमतों पर निगरानी और उचित मूल्य पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में फार्मास्यूटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट (पीएमआरयू) ने 97 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। शेष लक्ष्य पूरा कर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

यह निर्देश सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की



अध्यक्षता में आयोजित पीएमआरयू की शासी निकाय की बैठक में दिया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने बताया कि भारत सरकार ने पीएमआरयू कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2030-31 तक विस्तारित करने की स्वीकृति दी है। उन्होंने सभी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूलने, दवाओं के दाम में अनियमित वृद्धि और बाजार में उनकी उपलब्धता की नियमित निगरानी पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने और नियमों का उल्लंघन करने के मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

अपर मुख्य सचिव ने आम लोगों को जागरूक करने के लिए ह्यफार्मा सही दामह्न मोबाइल ऐप का प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता दवाओं की कीमत, संरचना और उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं।

बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक (औषधि) ऋतु सहाय, सहायक निदेशक राम कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम ने सुदेश कुमार महतो से की शिष्टाचार मुलाकात

बिभा संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के राँची के बुकरू स्थित आवास पर पहुँचकर उनसे औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में सार्थक संवाद हुआ।

मुलाकात के दौरान झारखंड के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य एवं भविष्य की संभावनाओं, जनजातीय कल्याण से जुड़े विषयों तथा राज्य और क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर श्री सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय मंत्री को भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, विचारों और आदर्शों से प्रेरित उलगुलान फाउंडेशन की पहल से अवगत कराया। उन्होंने फाउंडेशन की विचारधारा, उद्देश्य और कार्यशैली की भी विस्तार से जानकारी दी। श्री जुएल ओराम ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान गिरिडीह के सांसद श्री चंद्रप्रकाश चौधरी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए एनएचएम झारखंड और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच 3 वर्षीय एमओयू

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूती प्रदान करने, स्वास्थ्य प्रशासन को बेहतर बनाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), झारखंड और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। तीन वर्ष के इस रणनीतिक सहयोग के तहत राज्य के 13 जिलों में संस्थागत क्षमताओं के संवर्धन के साथ-साथ तकनीकी और कार्यान्वयन संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस साझेदारी के अंतर्गत टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में अपनी बहुचर्चित 'मानसी+' पहल को निरंतर जारी रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, 'प्रोजेक्ट स्वस्थ' के माध्यम से दुमका, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा सहित 10 अन्य जिलों में एनएचएम और राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को रणनीतिक, तकनीकी-प्रबंधकीय और पर्यवेक्षीय सहयोग दिया जाएगा।

यह संयुक्त पहल छह प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रहेगी, जिनमें स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्तर पर सेवा वितरण, स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य कार्यबल का सुदृढ़ीकरण, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और स्वास्थ्य वित्तपोषण शामिल हैं। इसके साथ ही मातृ, नवजात, बाल व किशोर स्वास्थ्य एवं पोषण के परिणामों को बेहतर बनाने हेतु डिजिटल उपकरणों और नवाचारों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

एमओयू पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. प्रभात कुमार और टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) देबदूत मोहंती ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनएचएम झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा (आईएएस) सहित राज्य सरकार, एनएचएम और टाटा स्टील फाउंडेशन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन और आम जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**रांची :** समाहरणालय परिसर में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में रांची जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों ने भूमि विवाद, पंजी-2 सुधार, दाखिल-खारिज, दखल-कब्जा, एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और कनेक्शन से जुड़े मामलों पर उपायुक्त ने आम नागरिकों को तत्काल राहत के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बाजार से 5 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर लेने का सुझाव दिया तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को समस्या का स्थाई समाधान निकालने का निर्देश दिया। वहीं, सोनाहातू में बाजार समिति की जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को सरकारी भूमि को तत्काल संरक्षित कर अवैध कब्जाधारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया।

सामाजिक सुरक्षा के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन योजना में हो रहे विलंब पर उपायुक्त ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले के लगभग 50 प्रतिशत लाभुकों के खातों में पेंशन की राशि भेजी जा चुकी है। शेष मामलों में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर किया जा रहा है और अगले कुछ ही दिनों में उनके खातों में भी राशि का हस्तांतरण कर दिया जाएगा।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों (सीओ) और प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को सख्त निर्देश दिए कि जनता के आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करें, ताकि लोगों को सरकारी दफ्तरों के बेवजह चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी पाटना उनकी प्राथमिकता है और समस्याओं का समाधान केवल फाइलों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी)/राँची, दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **सूचना सं.: डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-86-2026, कार्य का नाम:** राँची मंडल में दो वर्षों के लिए ठंड, मानसून और गर्मी के मौसम में पेट्रोलिंग (गश्त) हेतु पेट्रोलमैन (पहरा लगाने वाले व्यक्ति) की आउटसोर्सिंग, **निविदा मूल्य :** रु. 10,04,04,784.34 , **बयाना राशि :** रु. 6,52,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 10,000/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 25.11.2026 को 15.00 बजे । निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते है। **(PR-961)**

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-आसनसोल, 713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **खुली निविदा सूचना संख्या : 78-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 29.10.2026, कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल:- निम्नलिखित के संबंध में एस एंड टी कार्य i) सीतारामपुर-झाझा खंड में जैकेटिंग के साथ ब्रिज नंबर 643/अप और डाउन के ब्रॉड गेज मेन लाइन स्टैंडर्ड गर्डर को बदलना एवं अन्य सहायक कार्य। ii) आसनसोल-खाना खंड में कालीपहाड़ी-दामोदर जंक्शन के बीच ब्रिज नं. 2डीके की रीगर्डरिंग के साथ अन्य सहायक कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु.26,74,994.03, **बयाना राशि:** रु.53,500/-**कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 20.11.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: **http://www. ireps.gov.in/**
ASN-308/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या : 33-MCW-RIRO-2026-27 धनबाद दिनांक : 31.10.2026
वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS portal में आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम : अनुलगन्क के अनुसार, धनबाद मंडल के अंतर्गत धनबाद, गोमो, बरकाकाना, चोपन, बरवाडीह एवं कोडरमा स्टेशनों पर रोलिंग इन/रोलिंग आउट (RIRO) कैमरों की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं फिटमेंट। 2. संविदा की अवधि : 5 महीना। 3. कार्य-स्थान : धनबाद (DHN), नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमो (GMO), बरकाकाना (BRKA), चोपन (CPU), बरवाडीह (BRWD) एवं कोडरमा (KQR)। 4. अनुमानित बोली मूल्य : मात्र ₹75,10,917.38/- (रूपये पचहत्तर लाख दस हजार नौ सौ सत्रह और पैसे अड़तीस मात्र)। 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य)। 6. बयाना राशि (निविदा सुचना के तदनुसार): केवल ₹1,50,200/- रूपये (एक लाख पचास हजार दो सौ)। 7. ई-निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : तारीख 09.11.2026 से 23.11.2026 को 11:00 बजे तक। 8. ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 23.11.2026 को 11:30 बजे। 9. वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in (ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)
वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/1249/डीएचएन/यां./टी/26-27/44

# बोकारो में बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकिल बरामद

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिले में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक ऑटो और तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

पुलिस के अनुसार, सेक्टर-1/बी, बीएस सिटी निवासी श्रीकान्त कुमार के लिखित आवेदन पर उनकी मोटरसाइकिल (नंबर लफ्26इठ-0525) चोरी होने के मामले में सेक्टर-4 थाना कांड संख्या 85/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, बोकारो के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (नगर), बोकारो के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने अनुसंधान के दौरान मिले सुरागों के आधार पर तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में पप्पू सिंह (32 वर्ष), पिता लक्ष्मण सिंह, निवासी शांतिनगर, जैनामोड़, जिला बोकारो; अमरेन्द्र गोस्वामी (39 वर्ष), पिता दिलीप गोस्वामी, निवासी सेक्टर-सी, आवास संख्या 2-135, बीएस सिटी, बोकारो तथा नारायण तुरी (36 वर्ष), पिता गुही तुरी, निवासी ग्राम बरमसिया, पोस्ट गांगजोरी, थाना जरीडीह, जिला बोकारो के रूप में हुई है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर दिनांक 2 नवंबर 2026 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक ऑटो (नंबर खल्09इए-8334) तथा तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस बरामद वाहनों के संबंध में आगे की जांच कर रही है। साथ ही चोरी की अन्य घटनाओं में आरोपियों की संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।

छापेमारी दल में सेक्टर-4 थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक नितिश कुमार, बीएस सिटी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार विक्रम सिंह, सहायक अवर निरीक्षक सुनील मनोहर, आरक्षी मुकेश कुमार राय (1070), संजय कुमार, अजित मिश्रा, मंजय कुमार सिंह एवं सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह शामिल थे।

पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है।

## बेकाबू बाइक ने बरपाया कहर, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

बिभा संवाददाता



**बोकारो.** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के लाल चौक-चेकपोस्ट के समीप रविवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. तीनों पिलपिलो में आयोजित फुटबॉल मैच के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर अपने घर लौट रहे थे. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को डीवीसी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया.

घायलों की पहचान रोहित कुमार महतो (पेक नारायणपुर), प्रवीण कुमार महतो (कोठी पोखरिया) और राजकुमार महतो (ऊच्चाघना, विष्णुगढ़, हजारीबाग) के रूप में हुई है. हादसे में एक युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी है और काफी खून बहने के कारण उसकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है.

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी. स्थानीय लोगों ने तत्काल तीनों घायलों को उठाकर नजदीकी डीवीसी अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया.

हादसे की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे. तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों में चिंता का माहौल रहा. पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है. दुर्घटना के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

## संक्षिप्त खबरें

### आद्रा रेलवे स्टेशन पर ऊर्जा संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान, यात्रियों को बिजली बचाने का संदेश




**बोकारो(बिभा)** । दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल की ओर से ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक-2026 के तहत सोमवार को आद्रा रेलवे स्टेशन पर ऊर्जा संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। 1 से 7 नवंबर तक आयोजित इस अभियान के माध्यम से यात्रियों एवं रेलकर्मियों को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और बिजली की अनावश्यक खपत रोकने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान की इस दिन की थीम ऊर्जा बचाएं : उपयोग में नहीं होने पर लाइट एवं विद्युत उपकरण बंद रखें रही। इस दौरान यात्रियों को दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण की छोटी-छोटी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आवश्यकता नहीं होने पर लाइट, पंखे एवं अन्य विद्युत उपकरणों को बंद रखने की अपील की गई। आद्रा रेलवे स्टेशन पर आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रेलकर्मियों ने लोगों को ऊर्जा की बचत के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि बिजली का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग न केवल ऊर्जा संसाधनों को बचाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के माध्यम से मिशन लाइफ के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे का आद्रा मंडल ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक-2026 के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से यात्रियों एवं रेलकर्मियों को ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है।

### कसमार की मिठाई दुकान बनी चर्चा का केंद्र, पहले सीएम फिर पहुंचे डीसी अजय नाथ झा



**कसमार (बिभा):** कसमार चौक स्थित गोपी कृष्ण जायसवाल एवं कुणाल जायसवाल की मिठाई दुकान इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दुकान पहुंचने के बाद इसकी पहचान बढ़ी है। मुख्यमंत्री के आगमन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दुकान में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी और कारोबार में भी इजाफा हुआ। सोमवार को प्रखंड निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा भी दोबारा इस दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदार बंधुओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान गोपी कृष्ण एवं कुणाल जायसवाल ने मुख्यमंत्री के आगमन की यादगार तस्वीर दिखाई और उस खास मुलाकात का अनुभव साझा किया। दुकानदारों ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन के बाद दुकान को नई पहचान मिली है और दूर-दराज से भी ग्राहक पहुंच रहे हैं। उपायुक्त ने आत्मीयता से बातचीत करते हुए उनके कारोबार की बेहतरी के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री के बाद उपायुक्त का दोबारा दुकान पहुंचना दुकानदार बंधुओं के लिए एक और यादगार पल बन गया।

### सरायकेला की घटना के विरोध में भाजपा बोकारो नगर ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



**बोकारो(बिभा)।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र में महिला के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा कथित बर्बरता एवं दुष्कर्म के प्रयास की घटना के विरोध में भाजपा बोकारो नगर की ओर से सोमवार को सेक्टर-4 स्थित अंबेडकर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में भाजपा कार्यकताओं के साथ सैकड़ों स्थानीय लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बोकारो नगर अध्यक्ष विशाल गौतम ने की। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है और जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो आम जनता का भरोसा व्यवस्था से उठने लगता है। वक्ताओं ने थानों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेताओं ने मांग की कि मामले में संलिप्त दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए तथा उनके खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर जल्द से जल्द सजा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ इस प्रकार की घटनाएं किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा बोकारो नगर अध्यक्ष विशाल गौतम ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ अविलंब सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भाजपा पूरे राज्य में व्यापक और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

**तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0: बोकारो में निकली भव्य जागरूकता रैली, सिविल सर्जन ने दिखाई हरी झंडी**

## युवाओं को तंबाकू तथा निकोटीन उत्पादों से सुरक्षित रखना पूरे समाज का सामूहिक दायित्व:डॉ. अभय

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत सोमवार को बोकारो में जिला स्तरीय जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और विशेषकर युवाओं को नशे की लत से दूर रखना था। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।

रैली को रवाना करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि बच्चों और युवाओं को तंबाकू तथा निकोटीन उत्पादों से सुरक्षित रखना पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने तंबाकू मुक्त वातावरण तैयार करने के लिए विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों और प्रबुद्ध नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

अभियान के अंतर्गत जिले के सभी संबंधित विभागों को पांच प्रमुख गतिविधियों के क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया है। इसके तहत सभी पदाधिकारियों, कर्मियों और विद्यार्थियों को ऑनलाइन तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही पोस्टर, बैनर और रैलियों के जरिए सघन प्रचार-प्रसार करने, सरकारी कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त परिसर घोषित करने, सोशल मीडिया पर गतिविधियों को साझा करने तथा शपथ लेने वालों का विवरण जिला तंबाकू नियंत्रण सेल को भेजने का निर्देश दिया गया है।

इस मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एन. पी. सिंह, जिला एनसीडी नोडल पदाधिकारी डॉ. सुधा सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिना अग्रवाल, सीसीपीएम सैफुल्लाह अंसारी, एनटीसीपी परामर्शी मोहम्मद असलम, जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा, सोशल वर्कर मुकेश कुमार व छोटेलाल दास सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में सभी ने एकजुट होकर बोकारो को पूरी तरह तंबाकू मुक्त जिला बनाने का संकल्प दोहराया।

## जरीडीह बना गौ तस्करी का सेफ जोन! कथित तौर पर जारी है अवैध कारोबार

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के जरीडीह एवं पेटरवार थाना क्षेत्र में कथित गौ तस्करी का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। इस मामले को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि क्षेत्र में गौ तस्करी का नेटवर्क सक्रिय है और बेखौफ होकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। कथित तस्करी की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होने की बात सामने आई है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए चंदन कुमार मिश्रा ने मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार को लिखित आवेदन सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच कराने तथा गौ तस्करी में कथित रूप से शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

आवेदन में चंदन कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया है कि जरीडीह क्षेत्र गौ तस्करी के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। उन्होंने इस अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लगाने, तस्करी में शामिल लोगों की पहचान करने तथा पूरे नेटवर्क की गहन जांच कराने की मांग की है। साथ ही मामले में कथित तौर पर संलिप्त लोगों की भूमिका उजागर करने की अपील की है।

वहीं, लिखित शिकायत मिलने के बाद मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि, डीएसपी ने मीडिया को इस संबंध में बयान देने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब पुलिस की जांच और कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं। गौरतलब है कि जरीडीह थाना क्षेत्र पूर्व में भी कथित अवैध गतिविधियों को लेकर चर्चा में रहा है। ताजा मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यशैली को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करती है और कथित गौ तस्करी के नेटवर्क का पदार्फाश कब तक हो पाता है। फिलहाल, गौ तस्करी को लेकर लगाए गए आरोपों ने पुलिस प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविकता सामने आ सकेगी।

### सांसद नलिन सोरेन बने राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के संरक्षक

**बोकारो(बिभा)** । बोकारो में 27 से 30 दिसम्बर 2026 तक आयोजित होने वाली 36वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए दुमका के सांसद एवं इस्पात मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य नलिन सोरेन ने संरक्षक के रूप में रहने की अपनी सहमति दी है । इस महत्वपूर्ण आयोजन के मिमित शुक्रवार को कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड का एक प्रतिनिधिमंडल आयोजन समिति के अध्यक्ष झारखण्ड विधानसभा के मुख्य सचेतक -सह- विधायक, टुण्डी श्री मथुरा प्रसाद महतो के साथ सांसद नलिन सोरेन से मिलकर उन्हें प्रतियोगिता के संरक्षक बनने का प्रस्ताव पत्र सौंपा। इस पर सांसद श्री सोरेन ने संरक्षक के तौर पर अपनी सहर्ष स्वीकृति देकर आयोजन के सफलता के लिए हर संभव सहयोग देने हेतु आश्वस्त किया ।

## एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा उत्सव में मारी बाजी

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ बोकारो में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि जिला रामरुद्र सीएम उत्कृष्ट विद्यालय चास में 30 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन के आधार पर बाजी मारी। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की दीक्षा रानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में कक्षा बारहवीं की छात्रा मेघा चौधरी अव्वल रहीं। समूह नृत्य में अनुष्का केसरी, आकांक्षा, उन्नति दास, जाह्नवी, समृद्धि व प्राची की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटम में मो.अयान अजहर, मृणाल विनायक झा, सनीक्षा सिंह, वंदिता श्रेया, अनन्या दुबे, श्रेया मिश्रा, भूमि गुप्ता, सत्यम कुमार, दिव्यांशु कुमार व अक्षत परमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि समग्र प्रभारी बिंसी मधुर के साथ चित्रकला प्रभारी मिताली वोरा, कविता लेखन प्रभारी लव कुमार, समूह लोक गायक प्रभारी अश्विनी कुमार, समूह नृत्य प्रभारी पूर्णिमा बाग व नुक्कड़ नाटक प्रभारी कंचन सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी 17 नवंबर को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में बोकारो जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का प्रयास किया जाता है। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी जिला, राज्य व राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्राचार्य फादर डा.जोशी वर्गीस, उप प्राचार्य राखी बनर्जी, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी ने विजेता प्रतिभागियों व शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सेक्टर-4जी के कर्मचारियों की अनूठी पहल, सामूहिक सहयोग से शुरू हुई रात्रि सुरक्षा व्यवस्था

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर-4जीके निवासियों ने सुरक्षा को लेकर अनूठी पहल की है। पूरे 4000 आवास संख्या श्रृंखला के कर्मचारियों एवं निवासियों ने आपसी एकजुटता और सामूहिक आर्थिक सहयोग से 1 नवंबर 2026 से रात्रि सुरक्षा व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत बालाजी सिक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से दो सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए गए हैं।

रात्रि सुरक्षा व्यवस्था का विधिवत उद्घाटन विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में आयोजित टी-पार्टी के दौरान किया गया। इस अवसर पर मोहल्ले के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कर्मचारी एकजुट हुए और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ आवासीय क्षेत्र की बेहतरी एवं आपसी सहयोग पर विचार-विमर्श किया।

पूरे आवासीय परिसर के चार प्रमुख प्रवेश एवं निकास मार्गों पर चार सुरक्षा पोस्ट बनाए गए हैं। सुरक्षा गार्डों को वॉकी-टॉकी और शक्तिशाली टॉर्च उपलब्ध कराई गई है, ताकि रात्रि गश्त के दौरान बेहतर निगरानी एवं आपसी संपर्क बना रहे। इसके अलावा मोहल्ले के अंधेरे स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था के संचालन के लिए निवासियों ने मासिक आर्थिक सहयोग, गार्डों की निगरानी, प्रकाश व्यवस्था के रखरखाव और नियमित समीक्षा जैसी सामूहिक जिम्मेदारियां भी निर्धारित की हैं।

गौरतलब है कि पिछले महीने क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं सामने आई थीं। चोरों द्वारा आवासों के एसी केबल काटकर चोरी किए जाने से मोहल्ले में भय एवं असुरक्षा का माहौल बन गया था। इसी के बाद निवासियों ने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का निर्णय लिया। बोकारो के अधिशासी वर्ग के आवासीय क्षेत्रों में पहले से संचालित सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था से प्रेरणा लेकर कर्मचारी वर्ग ने भी यह पहल की है। सेक्टर-4ऋ के निवासियों की यह एकजुटता और सामूहिक प्रयास अन्य आवासीय क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बन सकता है।

इस पहल के माध्यम से निवासियों ने संदेश दिया है कि आपसी सहयोग, जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी से ही सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय वातावरण का निर्माण संभव है।

## फ्रेंड्स क्लब की बैठक में काली पूजा महोत्सव पर मंथन, नई कमेटी का गठन

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** फ्रेंड्स क्लब, सेक्टर-4, बोकारो स्टील सिटी की ओर से आयोजित होने वाले 56वें श्री श्री काली पूजन महोत्सव की तैयारियों को लेकर सेक्टर-4ए में कृष्ण कुमार मुन्ना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा वर्ष 2026 के लिए आयोजन समिति का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया।

पुनर्गठित समिति में कृष्ण कुमार मुन्ना, विजय कुमार एवं प्रेमनाथ पांडे को संरक्षक बनाया गया। प्रभात कुमार को अध्यक्ष, प्रकाश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, गौतम सिंह को महामंत्री तथा उपेंद्र नारायण सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, मनोज कुमार को वरीय उपाध्यक्ष तथा त्रिलोचन मिश्रा, श्वेत शेखर एवं मनीष कुमार (चीकू) को उपाध्यक्ष बनाया गया।

प्रवीण कुमार (बाबू) एवं चंदन कुमार सिंह को सह सचिव, विधान कुमार को मेला प्रभारी तथा शंकर कुमार एवं पिंटू कुमार को सह-मेला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा धनंजय सिंह, बृजेश कुमार, प्रदीप शर्मा, दुर्गेश पाठक, अजय कुमार, ज्योतिष सहित अन्य सदस्य आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बैठक में कृष्ण कुमार मुन्ना ने कहा कि फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित श्री श्री काली पूजन महोत्सव इस वर्ष 56वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। सेक्टर-4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित इस महोत्सव के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। बोकारो सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां काली के दर्शन कर सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना करने पहुंचते हैं।

उन्होंने नगरवासियों से श्रद्धा एवं विश्वास के साथ महोत्सव में शामिल होकर मां काली का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

### 8 नवंबर से शुरू होगा महोत्सव

आगामी 8 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले श्री श्री काली पूजन महोत्सव के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी, खीर, हलवा सहित विभिन्न प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही महोत्सव में भव्य भगवती जागरण का भी आयोजन होगा। आयोजन समिति ने महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## काली पूजा को लेकर आजाद हिंद क्लब ने किया भूमि पूजन

बिभा संवाददाता



**बोकारो।** सेक्टर-6/सी स्थित में काली पूजा के भव्य आयोजन को लेकर आजाद हिंद क्लब की ओर से भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर आयोजन की तैयारियों का शुभारंभ किया गया। क्लब की ओर से इस वर्ष काली पूजा के अवसर पर भव्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर सदस्यों एवं स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि काली पूजा आपसी भाईचारे, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। आयोजन को सफल बनाने के लिए क्लब के सभी सदस्य मिलकर तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से पूजा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

भूमि पूजन के अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र यादव, फूलन कुमार, चंदन कुमार, रणधीर कुमार, सूर्या कुमार सिन्हा, माधवी कुमार, प्रशांत कुमार, अमन प्रकाश, मनोज कुमार, अमित आनंद, अमन मिश्रा, अमित मिश्रा एवं बंटी कुमार सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जनजातीय गौरव रथ को किया रवाना, बोले- अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाना लक्ष्य

बिभा संवाददाता

**लातेहार।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के तहत सोमवार को समाहरणालय परिसर से जनजातीय गौरव रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त संदीप कुमार, परियोजना निदेशक एवं अपर समाहर्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रस्थान कराया। यह प्रचार रथ जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न जनजातीय बहुल गांवों का दौरा करेगा और ग्रामीणों को उनके




अधिकारों सहित सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करेगा। एक से 15 नवंबर तक चलने वाले इस जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के जरिए ग्रामीणों को सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, आवास, स्वास्थ्य और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी, ताकि पात्र लाभुकों को सीधे योजनाओं से जोड़ा जा सके।

इस अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और जनजातीय परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से आच्छादित करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

मौके पर आईटीडीए निदेशक सरोजनी ऐनी तिर्की, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर कुमार सहित कई अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवासीय बालिका बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र का उपायुक्त हेमन्त सती ने किया उद्घाटन



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड स्थित आवासीय बालिका बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ दिनांक 02 नवंबर 2026 को उपायुक्त हेमन्त सती ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर उपायुक्त ने संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए हॉस्टल, किचेन, बेड, बिजली व्यवस्था सहित खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध आवासीय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से राज्यभर की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण बैडमिंटन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर बालिका खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हजारीबाग जिला एवं झारखंड राज्य का नाम रोशन करेंगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के अंतर्गत संचालित इस आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में 25 बालिका खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं आवासन की व्यवस्था है। राज्यस्तरीय ट्रायल एवं टैलेंट हंट के माध्यम से चयनित बालिकाओं को आवास, भोजन एवं खेल प्रशिक्षण सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत उपायुक्त ने की ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों का वितरण



**लातेहार(बिभा)।** भूमि संरक्षण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत उपायुक्त, लातेहार संदीप कुमार ने लाभुक समूहों एवं समिति को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों का वितरण किया गया।इस योजना के तहत जेएसएलपीएस से संबद्ध शांति महिला सखी मंडल, हेरहंज प्रखंड, रोशनी महिला सखी मंडल, कसमार, हेरहंज प्रखंड तथा गारू प्रखंड की मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड को लाभान्वित किया गया। योजना के अंतर्गत कुल 10 लाख के पैकेज में बड़े ट्रैक्टर पर 50 प्रतिशत तथा सहायक कृषि यंत्रों यथा रोटावेटर, कल्टीवेटर एवं केज व्हील पर 80 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। संपूर्ण पैकेज पर लाभुक समूहों एवं समिति को कुल 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारी समितियों को कृषि यांत्रिकीकरण से जोड़ना, उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्यों को आधुनिक एवं सुगम बनाना है। इससे न केवल कृषि लागत में कमी आएगी, बल्कि समूहों की आय में भी वृद्धि होगी।भूमि संरक्षण विभाग की यह पहल *महिला सशक्तीकरण, सामूहिक उद्यमिता एवं कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस मौके पर आईटीडीए निदेशक सरोजनी ऐनी तिर्की, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी,जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी, सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हिंदू स्कूल रोड में अनमोल कलर हब का शुभारंभ



**हजारीबाग (बिभा):** दीपावली और छठ महापर्व के उत्सवी माहौल के बीच हजारीबाग के हिंदू स्कूल रोड में अनमोल कलर हब प्रतिष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन प्रबंधक अनमोल कुमार के दादा छबी गोप ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अनमोल कुमार ने बताया कि अनमोल कलर हब में एशियन पेंट्स, जॉनसन पेंट्स सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों के विभिन्न प्रकार के पेंट उपलब्ध हैं। ग्राहकों की जरूरत और बजट को ध्यान में रखते हुए यहां पेंट उचित एवं किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए प्रतिष्ठान में विशेष छूट की सुविधा भी दी जा रही है, ताकि लोग अपने घरों को मनपसंद रंगों से सजाकर त्योहार की खुशियां बढ़ा सकें। ग्राहकों की सुविधा के लिए ऑर्डर पर सामान घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई है। वहीं, उद्घाटन के अवसर पर छबी गोप ने हजारीबागवासियों से अनमोल कलर हब को सेवा का अवसर देने की अपील की। उन्होंने कहा कि घर शहर में हो या कहीं और, अपने घरों को आकर्षक रंगों से सजाने के लिए हिंदू स्कूल रोड स्थित अनमोल कलर हब से खरीदारी कर सकते हैं। प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों के पेंट, उचित कीमत और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पूर्व वार्ड पार्षद कमल गोप, भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, स्टेशन क्लब के अध्यक्ष दिलीप कुमार डब्बू, भाजपा नेता बिनोद कुमार झुनझुनवाला, समाजसेवी प्रकाश यादव, तापेश्वर यादव, प्रबंध निदेशक अनमोल कुमार, अमन कुमार, ब्रजेश सहाय, सुनील कुमार सिन्हा, सुधीर सिंह, रुपेश कुमार, संजय सिन्हा, दिनेश प्रसाद यादव, कृष्णा कुमार, विषु सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### छठ पूजा की तैयारियों को लेकर युवा भारत चंदवा की बैठक संपन्न

**लातेहार/चंदवा(बिभा)।** आगामी छठ महापर्व को लेकर युवा भारत चंदवा की एक महत्वपूर्ण बैठक बिभूतिनाथ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पर्व को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ आयोजित करने तथा छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा तैयार करते हुए उपस्थित सदस्यों के बीच विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष आदर्श रविराज ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा और आकर्षण के लिए निःशुल्क चाय वितरण, सुगम आवागमन हेतु अस्थायी पुल निर्माण, पानी के फव्वारे, भव्य सजावट और सघन स्वच्छता अभियान जैसे कई कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन वर्ष 2013 से लगातार सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और छठव्रतियों की सेवा करना संस्था की मुख्य परंपरा रही है। बैठक में दीपक निषाद, जयेश वरु, कृष्णा, सौरभ बिट्टू, अरुण प्रिंस, संदीप रजक, राजू, संदीप कुमार, प्रदीप ठाकुर, विजय कुमार, गुड्डू कुमार, अंकित कुमार, अपूर्व गुप्ता, राजन वर्मा, छोटू कुमार, कृष्णा कुमार, बिनोद कुमार, रुपेश कुमार, विक्की कुमार, अनिकेत भास्कर, रवि पांडुरंगा, विजय कुमार धीरज, सुरेश, अरुण, अनूप, पवन, विकास ठाकुर, राजदेव ठाकुर, सीताराम कुमार एवं सागर मेहता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चंदवा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बिभा संवाददाता

**लातेहार/चंदवा;** होम-टू-रोल विजिट कार्यक्रम के तहत आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार का चंदवा प्रखंड कार्यालय में आगमन हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।इसके उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चंदवा प्रखंड अंतर्गत राजकीय बालिका मध्य विद्यालय, चंदवा (मतदान केंद्र संख्या 328) एवं प्राथमिक विद्यालय, जमीरा (बूथ केंद्र संख्या 347) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केंद्रों पर चल रहे निर्वाचन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने क्षेत्र के विभिन्न घरों में जाकर ग्रामीणों एवं



मतदाताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने मतदाताओं से पूछा कि उनका मतदाता पहचान पत्र बना है या नहीं तथा बीएलओ द्वारा घर जाकर फॉर्म 6 उपलब्ध कराने एवं उसे भरवाने, जमा कराने की प्रक्रिया पूरी की गई है अथवा नहीं। उन्होंने जमीनी स्तर पर निर्वाचन संबंधी कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों का निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप हो।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार दिनेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा चंदन प्रसाद, अंचल अधिकारी सुमित झा , बीएलओ एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### रामगढ़ सदर अस्पताल में अब हर सोमवार और शुक्रवार को न्यूरो सर्जरी ओपीडी

**रामगढ़:** झारखंड सरकार के सर्वजन कल्याण निर्देश और जिला प्रशासन रामगढ़ की विशेष पहल पर जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी सौगात मिली है। अब रामगढ़ सदर अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को विशेषज्ञ न्यूरो सर्जरी ओपीडी का संचालन किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया, जिसे उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज का अनुमोदन मिल चुका है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि न्यूरो सर्जरी के साथ-साथ सदर अस्पताल में जल्द ही कार्डियोलॉजी (हृदय रोग) सेवा भी शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए उच्च स्तर पर प्रक्रिया तेज कर दी गई है, ताकि जिले के हृदय रोगियों को विशेषज्ञ इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े और स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध हो सके।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में हिंदी एवं अंग्रेजी आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई वाकपटुता

बिभा संवाददाता

**रामगढ़:** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में सोमवार, 2 नवंबर को हिंदी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर-कक्षा आशुभाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, त्वरित तार्किक चिंतन, भाषा-कौशल और बिना किसी पूर्व तैयारी के तात्कालिक रूप से विचार प्रस्तुत करने की क्षमता का विकास करना था। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर बेबाकी से अपनी बात रखी।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हिंदी आशुभाषण में कक्षा 8 से अनन्या भारती प्रथम, इशिका जैन द्वितीय एवं कृष पराशर तृतीय रहे। कक्षा 7 से चिराग गुप्ता ने प्रथम, प्रिंस राज ने द्वितीय व शिव कुमार ने तृतीय स्थान पाया। वहीं कक्षा 6 में मदीना नाज प्रथम, कुमारी नयन द्वितीय तथा देव मंडल तृतीय स्थान पर रहे।

इसी प्रकार अंग्रेजी स्पर्धा में कक्षा 8 से मनजोत कौर ने प्रथम, दिव्यांशी मिमानी ने द्वितीय और आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 से आलोक साव प्रथम, विपुल कुमार द्वितीय एवं अद्वित भंकर तृतीय रहे, जबकि कक्षा 6 में प्रियांशु कुमार (6-सी) ने पहला, प्रियांशु कुमार (6-ए) ने दूसरा व रेयांश राज ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का सफल संचालन आस्था सिंह और दृष्टि कुमारी ने किया।

### सौरभ जैन की पहल पर समृद्धि इंफ्रावर्क्स का फेस्टिव ऑफर, प्रॉपर्टी बुकिंग पर कार से लेकर स्कूटी तक जीतने का मौका

बिभा संवाददाता




**हजारीबाग :** त्योहारी सीजन में ग्राहकों को खास सौगात देने के उद्देश्य से समृद्धि इंफ्रावर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सौरभ जैन की पहल पर 'समृद्धि फेस्टिव ऑफर' की शुरूआत की गई है। इस आकर्षक योजना के तहत कंपनी की विभिन्न प्रोजेक्ट्स में प्रॉपर्टी बुक कराने वाले ग्राहकों को आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिलेगा। कंपनी ने इस ऑफर को 'CelebrOte More, Win Big' की थीम पर तैयार किया है।योजना के तहत 11 अक्टूबर से 11 नवंबर तक प्रॉपर्टी बुक कराने वाले ग्राहक लकी ड्रॉ में शामिल होने के पात्र होंगे।इसका मेगा लकी ड्रॉ 15 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। ग्राहकों के लिए पुरस्कारों की आकर्षक श्रृंखला रखी गई है। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में टाटा पंच कार, द्वितीय पुरस्कार में टाटा एरिस कार और तृतीय पुरस्कार में टाटा टियागो कार दी जाएगी। इसके अलावा 10 भाग्यशाली विजेताओं को चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटी और एक विजेता को 50 हजार रुपये का कैरेटलेन वाउचर प्रदान किया जाएगा।

समृद्धि इंफ्रावर्क्स की प्रमुख परियोजनाओं में द मॉल ऑफ हजारीबाग, लालचंद इको हाइट्स, अरहम एन्क्लेव और सिद्धि विनायक एन्क्लेव शामिल हैं। कंपनी इन परियोजनाओं के माध्यम से हजारीबाग में रियल एस्टेट के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं और बेहतर निवेश विकल्पों को बढ़ावा दे रही है। डायरेक्टर सौरभ जैन ने कहा कि दीपावली खुशियों और नई शुरूआत का त्योहार है। इसी भावना के साथ कंपनी ने ग्राहकों के लिए यह विशेष फेस्टिव ऑफर पेश किया है। हमारा उद्देश्य केवल लोगों को प्रॉपर्टी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनके सपनों का आशियाना बनाने में सहभागी बनना है। ग्राहकों का विश्वास और संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कंपनी पारदर्शिता, बेहतर सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इस ऑफर के माध्यम से ग्राहकों को निवेश के साथ आकर्षक उपहार जीतने का भी अवसर मिलेगा।

## चना दाल-नमक का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आपूर्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएफएसए, हरा राशन कार्ड एवं पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत खाद्यान्न के आवंटन, उठाव और वितरण की समीक्षा की गई। इसके साथ ही चना दाल, नमक तथा सोना सोबरन धोती-साड़ी एवं लुंगी वितरण योजना की प्रगति का जायजा लिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने चना दाल एवं नमक का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने केपीआई डेटा एवं राशन कार्ड सरेंडर के आधार पर राशन कार्ड से नाम हटाने से संबंधित आंकड़ों की पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि राशन कार्ड से किसी भी लाभुक का नाम हटाने से पहले उसकी पात्रता की गहन जांच की जाए। किसी भी परिस्थिति में पात्र लाभुक का नाम राशन कार्ड से नहीं हटना चाहिए। मृत लाभुक का नाम हटाने से पूर्व परिवार के सदस्यों से मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। वहीं, चार पहिया वाहन रखने वाले एवं आयकरदाता लाभुकों की निर्धारित मापदंडों के अनुसार जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को पीडीएस दुकानों का नियमित औचक निरीक्षण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न के आवंटन, उठाव, स्टॉक एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों की जांच करने तथा पात्र लाभुकों को निर्धारित समय पर राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने एनएफएसए एवं हरा राशन कार्ड के सभी लाभुकों का लंबित ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया। इसके लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को भौतिक निरीक्षण करने तथा पीडीएस डीलरों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

धान अधिप्राप्ति वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि धान खरीद शुरू होने से पहले सभी निबंधित किसानों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरा करा लिया जाए। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने एवं लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा।

बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार सहित सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मार्केटिंग अफसर उपस्थित थे।

### छठ घाटों की स्वच्छता को लेकर कमांडो सिक्योरिटी फोर्स परिवार लगातार सक्रिय



**हजारीबाग :** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर हजारीबाग शहर के विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में कमांडो सिक्योरिटी फोर्स परिवार की ओर से छठ घाटों की स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फोर्स के सदस्य लगातार घाटों एवं आसपास के परिसर की सफाई में जुटे हुए हैं, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को अर्घ्य अर्पित करने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।इस पूरे अभियान की कमान और निगरानी कमांडो सिक्योरिटी फोर्स के टुनटुन सिंह स्वयं संभाल रहे हैं। वे लगातार सफाई कार्यों का जायजा ले रहे हैं और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उनका प्रयास है कि छठ महापर्व से पहले सभी घाट स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नजर आएं। कमांडो सिक्योरिटी फोर्स परिवार की यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण बन रही है।

## शिलापट्ट पर नामों की कतार, मौके पर सिर्फ रीना कुमारी जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी बनी चर्चा का विषय

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड की सुन्दरू पंचायत में सोमवार को झारखंड सरकार के 15वें वित्त आयोग मद से पंचायत भवन से संबंधित विकास एवं मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के लिए लगाए गए शिलापट्ट पर जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, उपाध्यक्ष विनोद उरांव तथा कुडू पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रीना कुमारी के नाम मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में अंकित थे। हालांकि, शिलान्यास समारोह में जिला परिषद सदस्य रीना कुमारी ही उपस्थित रहीं। अन्य आमंत्रित जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। ऐसे में रीना कुमारी ने अपने करकमलों से योजना का शिलान्यास किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान शिलापट्ट पर अंकित नामों और मौके पर जनप्रतिनिधियों की वास्तविक उपस्थिति के बीच अंतर चर्चा का विषय बना रहा। वैसे, शिलापट्ट पर नाम दर्ज होना सम्मान की बात हो सकती है, लेकिन जनता की अपेक्षा इससे कहीं आगे की है। विकास योजनाओं के शिलान्यास और क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सवाल यह भी है कि योजनाओं के शुभारंभ जैसे सार्वजनिक अवसरों पर सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो तो जनता के बीच बेहतर संदेश जाएगा।

इधर इस योजना के शिलान्यास से ग्रामीणों में विकास कार्यों को लेकर उम्मीदें तो जगी है। लेकिन अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर रहेगी कि योजना का कार्य निर्धारित गुणवत्ता और समयसीमा के अनुरूप पूरा हो। साथ ही, निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार या लीपापोती न हो तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया पति मंजीत उरांव, ग्राम प्रधान देवी पहान, आरिफ अंसारी, नसीम अंसारी, रमेश बैठा, सैनूल अंसारी, मुमताज आलम, सलीम अंसारी, सफरोज अंसारी, परनौव कुमार सिंह, मुन्ताज अंसारी तथा संवेदक इम्तियाज अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## हजारों लोगों ने नम आंखों से दी केतकी देवी को अंतिम विदाई

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के धार्मिक एवं सामाजिक सरोकारों में आजीवन सक्रिय रहीं 97 वर्षीया वयोवृद्ध समाजसेवी केतकी देवी का सोमवार को खिरगांव मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। रविवार सुबह उनके निधन की खबर से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई थी। सोमवार को न्यू एरिया स्थित उनके आवास से निकली अंतिम शवयात्रा में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता शामिल हुए। मुक्तिधाम में उनके कनिष्ठ पुत्र एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने दोनों बड़े भाइयों की उपस्थिति में मुखाग्नि दी।

धार्मिक एवं परोपकारी स्वभाव की केतकी देवी ने इचाक में गायत्री मंदिर निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान देकर समाज के प्रति समर्पण की मिसाल पेश की थी। उनके पति स्वर्गीय काली प्रसाद सिंह भी क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी और विद्वान थे। उनके निधन को जिले के सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी अपूरणीय क्षति बताया गया है।

# गरीबी से मुक्तिः भारत में उम्मीद का नया उजाला



ललित गर्ग

**विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में अत्यधिक निर्धनता की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में 4.20 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय निर्धनता सीमा के अंतर्गत आने वाली आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत हो गया।**



किसी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन केवल उसकी आर्थिक विकास दर, सकल घरेलू उत्पाद, औद्योगिक विस्तार अथवा वैश्विक आर्थिक रैंकिंग से नहीं किया जा सकता। विकास की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, निर्धनता का दायरा सिमटे, सामान्य नागरिक के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि का संचार हो, गरीबी का कलंक मिटे तथा आर्थिक अवसरों पर सबका समान अधिकार स्थापित हो। इस दृष्टि से भारत में गरीबी और निर्धनता के स्तर में आई उल्लेखनीय गिरावट एक ऐतिहासिक उपलब्धि और नए भारत के निर्माण का शुभ संकेत है। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट में भारत की इस प्रगति को वैश्विक स्तर पर गरीबी में आई सबसे तेज गिरावटों में से एक माना जाना इस उपलब्धि को और महत्वपूर्ण बनाता है। यह केवल आर्थिक आंकड़ों का परिवर्तन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए प्रयासों का यह एक महत्वपूर्ण परिणाम है, एक शुभ एवं श्रेयस्कर भविष्य की आहट है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में अत्यधिक निर्धनता की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में 4.20 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय निर्धनता सीमा के अंतर्गत आने वाली आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत हो गया। इसका अर्थ है कि लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए। वर्ष 2028 तक इस अनुपात के 12.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान भी व्यक्त किया गया है। ये आंकड़े भारत की आर्थिक और सामाजिक यात्रा में एक बड़े परिवर्तन के प्रमाण हैं। विशेष बात यह है कि भारत ने इतनी बड़ी आबादी, व्यापक सामाजिक विविधता और कोविड जैसी वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बावजूद निर्धनता कम करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, यह मोदी सरकार की युगान्तरकारी जन-कल्याण योजनाओं एवं गरीबी उन्मूलन के संकल्पों का ही परिणाम है। इस परिवर्तन के पीछे केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि विकास को जनकल्याण से जोड़ने की नीति भी महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना और मुफ्त खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाओं ने निर्धन परिवारों के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का काम किया है। इन योजनाओं की विशेषता यह है कि इन्होंने गरीबी को केवल आय की कमी के रूप में नहीं देखा, बल्कि आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, भोजन और वित्तीय समावेशन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से जोड़कर उसका समाधान करने का प्रयास किया है।

किसी निर्धन परिवार को पक्का मकान मिलना केवल आवास की उपलब्धता नहीं, बल्कि उसे संपत्ति, सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदान करना है। घर में बिजली, शौचालय और नल से जल की सुविधा उपलब्ध होना उसके जीवन की गुणवत्ता में बुनियादी परिवर्तन लाता है। जनधन खातों और आधार जैसी व्यवस्थाओं ने नागरिकों को वित्तीय एवं वैधानिक पहचान प्रदान की है। आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य संकट के समय गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने का आधार तैयार किया है। विश्व बैंक ने गरीबी में कमी के प्रमुख कारणों में उपभोग में वृद्धि, रोजगार के अवसरों का विस्तार, विशेषकर महिलाओं की रोजगार में बढ़ती भागीदारी और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक कल्याणकारी हस्तांतरणों की भूमिका को रेखांकित किया है। वर्ष 2017 से 2023 के बीच रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि होना भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक सक्रियता परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक आत्मनिर्भरता और निर्णय क्षमता को भी मजबूत करती है। ग्रामीण भारत में निर्धनता की तेज गिरावट ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक अंतर को भी कम करने में योगदान दिया है।

एक अन्य महत्वपूर्ण संकेतक गिनी सूचकांक है, जिसके माध्यम से आय अथवा उपभोग के वितरण में असमानता का आकलन किया जाता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारत का उपभोग आधारित गिनी सूचकांक 23 तक पहुंचा है, जो अपेक्षाकृत कम असमानता का संकेत देता है। यह अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों की तुलना में भारत की बेहतर स्थिति को दर्शाता है। हालांकि यहां यह समझना आवश्यक है कि उपभोग आधारित गिनी सूचकांक समाज में संपत्ति, आय और अवसरों की समग्र असमानता का पूरा चित्र प्रस्तुत नहीं करता। इसलिए गरीबी में कमी को आर्थिक समानता की पूर्ण उपलब्धि मान लेना उचित नहीं होगा। यही वह बिंदु है, जहां भारत की विकास यात्रा का आलोचनात्मक मूल्यांकन आवश्यक हो जाता है। एक ओर करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, दूसरी ओर समाज में संपत्ति और आर्थिक संसाधनों का संकेंद्रण एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। उच्च आय वर्ग और सामान्य मेहनतकश नागरिक के बीच जीवन की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अवसरों का अंतर अभी भी व्यापक है। गुणवत्तापूर्ण रोजगार की कमी, असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों की असुरक्षा, युवाओं में बेरोजगारी, कृषि पर निर्भर परिवारों की सीमित आय और महिलाओं को समान पारिश्रमिक न मिलना ऐसे प्रश्न हैं, जिनका समाधान किए बिना समतामूलक समाज की कल्पना अधूरी रहेगी। गरीबी का कम होना और अमीरी-गरीबी के बीच की खाई का कम होना दो अलग-अलग स्थितियां हैं। पहली उपलब्धि उत्साह देती है, लेकिन दूसरी चुनौती पर निरंतर ध्यान देना आवश्यक है।

भारत को अब ऐसी विकास नीति की आवश्यकता है, जिसमें आर्थिक प्रगति का लाभ केवल कुछ क्षेत्रों, वर्गों अथवा उद्योगों तक सीमित न रहे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास, छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन, कृषि का आधुनिकीकरण, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार के अवसर इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। कर व्यवस्था में न्यायपूर्ण संतुलन, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में निवेश और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं की पारदर्शिता भी आवश्यक है। विकास का वास्तविक उद्देश्य अवसरों की समानता पैदा करना होना चाहिए, न कि केवल आर्थिक आंकड़ों में ऊंचाई हासिल करना। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में गरीबी में कमी की यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब आर्थिक शक्ति के साथ सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और अवसरों की समानता भी सुनिश्चित हो। गरीबी-मुक्त भारत का सपना केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता, शिक्षा, सामाजिक सहभागिता और न्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था के समन्वय से साकार होगा। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट भारत में गरीबी से मुक्ति की ओर बढ़ते कदमों और करोड़ों जीवन में फैलती खुशहाली की ऐसी उजली तस्वीर प्रस्तुत करती है, मानो दीपावली के पर्व पर विकास के दीप जल उठे हों। यह केवल आंकड़ों की रोशनी नहीं, बल्कि उन करोड़ों परिवारों के जीवन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान का उजाला है, जो अभावों के अंधकार से निकलकर समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। सचमुच, इस बार दीपावली के दीपों में नए भारत की प्रगति और गरीबों के जीवन में आए उजास की चमक भी दिखाई दे रही है।

निस्संदेह, गरीबी के मोर्चे पर भारत की यह सफलता नए भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में करोड़ों लोगों को निर्धनता के दायरे से बाहर लाना एक उल्लेखनीय स्थान रखता है। लेकिन इस उपलब्धि का अगला चरण आर्थिक असमानता की खाइयों को पाटना और विकास की रोशनी को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना होना चाहिए। विकसित भारत की पहचान केवल उसकी आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि इस बात से होगी कि वहां कोई व्यक्ति अभाव, भुखमरी, अशिक्षा और असहायता में जीवन जीने को विवश न हो। 2047 का भारत तभी वास्तविक अर्थों में विकसित और समृद्ध होगा, जब उसकी प्रगति का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक समरसता एवं समानता भी उसकी पहचान बनेगी। यही नए भारत का स्वप्न है और यही उसकी विकास यात्रा की सबसे बड़ी कसौटी भी।

## संपादकीय

### क्रूर होती मासूमियत

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में एक आठ साल का बच्चा, छह साल की बच्ची को क्रूरता के साथ पीटता-कुचलता नजर आया। पंचकूला के एक निजी स्कूल में घटी इस घटना ने हर संवेदनशील इंसान को झकझोरा है। स्कूली छात्रों में नोक-झोंक, वाद-विवाद, मतभेद-मनभेद हमेशा होते रहे हैं। ऐसे में टीचर या अभिभावक तक शिकायत करके बात खत्म हो जाती थी। लेकिन यह आठ साल का बच्चा, जिस क्रूरता से केजी की बच्ची को खत्म करने की कोशिश में लगा था, उसने हमारे नीति-नियंताओं, शिक्षकों, अभिभावकों और आम लोगों तक को स्तब्ध कर दिया। बच्चे ने इस हमले को सुनियोजित तरीके से, समय-जगह का चुनाव करके अंजाम दिया। वह समय चुना जब उसके अपराध को देखने वाला कोई नहीं था। विज्ञान का धन्यवाद, जिसने सीसीटीवी कैमरा हमें उपलब्ध कराया। अन्यथा कोई विश्वास नहीं करता कि इतना छोटा बच्चा एक पेशेवर अपराधी की तरह वारदात को अंजाम देगा। हो सकता था रिकॉर्डिंग न होने पर किसी निर्दोष के सिर इस हमले का आरोप लग जाता। निस्संदेह, इस हादसे में स्कूल प्रशासन की गंभीर चूक है। आखिर स्कूल से अंतिम बच्चे के बाहर निकलने तक सुरक्षा की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभायी गई? अब स्कूल पढ़ने जा रही छोटी बच्चियों व बच्चों के मां-बाप इस घटना से भयाक्रांत हैं कि क्या उनका बच्चा स्कूल में सुरक्षित है? शिक्षकों को भी इस बात को गंभीरता से समझना होगा कि बदलते दौर में बच्चे पहले जैसे नहीं रहे। शिक्षक-अभिभावक से ज्यादा उन्हें आज जो सबसे ज्यादा ज्ञान बांट रहा है, वह मोबाइल है। जो तमाम तरह की हिंसा सिखाने का स्रोत बन गया है। इस घटना के बाद, इस आठ साल के छात्र की क्रूर व्यवहार की वजह उसका मोबाइल पर हिंसक फ्री-फायर गेम खेलना बताया जा रहा है। जो एक ऑनलाइन एक्शन व शूटिंग आधारित गेम है। जिसमें खिलाड़ी हथियार, गोलियों और अन्य घातक साधनों से प्रतिद्वंद्वी का मुकाबला करते हैं। हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि बच्चों को छोटी उम्र में मोबाइल उपलब्ध कराने के घातक परिणाम भी हो सकते हैं। आमतौर पर अभिभावक अपने काम करने या आराम करने के दौरान बच्चों को बहलाने के लिये मोबाइल पकड़ा देते हैं। लेकिन यह भूल जाते हैं कि इंटरनेट पर प्रसारित होने वाले हिंसक कार्यक्रम बच्चों को कितने गहरे तक प्रभावित करते हैं। बच्चे का दिमाग एक कोरी स्लेट की तरह से होता है। उस पर जैसी छाप बचपन में पड़ती है, वही भविष्य में उसकी सोच व जीवन की दिशा निर्धारित करती है। जिस पश्चिमी संस्कृति व जीवन शैली पर आधारित गेम्स का इन दिनों मोबाइल पर प्रचलन है, वे बच्चों को संवेदनहीन और निर्मम बना रहे हैं। बच्चों में लगातार अधैर्य, अशांति व आक्रामकता बढ़ रही है। बच्चों को ये लगता है कि व्यावहारिक जीवन में भी ऐसा ही व्यवहार सामान्य बात है। बच्चों के व्यवहार में आ रहा यह बदलाव एक घातक संकेत है। हमारे नीति-नियंताओं और शिक्षकों-अभिभावकों को सजग-सतर्क होकर इस संकट के समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करना होगा।

## चिंतन-मनन

### कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें..

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी।

सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वार्तालाप शुरू होता है।

कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं।

मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

# लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने



सनत जैन

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह एक असाधारण राजनीतिक स्थिति है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र बचाने का नारा लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन की वोट बचाओ, देश बचाओ रैली और इसके जवाब में भाजपा का देशव्यापी लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान इस बात का संकेत है। चुनावी प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक संघर्ष अब संसद की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों तक पहुंच गया है। इंडिया गठबंधन की रैली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मंच साझा किया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद, वामपंथी दलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटने तथा चुनाव के दौरान कंप्यूटर की सहायता से भारी हेरफेर किए जाने के आरोप मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए गए और सवाल उठाए गए। इस आयोजन में राजनीतिक नेताओं के साथ सामाजिक संगठनों, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों, युवाओं और उन मतदाताओं ने भी भागीदारी की, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गये थे। 31 अक्टूबर को आयोजित प्रतीकात्मक जन संसद में भी विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ छह आरोपों के साथ प्रस्ताव पारित किया। विपक्ष की मांग है, ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाये। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच हो। इस पूरे विवाद की जड़ एसआईआर यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी हुई है। इंडियन एक्सप्रेस की पड़ताल के अनुसार 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए गए। सबसे गंभीर बात यह है कि चुनाव आयोग के ही दो अन्य आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कई बार आयोग के भीतर प्रक्रियाओं और फैसलों पर लिखित आपत्तियां दर्ज कराई थीं। अखबार की रिपोर्ट में ऐसी 14 आपत्तियों का उल्लेख है। इससे चुनाव आयोग की आंतरिक कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। ज्ञानेश कुमार एक तरफा फैसला ले रहे थे।

राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में अपने भाषण के दौरान ज्ञानेश कुमार और चुनावी प्रक्रिया को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी में शामिल लोगों को जवाबदेह बनाया जाएगा। ममता बनर्जी ने भी बताया पश्चिम बंगाल का चुनाव किस तरह लूटा गया है, डकैती डाली गई है। रैली में वक्ताओं ने बड़े आक्रामक तरीके से चुनाव आयोग द्वारा की गई गडबड़ियों का उल्लेख किया। दूसरी ओर भाजपा ने विपक्ष के आंदोलन को अराजकता फैलाने की कोशिश बताते हुए देशभर में जवाबी कार्यक्रम आयोजित किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के समर्थन में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग राज्यों में पदयात्राओं और सभाओं के माध्यम से विपक्ष के ऊपर हमला किया है। यह भी सत्य है कि इस बार विपक्ष के साथ भारी भीड़ है, जनमानस का समर्थन प्राप्त है। उसके मुकाबले में भाजपा की पदयात्रा और रैली में वह भीड़ देखने को नहीं मिली जो होना चाहिए थी। यह राजनीतिक संघर्ष अब केवल राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी अथवा कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं रह गया है। इसका सीधा संबंध देश की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता से जुड़ गया है। चुनाव आयोग पर आरोप लगना और उन आरोपों का राजनीतिक रूप से जवाब देना, अलग बात है। आयोग की निष्पक्षता पर आम जनता और राजनीतिक दलों का भरोसा बना रहना अनिवार्य है। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित है। आरोपों का अंतिम निर्णय तथ्यों, जांच और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। विपक्ष ज्ञानेश कुमार की स्थिति को लेकर जो दबाव बना रही है, सत्ता पक्ष के ऊपर उसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। उल्टे सत्ता पक्ष द्वारा विपक्ष को घेरने की कोशिश की जा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है, देश पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक सुस्ती, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मे बढ़ता टकराव सरकार के विकास कार्यों एवं जरूरी मुद्दों पर समय पर निर्णय नहीं ले पाने के कारण सरकार की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इसका असर अंतोगत्वा जनता पर ही पडना है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी भूमिका है। विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी उन सवालों का जवाब देना है। चुनाव आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पारदर्शिता के साथ प्रश्नों का जवाब देने के लिए सामने आना चाहिए। यदि विपक्ष के आरोप गलत हैं, तो तथ्यों के साथ चुनाव आयोग द्वारा उन्हें खारिज किया जाना चाहिए। यदि कहीं गड़बड़ी हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच और उसमें सुधार होना चाहिए। चुनाव आयोग को अपनी कार्य प्रणाली इस तरीके से तैयार करनी होगी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों को विश्वास हो। पिछले 7 दशकों में राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के बीच जो विश्वास बना था वह पूरी तरह से खत्म हो चुका है। लोकतंत्र किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं है। वह 140 करोड़ देशवासियों का साझा अधिकार और विश्वास है। सवाल यह नहीं होना चाहिए, सड़क पर कौन जीता और कौन हारा, बल्कि यह होना चाहिए देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कैसे कायम रहे। यदि सत्ता और विपक्ष ने राजनीतिक अहंकार से ऊपर उठकर समाधान नहीं खोजा, तो इस टकराव का नुकसान अंततः देश और आम नागरिकों को ही उठाना पड़ेगा।

# रामलीला मैदान से लोकतंत्र की हुंकार



कुमार कृष्णन

दिल्ली का रामलीला मैदान 1 नवंबर 2026 को एक बार फिर भारतीय राजनीति के केंद्र में था। इंडिया गठबंधन की महारैली केवल विपक्षी दलों का शक्ति प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि मतदाता सूची, चुनावी पारदर्शिता, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर उठे सवालों का राष्ट्रीय मंच भी थी। वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे के साथ आयोजित इस रैली में उमड़ी भीड़ ने यह संकेत दिया कि विपक्ष चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विवाद को संसद और राजनीतिक बयानबाजी से आगे ले जाकर जनांदोलन का रूप देना चाहता है।

रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सहित विभिन्न राज्यों के नेताओं की मौजूदगी ने इसे व्यापक राजनीतिक स्वरूप दिया। अलग-अलग विचारधाराओं और क्षेत्रीय हितों वाले दलों का एक मंच पर आना अपने आप में महत्वपूर्ण था। इस आयोजन में बिहार कांग्रेस के नेताओं और पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।

रैली की प्रमुख तस्वीर राहुल गांधी की रही। भारी भीड़ के कारण पदयात्रा के बजाय वे खुले वाहन से रामलीला मैदान पहुंचे। उनके साथ प्रियंका गांधी और दूसरे विपक्षी नेता भी थे। सड़कों पर उमड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच खुले वाहन से नेताओं का आगे बढ़ना जनसंपर्क और शक्ति प्रदर्शन का प्रतीक बना।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर तीखा हमला किया। उनका आरोप था कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों के माध्यम से लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि यदि योग्य नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाते हैं तो चुनाव की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होंगे।

उनके भाषण का राजनीतिक संदेश स्पष्ट था। कांग्रेस इस मुद्दे को केवल निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे संविधान, नागरिक अधिकार और सत्ता की जवाबदेही से जोड़ रही है। हालांकि विपक्ष के आरोपों को प्रमाणित तथ्य मानने के बजाय उनकी स्वतंत्र जांच और आयोग के जवाब के संदर्भ में देखना जरूरी है। इस महारैली का एक अलग और आकर्षक दृश्य पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव (राजेश रंजन) का तिरंगा मार्च रहा। वे हजारों साधु-संतों और समर्थकों के साथ रामलीला मैदान पहुंचे। हिमाचल भवन और कनॉट प्लेस से मिंटो ब्रिज होते हुए आगे बढ़े इस काफिले में साधु-संतों और कार्यकर्ताओं के हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा था।

पप्पू यादव ने आंदोलन को लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा से जोड़ते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक राजनीतिक दल या व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और आम लोगों के अधिकारों को बचाने के लिए है।

इस मार्च का महत्व केवल उसमें शामिल लोगों की संख्या में नहीं था। साधु-संतों की भागीदारी ने राजनीतिक विरोध को व्यापक सामाजिक स्वरूप देने का प्रयास किया। भारतीय राजनीति में धार्मिक-सामाजिक समूहों की सार्वजनिक भागीदारी का अपना इतिहास है। इस अवसर पर तिरंगा लेकर उनका मताधिकार और संविधान से जुड़े सवालों पर मार्च करना एक अलग संदेश दे रहा था। पप्पू यादव की इस पहल ने रैली में सामाजिक भागीदारी का एक नया पक्ष जोड़ा।

रामलीला मैदान की महारैली के संदर्भ में बिहार कांग्रेस की भागीदारी को विशेष महत्व देना चाहिए। बिहार की राजनीति में सामाजिक न्याय, पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व और राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा महत्वपूर्ण मुद्दे रहे हैं। ऐसे में बिहार प्रदेश कांग्रेस के ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों की सक्रियता को केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम में भागीदारी के रूप में नहीं देखा जा सकता।

बिहार प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग की उपाध्यक्ष सोनी कुमारी, विभाग के अध्यक्ष अनुराग चंदन और मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल की भूमिका इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। इन पदाधिकारियों के सामने चुनौती है कि राष्ट्रीय स्तर पर उठाए जा रहे लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के सवालों को बिहार के गांवों, कस्बों और जिला मुख्यालयों तक पहुंचाएं।

सोनी कुमारी की भूमिका महिला प्रतिनिधित्व के सवाल से भी जुड़ती है। पिछड़े वर्ग की महिलाओं के सामने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी की अनेक चुनौतियां हैं। संगठन में महिलाओं की मौजूदगी तभी सार्थक होगी जब उन्हें निर्णय लेने और जनसंपर्क अभियान संचालित करने में वास्तविक भूमिका मिले। राजनीति में महिला प्रतिनिधित्व केवल पदों की संख्या नहीं, बल्कि नेतृत्व और अधिकार की भागीदारी भी है।

अनुराग चंदन के नेतृत्व में ओबीसी विभाग के सामने सामाजिक न्याय के मुद्दों को व्यापक राजनीतिक कार्यक्रम से जोड़ने की जिम्मेदारी है। जातीय जनगणना, आरक्षण, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक अवसरों की समानता जैसे प्रश्नों पर संगठन को लगातार संवाद करना होगा। मतदाता सूची में किसी योग्य नागरिक का नाम छूटना भी सामाजिक न्याय से जुड़ा सवाल है, क्योंकि मताधिकार नागरिक की राजनीतिक पहचान और भागीदारी का आधार है।

मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल की जिम्मेदारी भी इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय मंचों पर उठे सवालों को स्थानीय स्तर तक ले जाना जिला संगठनों का काम है। मतदाता सूची में नामों की जांच, नए मतदाताओं का पंजीकरण और नाम हटाए जाने से संबंधित शिकायतों में नागरिकों की सहायता जैसे कामों से ही यह अभियान व्यावहारिक रूप ले सकता है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू के नेतृत्व में प्रदेश संगठन के सामने भी यही चुनौती है। संगठनात्मक विस्तार के साथ पिछड़े, अति पिछड़े, दलित, महिला और युवा वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। बिहार कांग्रेस को गठबंधन की राजनीति के साथ अपनी स्वतंत्र संगठनात्मक पहचान और जमीनी सक्रियता भी मजबूत करनी होगी।विभिन्न प्रदेशों की भागीदारी और विपक्षी एकता

रामलीला मैदान की रैली की विशेषता विभिन्न राज्यों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी थी। उत्तर प्रदेश से अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी, बिहार से तेजस्वी यादव, झारखंड से हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन, जम्मू-कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला तथा महबूबा मुफ्ती और दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों से आए नेताओं ने इस आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। वामपंथी दलों की मौजूदगी ने भी विपक्षी एकजुटता को व्यापक बनाया।

इस भागीदारी के पीछे अलग-अलग राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियां हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आशंकाएं हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने नाम हटाए जाने के सवाल उठाए हैं। बिहार में भी मतदाता अधिकार और चुनावी पारदर्शिता का मुद्दा राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। झारखंड सहित दूसरे राज्यों के नेताओं ने भी इस प्रश्न को लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ा। अखिलेश यादव ने अपने भाषण में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मुद्दे को उठाया। तेजस्वी यादव ने इसे मतदाताओं के अधिकारों की लड़ाई बताया। ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। इस तरह अलग-अलग प्रदेशों की राजनीतिक चिंताएं एक साझा मंच पर सामने आईं।

# जीएसएलवी-एफ18/एनवीएस-03 मिशन : भारत की स्वदेशी नेविगेशन क्षमताओं को मजबूत करना

बिहान भारत

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 30 अक्टूबर 2026 को 23:51 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी), श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ18/एनवीएस-03 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। GSLV-F18 लॉन्च व्हीकल ने नेविगेशन सैटेलाइट NVS-03 को एक सटीक जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) में स्थापित किया। इसके बाद, 31 अक्टूबर 2026 को 16:48 बजे पहला ऑर्बिट मैन्यूवर (कक्षा संबंधी युक्ति) पूरा किया गया। इसे 111.75° पूर्व में इसके निर्धारित जियोसिंक्रोनस ऑर्बिटल स्लॉट में पहुँचाने के लिए आगे और भी मैन्यूवर किए जाने की योजना है।

यह उपग्रह भारत के अगली पीढ़ी के पांच नौवहन उपग्रहों की श्रृंखला का तीसरा उपग्रह है। इसे भारतीय नक्षत्र के साथ नौवहन (NavIC) को मजबूत करने और उपग्रह आधारित नौवहन में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

क्या आप जानते हैं? भू-समकालिक या भू-स्थिर कक्षा में जाने वाले अंतरिक्ष यान को आमतौर पर पहले दीर्घवृत्ताकार भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित किया जाता है। इस कक्षा में पृथ्वी से निकटतम बिंदु (उपभू) कम ऊंचाई पर और पृथ्वी से सबसे दूर का बिंदु (अपभू) अधिक ऊंचाई पर होता है। सामान्य जीटीओ में अपभू पृथ्वी की सतह से लगभग 35,786 किलोमीटर ऊपर होता है। अपभू के निकट अंतरिक्ष यान अपनी कक्षा में उपभू की ऊंचाई बढ़ाने और कक्षा को वृत्ताकार बनाने के लिए अपने प्रणोदन तंत्र को चालू करता है। लक्षित कक्षा के अनुसार, कक्षा के झुकाव और स्थिति में बदलाव करने के लिए अतिरिक्त प्रक्रियाएँ भी की जा सकती हैं। कक्षा की ऊंचाई बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्रणोदन तंत्र को आमतौर पर अपभू मोटर कहा जाता है।

एनवीएस-03 के मामले में, कक्षा की ऊँचाई बढ़ाने की प्रक्रिया इसके तरल अपभू मोटर (एलएएम) का उपयोग करके पूरी की गई। यह रासायनिक रॉकेट इंजन का एक प्रकार है।

### मिशन की मुख्य बातें

सफल लॉन्च: GSLV-F18 ने NVS-03 को उसके तय जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) में पहुंचाया। यह भारत के सैटेलाइट नेविगेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की कोशिशों में एक और मील का पत्थर है।

20वीं जीएसएलवी उड़ान: यह मिशन भारत के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल की 20वीं उड़ान है। यह दिखाता है कि स्ट्रेटेजिक स्पेस मिशन के लिए भारत के लॉन्च व्हीकल का लगातार ऑपरेशनल इस्तेमाल हो रहा है।

नेक्स्ट-जेनरेशन सीरीज सैटेलाइट: NVS-03, सेकंड-जेनरेशन NavIC सैटेलाइट (NVS-01 से NVS-05) का तीसरा सैटेलाइट है। इन सैटेलाइट को भारत के रीजनल नेविगेशन सिस्टम की कवरेज, सटीकता और भरोसे को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### उपग्रह नौवहन प्रणाली

उपग्रह नौवहन प्रणाली उपग्रहों का एक नेटवर्क है, जो स्थिति निर्धारण, नौवहन और समय संबंधी जानकारी उपलब्ध कराता है। ये उपग्रह लगातार ऐसे संकेत प्रसारित करते हैं, जिनमें उनकी स्थिति और सटीक समय की जानकारी होती है। स्मार्टफोन, वाहनों और नौवहन उपकरणों जैसे अभिग्राहक अनेक उपग्रहों से प्राप्त संकेतों का उपयोग करके अपनी सटीक स्थिति, गति और दिशा निर्धारित करते हैं। ये प्रणालियाँ मार्ग नौवहन, विमान और जहाजों की निगरानी, सटीक कृषि, आपदा प्रबंधन और दूरसंचार सहित कई कार्यों में सहायता करती हैं। इनके उदाहरणों में अमेरिका की ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और भारत की भारतीय नक्षत्र के साथ नौवहन (नाविक) प्रणाली शामिल हैं।

बेहतर नौवहन संकेत: एनवीएस-03 में एल1, एल5 और एस आवृत्ति बैंड में नौवहन पेलोड लगाए गए हैं। एल5 और एस संकेतों के साथ एल1 संकेत को शामिल करने से नाविक की क्षमताओं और अनुकूलता में और वृद्धि होगी। यह भारत के भूभाग और इसकी भू-राजनीतिक सीमा से 1,500 किलोमीटर आगे तक के क्षेत्र में नौवहन कवरेज प्रदान करने में सहायता करता है।

कई आवृत्ति बैंड के उपयोग से अनुकूल अभिग्राहक अलग-अलग आवृत्तियों पर प्रसारित संकेतों को प्राप्त कर सकते हैं। इससे विभिन्न अनुप्रयोगों और परिचालन परिस्थितियों के अनुकूल अभिग्राहक तैयार करने के विकल्प भी उपलब्ध होते हैं।



### नौवहन संकेत और उनके आवृत्ति बैंड

नौवहन संकेत रेडियो आवृत्ति वाले संकेत होते हैं, जिन्हें नौवहन उपग्रह पृथ्वी पर स्थित अभिग्राहकों तक प्रसारित करते हैं। इन संकेतों में सटीक समय और उपग्रह की स्थिति से संबंधित जानकारी होती है। अभिग्राहक इस जानकारी का उपयोग करके अपनी स्थिति, गति और समय की गणना करते हैं। आवृत्ति बैंड रेडियो आवृत्तियों की निश्चित सीमाएं होती हैं, जिनका उपयोग इन संकेतों को प्रसारित करने के लिए किया जाता है। उपग्रह नौवहन प्रणालियाँ रेडियो आवृत्ति स्पेक्ट्रम के निर्धारित हिस्सों का उपयोग करती हैं। अलग-अलग बैंड के माध्यम से संकेतों को विभिन्न आवृत्तियों पर प्रसारित और प्राप्त किया जा सकता है।

स्वदेशी तकनीक: एनवीएस-03 में खरीदी गई परमाणु घड़ियों के साथ-साथ स्वदेश में विकसित परमाणु घड़ी भी लगाई गई है। ये घड़ियाँ नौवहन संकेत तैयार करने के लिए अत्यंत सटीक समय का संदर्भ उपलब्ध कराती हैं। संकेतों को तय की गई दूरी तय करने में लगने वाले समय का पता लगाने और उपयोगकर्ताओं की स्थिति की गणना करने के लिए सटीक समय का होना आवश्यक है।

व्यापक उपयोग: एनवीएस-03 भारत की स्वतंत्र स्थिति निर्धारण, नौवहन और समय (पीएनटी) संबंधी क्षमताओं को मजबूत करता है। इन क्षमताओं से परिवहन, समुद्री संचालन, विमानन, आपदा प्रबंधन, सटीक कृषि और रणनीतिक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में सहायता मिलती है। भारत की अंतरिक्ष संप्रभुता को मजबूत करने के बारे में और पढ़ें

### भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी)

भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है। इसका उपयोग उपग्रहों को भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) और निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में स्थापित करने के लिए किया जाता है। जीएसएलवी की विशेषता, जो इसे अन्य प्रक्षेपण यानों से अलग बनाती है, इसका अंतिम चरण है। इसमें स्वदेश में विकसित क्रायोजेनिक ऊपरी चरण का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, जीएसएलवी में इस्तेमाल होने वाले बूस्टर तरल ईंधन से संचालित होते हैं, जिन्हें आमतौर पर एल-40 के नाम से जाना जाता है। इनमें नाइट्रोजन टेट्राऑक्साइड (N2O4) और यूएच-25 के हाइपरगोलिक मिश्रण का उपयोग किया जाता है। यूएच-25 में 75 प्रतिशत असममित डाइमेथिलहाइड्राजीन (यूडीएमएच) और 25 प्रतिशत हाइड्राजीन हाइड्रेट होता है। जीटीओ के बारे में और पढ़ें।

जीएसएलवी-एफ18 की ऊँचाई लगभग 50 मीटर है और प्रक्षेपण के समय इसका भार लगभग 420 टन होता है। इसमें 3.4 मीटर व्यास वाला धातु का पेलोड फेयरिंग लगा है। इसने लगभग 2,250 किलोग्राम वजनी नौवहन उपग्रह एनवीएस-03 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

क्रायोजेनिक ऊपरी चरण: क्रायोजेनिक ऊपरी चरण प्रक्षेपण यान का अंतिम चरण होता है। इसमें ऐसे प्रणोदकों का उपयोग किया जाता है, जो उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षाओं में स्थापित करने के लिए आवश्यक उच्च दक्षता प्रदान करते हैं। जीएसएलवी में इस्तेमाल होने वाले इसरो के स्वदेशी क्रायोजेनिक ऊपरी चरण में ईंधन के रूप में तरल हाइड्रोजन (LH2) और ऑक्सीकारक के रूप में तरल ऑक्सीजन (LOX) का उपयोग किया जाता है। इन दोनों को अत्यंत कम तापमान पर रखा जाता है। इसने जीएसएलवी की शुरूआती उड़ानों में इस्तेमाल किए जाने वाले रूस से प्राप्त चरण का स्थान लिया। इससे उन्नत प्रक्षेपण यान तकनीक के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत हुई है।

### NavIC को समझें: भारत की स्वदेशी नौवहन प्रणाली

- NavIC भारत की क्षेत्रीय उपग्रह नौवहन प्रणाली है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है।
- इसे पहले भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली (आईआरएनएसएस) के नाम से जाना जाता था।
- यह प्रणाली उपयोगकर्ताओं को स्थिति निर्धारण, नौवहन और समय (पीएनटी) संबंधी सेवाएं प्रदान करती है।
- NavIC को मूल रूप से सात उपग्रहों के समूह के साथ तैयार किया गया था। इसे चौबीसों घंटे काम करने वाले भू-स्टेशनों के नेटवर्क का सहयोग प्राप्त है। इसकी संरचना में तीन उपग्रह भू-स्थिर कक्षा में और चार उपग्रह झुकी हुई भू-समकालिक कक्षा में स्थापित हैं। मौजूदा उपग्रह समूह की क्षमता बढ़ाने और नौवहन सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए एनवीएस श्रृंखला के उपग्रह स्थापित किए जा रहे हैं।

NavIC भारत के भूभाग और इसकी भू-राजनीतिक सीमा से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे तक के क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करता है।

एनवीएस श्रृंखला में पहले से इस्तेमाल हो रहे एल5 और एस संकेतों के साथ एल1 संकेत भी जोड़ा गया है।

दो प्रकार की नौवहन सेवाएं

NavIC आम नागरिकों और अधिकृत रणनीतिक उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दो प्रकार की नौवहन सेवाएं प्रदान करता है।

मानक स्थिति निर्धारण सेवा (एसपीएस): यह एक खुली नौवहन सेवा है, जो आम नागरिकों के उपयोग के लिए उपलब्ध है। NavIC के एसपीएस संकेत अन्य वैश्विक उपग्रह नौवहन प्रणालियों (जीएनएसएस) के संकेतों के साथ भी काम कर सकते हैं। इनमें अमेरिका का जीपीएस, रूस का ग्लोनास, यूरोपीय संघ का गैलीलियो और चीन का बेइदौ शामिल हैं।

प्रतिबंधित सेवा (आरएस): यह एक कूटबद्ध नौवहन सेवा है, जो केवल रणनीतिक उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है।

### अगली पीढ़ी की नौवहन उपग्रह श्रृंखला की प्रगति

नाविक उपग्रह समूह की क्षमता बढ़ाने और स्वदेशी नौवहन सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पांच उपग्रहों वाली एनवीएस श्रृंखला विकसित की जा रही है। अब तक एनवीएस-01, एनवीएस-02 और एनवीएस-03 का प्रक्षेपण किया जा चुका है, जबकि एनवीएस-04 और एनवीएस-05 का प्रक्षेपण किया जाना बाकी है। इसरो नाविक सेवाओं के कवरेज, विश्वसनीयता और उपलब्धता को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

### एनवीएस-01 - अगली/दूसरी पीढ़ी की श्रृंखला का पहला उपग्रह

भारत के जीएसएलवी की 15वीं उड़ान जीएसएलवी-एफ12 ने एनवीएस-01 को भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा में स्थापित किया।

एनवीएस-01 का प्रक्षेपण 29 मई 2023 को किया गया था। यह दूसरी पीढ़ी की नाविक उपग्रह श्रृंखला का पहला उपग्रह है। इसे नाविक की पहले से उपलब्ध सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है।

इसमें एल1, एल5 और एस बैंड में नौवहन पेलोड लगाए गए हैं।

प्रक्षेपण के समय इसका भार लगभग 2,232 किलोग्राम था।

एनवीएस-01 का निर्धारित मिशन जीवनकाल 12 वर्ष है।

इसमें अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा विकसित स्वदेशी रूबिडियम परमाणु घड़ी लगाई गई है।

### एनवीएस-02 - इस श्रृंखला का दूसरा उपग्रह

एनवीएस-02 का प्रक्षेपण 29 जनवरी 2025 को जीएसएलवी-एफ15 के माध्यम से किया गया था।

इसमें एल1, एल5 और एस बैंड के नौवहन पेलोड के साथ-साथ सी-बैंड का रेंजिंग पेलोड भी लगाया गया है।

प्रक्षेपण के समय एनवीएस-02 का भार 2,250 किलोग्राम था।

इसमें सटीक समय का आकलन करने के लिए स्वदेशी और खरीदी गई परमाणु घड़ियों का उपयोग किया गया है।

प्रक्षेपण के बाद ऑक्सीकारक के वाल्व नहीं खुलने के कारण उपग्रह की कक्षा को ऊंचा करने की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी। परिणामस्वरूप, उपग्रह अपनी निर्धारित कक्षीय स्थिति तक नहीं पहुंच सका।

### एनवीएस-04 और एनवीएस-05 - आगामी उपग्रह

एनवीएस-04 और एनवीएस-05 दूसरी पीढ़ी की नाविक उपग्रह श्रृंखला के लिए नियोजित चौथे और पाँचवें उपग्रह हैं।

पहले के एनवीएस उपग्रहों की तरह, इन दोनों में भी एल5 और एस बैंड के साथ एल1 संकेत प्रसारित करने की अपेक्षा है। इन दोनों उपग्रहों को बेहतर नौवहन क्षमताएँ प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है।

### भारत की अंतरिक्ष संप्रभुता की दिशा में एक और कदम

अगली पीढ़ी के नाविक उपग्रहों का सफल विकास और प्रक्षेपण उन्नत अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्वदेशी उपग्रह नौवहन क्षमताओं को मजबूत करके भारत स्वतंत्र रूप से विश्वसनीय स्थिति निर्धारण, नौवहन और समय संबंधी सेवाएँ प्रदान करने की अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। इन प्रगतियों से महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विदेशी उपग्रह नौवहन प्रणालियों पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, इससे रणनीतिक अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचे के निर्माण, विकास और संचालन के लिए भारत की तकनीकी क्षमता भी मजबूत होगी। ये प्रयास भारत की अंतरिक्ष संप्रभुता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ती भूमिका को और सुदृढ़ करते हैं।

# संघर्ष और मेहनत से ही मिलती है सफलता : राज्यपाल

बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को लोकभवन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मोरहाबादी के छात्रों और शिव नारायण मारवाड़ी कन्या मध्य विद्यालय की छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, लगातार मेहनत करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने बच्चों के साथ अपने जीवन के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने बताया कि वे भी एक सामान्य परिवार से आते हैं। जब वे मात्र एक वर्ष के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। उनकी मां ने कठिन परिस्थितियों में उनका पालन-पोषण किया और उन्हें शिक्षा दिलाई। उन्होंने कहा कि जीवन में कई मुश्किलें आती हैं, लेकिन मजबूत इरादे और मेहनत से हर चुनौती का सामना किया जा सकता है।



राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को अच्छे विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिल रहा है, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। समाज के लोग भी शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपनी पढ़ाई को गंभीरता से लें और जीवन में आगे बढ़ने का लक्ष्य तय करें।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान किसी विषय को लेकर मन में सवाल या संदेह हो, तो शिक्षकों और सहपाठियों से पूछने में संकोच नहीं करना चाहिए. सवाल पूछने और नई चीजें सीखने की इच्छा से ही ज्ञान बढ़ता है। उन्होंने बच्चों से अच्छे नागरिक बनने और अपने सपनों को सीमित नहीं रखने की अपील की।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति भी अपनी मेहनत, प्रतिभा और मजबूत इच्छाशक्ति से बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है। इसलिए बच्चों को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों को लोकभवन के उद्यान में लगे कल्पतरु, रुद्राक्ष और सिंदूर सहित कई खास पौधों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद बच्चों ने लोकभवन के उद्यान का भ्रमण भी किया।

# जेसोवा मेले में उपायुक्त कंचन सिंह ने किया पलाश स्टॉल का भ्रमण, दीदियों के हुनर की सराहना



बिभा संवाददाता

**राँची।** मोराबादी मैदान में आयोजित जेसोवा मेले में सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह ने सिमडेगा जिले के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा लगाए गए पलाश स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल पर प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों का बारीकी से अवलोकन किया और ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा तैयार की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता एवं निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने उपायुक्त को पलाश ब्रांड के उत्पादों से युक्त आकर्षक गिफ्ट हैंपर सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सहयोग से पलाश ब्रांड के जरिए ग्रामीण महिलाओं को आजीविका संवर्धन, उत्पाद विपणन और बड़े बाजार से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

उपायुक्त कंचन सिंह ने दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता और कौशल को नई पहचान मिलती है। स्थानीय उत्पादों को बेहतर मंच और बाजार उपलब्ध कराकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना ग्रामीण विकास की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

# दूरदर्शन रांची में कृषि प्रसार कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने पर मंथन



बिभा संवाददाता

**रांची।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की मास मीडिया सपोर्ट टू एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजना के तहत दूरदर्शन केंद्र, रांची में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कृषि प्रसार कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी, किसान हित में बेहतर गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात पर आयोजित इस कार्यशाला में कृषि कार्यक्रमों के निर्माण, प्रसारण और डिजिटल माध्यमों पर उनके प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीडीजी सेल्स संजय प्रसाद ने कहा कि दूरदर्शन के माध्यम से किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती है।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख सुधीर कुमार ने कार्यशाला की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि प्रसार कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने और विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए यह पहल की गई है। कार्यशाला में सोशल मीडिया संचालन, वित्तीय प्रबंधन, कार्यक्रम निर्माण, रॉ फुटेज एवं सामग्री के आदान-प्रदान, संगीत संग्रहण और अभिलेखीकरण जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

इसके साथ ही उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और कार्यक्रम सामग्री के साझा इस्तेमाल पर जोर दिया गया। कार्यशाला में डीडी किसान के सलाहकार अनूप खजूरिया, रांची केंद्र के कार्यालय प्रमुख केके साहू सहित विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों के अधिकारी और कार्यक्रम निर्माण से जुड़े कर्मी पदाधिकारी मौजूद थे।

## रिम्स में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पैलेस्ट्रा का शुभारंभ



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ह्यपैलेस्ट्राह्ल का उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। रिम्स के निदेशक डीके सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज स्टूडेंट सेक्शन, सब-डीन, विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर निदेशक डीके सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। खेलकूद से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास और धैर्य जैसे गुणों का विकास होता है। साथ ही, इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने और खेल भावना को सर्वोपरि रखने की अपील की। पैलेस्ट्रा रिम्स की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता है, जिसके तहत विभिन्न खेलों और एथलेटिक्स स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य चिकित्सा विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता पैदा करना और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना है। रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) शिशिर कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही संस्थान परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## साणंद में अंधविश्वास का खौफनाक सच : मानसिक विक्षिप्त पिता ने 10 वर्षीय बेटे की दी बलि

साणंद, एजेंसी। अहमदाबाद जिले के साणंद तालुका के विंछिया गांव में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां मानसिक रूप से विक्षिप्त एक खेतिहर मजदूर नरेश पटेल ने अपने 10 वर्षीय इकलौते बेटे करण की बेरहमी से हत्या कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्या के बाद आरोपी ने शव के पास ही चैन की नींद सो गया। गुजरात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पत्नी भारतीबेन से किसी बात पर विवाद हो गया था, जिसके बाद वह अपने मायके चली गई थी। बेटा स्कूल जाने के कारण पिता के पास ही रह गया था। रविवार रात नरेश ने गुस्से और अंधविश्वास में आकर बेटे को पैरों से पकड़कर घर में बनी देवी की वेदी के सामने जमीन पर कई बार पटका और डंडे से सिर पर वार कर उसकी जान ले ली। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने पत्नी को बताया कि उसके पिता स्थानीय समुदाय में भुवा (देवी-देवता और लोगों के बीच मध्यस्थ) थे और उसने खुद भी यह भूमिका संभाली थी। उसने अंधविश्वास के चलते यह खौफनाक कदम उठाया ताकि भविष्य में परिवार में कोई और भुवा न बने।

## महाराष्ट्र के 8 जिलों की अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, एक साथ मिले ई-मेल से मचा हड़कंप

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की न्याय व्यवस्था में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब राज्य के आठ जिलों की जिला एवं सत्र अदालतों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। ठाणे, सातारा, सोलापुर, सांगली, बीड, हिंगोली, परभणी और अमरावती की अदालतों को निशाना बनाकर भेजे गए इन ई-मेल के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। एहतियात के तौर पर सभी संबंधित अदालतों की इमारतों को खाली करा लिया गया। धमकी भरे ई-मेल मिलने के तुरंत बाद वरिष्ठ न्यायाधीशों ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और अदालत में मौजूद पक्षकारों को तत्काल बाहर निकाला गया। पुलिस, बम निरोधक एवं निष्क्रियकरण दस्ते (बीडीडीएस), डॉग स्क्वॉड और साइबर सेल की टीमें मौके पर पहुंचीं और अदालत परिसरों की सघन तलाशी शुरू की। ठाणे जिला अदालत को धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद ठाणे नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर अदालत परिसर में आवाजाही पर नियंत्रण लगा दिया गया। वहीं, सातारा जिला न्यायालय में भी बम से इमारत उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बीड जिला एवं सत्र न्यायालय में वरिष्ठ न्यायाधीशों को धमकी का ई-मेल मिलने के बाद वकीलों और पक्षकारों के बीच अफरा-तफरी मच गई। लोग आनन-फानन में अदालत परिसर से बाहर निकलने लगे। इसी तरह सोलापुर जिला न्यायालय में भी धमकी मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरी इमारत को खाली कराया गया। हिंगोली में धमकी भरा संदेश मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बम निरोधक दस्ते ने न्यायाधीशों के चैंबर सहित सभी कक्षों की बारीकी से जांच की। अमरावती जिला एवं सत्र न्यायालय में भी पुलिस ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और पूरे परिसर की तलाशी ली। उधर, सांगली और परभणी जिला न्यायालयों को भी इसी तरह के धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हुए। इसके बाद पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की टीमें अदालत परिसरों में पहुंचीं। सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया गया। एक ही समय में राज्य के आठ जिलों की अदालतों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। अब साइबर पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये ई-मेल कहां से और किसने भेजे हैं। इसके पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ है या फिर कोई बड़ी साजिश रची गई है, इसकी भी जांच की जा रही है।

# चिदंबरम का नितिन नवीन से सवाल- 3 करोड़ घुसपैठिए हैं कौन, क्यों काटे 13.30 करोड़ नाम?

### -कांग्रेस नेता ने घुसपैठियों की पहचान सार्वजनिक करने की मांग की

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश में घुसपैठियों की संख्या और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के देश में तीन करोड़ घुसपैठिए होने के दावे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सवाल करते हुए सरकार से घुसपैठियों की पहचान सार्वजनिक करने और कानून के मुताबिक कार्रवाई करने की मांग की है।

चिदंबरम का सवाल है, कि भाजपा अध्यक्ष ने जिन तीन करोड़ घुसपैठियों की बात कही है, वे कौन हैं और क्या केंद्र तथा राज्य सरकारों ने उनकी पहचान कर ली है? यदि हरियाणा के लोगों को घुसपैठियों की जानकारी है तो राज्य सरकार उनके नाम सार्वजनिक कर कार्रवाई क्यों नहीं करती? इसी के साथ ही चिदंबरम ने कहा, कोई भी घुसपैठियों को बचाने की कोशिश नहीं कर रहा



है, लेकिन उनकी पहचान और संख्या को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने आनी चाहिए। चिदंबरम ने सवाल किया है, यदि देश में तीन करोड़ घुसपैठिए हैं तो एसआईआर के दौरान 13.30 करोड़ नाम क्यों हटाए गए? क्या हटाए गए सभी नाम मृत लोगों के थे? उन्होंने पश्चिम बंगाल में अपील के बाद दोबारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले लोगों का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक, हटाए गए नामों में से 91 से 93 प्रतिशत लोगों ने अपील में सफलता हासिल की। उन्होंने पूछा कि क्या ये लोग भी घुसपैठिए थे?

**कांग्रेस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप**

दूसरी ओर, नितिन नवीन ने कांग्रेस पर चुनावी नतीजों को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और केरल में जीत मिलने पर कांग्रेस लोकतंत्र को सही मानती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में हारने पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाती है। नवीन ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर केवल राजनीतिक मुद्दे खड़े कर रही है। उन्होंने बिहार में बूथ लेवल एजेंटों की मौजूदगी और शिकायतों का हवाला देते हुए कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाए।

## महादेव एप मामले में सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण: सीएम साय ने बताया बड़ी सफलता

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महादेव ऑनलाइन सट्टा एप घोटाले के कथित सरगना सौरभ चंद्राकर के प्रत्यर्पण को बड़ी सफलता बताया है। दिल्ली रवाना होने से पहले रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए, मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि उससे पूछताछ के बाद उन लोगों की पहचान सामने आएगी, जिन्हें इस अवैध सट्टा सिंडिकेट से प्रोटेक्शन मनी मिलता था। उन्होंने कार्रवाई के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने चंद्राकर को ओमान से भारत वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीबीआई अधिकारियों ने बताया था कि एजेंसी ने छह हजार करोड़ रुपये के कथित महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप घोटाले के सिलसिले में चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कराया है। सीबीआई की टीम आरोपी चंद्राकर को भारत लेकर आई थी और सोमवार को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। चंद्राकर दो सीबीआई मामलों और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में वांछित था, जिसमें पहले ही आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। उसके खिलाफ जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर रॉयल ओमान पुलिस ने हिरासत में लिया था, जिसके बाद सीबीआई और ईडी के औपचारिक अनुरोध पर प्रत्यर्पण संभव हो पाया। जांच में खुलासा हुआ है कि महादेव ऑनलाइन बुक देश के सबसे बड़े अवैध ऑनलाइन बेटिंग सिंडिकेट में से एक था, जिसे भारत के बाहर से फ्रेंचाइजी पैनलों के जरिए संचालित किया जा रहा था।

## राहुल गांधी खुद आज लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती: सुधांशु त्रिवेदी

- राहुल के आने से पहले कांग्रेस कई राज्यों में शून्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी पर चुनावी प्रक्रियाओं के बारे में गलत नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाकर कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बीजेपी सांसद त्रिवेदी ने टिप्पणी करते हुए विपक्ष की उस प्रवृत्ति पर सवाल उठाया, जिसमें वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और बढ़ती राष्ट्रीय गौरव की भावना से खुश नहीं दिखते। बीजेपी



सांसद त्रिवेदी ने कांग्रेस के कई राज्यों में लंबे समय से सत्ता से बाहर रहने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओडिशा में बीते 25 वर्षों से, गुजरात में 1995 से और उत्तर प्रदेश तथा बिहार में 1990 के दशक से सत्ता से बाहर है। इन राज्यों में कुल 120 लोकसभा सीटें आती हैं। बीजेपी प्रवक्ता ने राहुल गांधी के सत्ता-विरोधी लहर (एंटी-इनकम्बेंसी) के दावे को खारिज कर कहा कि वास्तविकता इससे काफी अलग है।

बीजेपी त्रिवेदी ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि उनकी पार्टी, उनके राजनीति में आने से बहुत पहले ही, उन राज्यों में भी 10 सीटें जीतने की स्थिति में नहीं थी जहाँ कुल 230 लोकसभा सीटें आती हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि कांग्रेस उन 230 सीटों में पहले से ही कमजोर थी, तब शेष 300 सीटों में से 272 जीतने की उम्मीद कैसे हो सकती थी? यह आंकड़ा कांग्रेस की वास्तविक स्थिति को दिखाता है और चुनावी परिणामों पर उनके गलत नैरेटिव को बेनकाब करता है। बीजेपी नेता ने कांग्रेस पार्टी के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलएस) की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाया। उन्होंने पूछा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया की निगरानी में उनकी क्या भूमिका थी। त्रिवेदी ने स्पष्ट किया कि जहां चुनाव आयोग सरकारी कर्मचारियों (बीएलओ) के माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट करता है, वहीं राजनीतिक दल अपने बीएलओ नियुक्त करते हैं ताकि इस प्रक्रिया पर नज़र रखी जा सके। पूरे देश में, चुनाव आयोग द्वारा 12 लाख बीएलओ और विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा 22 लाख बीएलए नियुक्त किए गए हैं। बीजेपी सांसद त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का मौजूदा रवैया न केवल तथ्यों से परे है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक गंभीर चुनौती भी प्रस्तुत करता है, क्योंकि वे चुनावी प्रक्रियाओं पर गलत धारणाएं फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

# यूपी चुनाव 2027 के लिए बीजेपी का मेगा प्लान, पीएम मोदी की 18 मंडलों में होंगी रैलियां

### बीजेपी के चाणय अमित शाह संभालने वाले हैं चुनावी रणनीति

**लखनऊ, एजेंसी ।** उत्तरप्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अभी से तैयारियां तेज करने की रणनीति तैयार की है। दिवाली के बाद पार्टी प्रदेश में तीन स्तरों पर व्यापक चुनावी अभियान शुरू करने की तैयारी में है। नवंबर और दिसंबर के दौरान चलने वाले अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अहम भूमिका होगी। पार्टी का लक्ष्य चुनाव से काफी पहले प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक पकड़ मजबूत करना है।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की प्रस्तावित रणनीति के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रहने वाले है। पीएम मोदी उत्तर प्रदेश के सभी 18 प्रशासनिक मंडलों में बड़ी रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। इन रैलियों के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने, मतदाताओं तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने और भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करने की कोशिश की जाएगी। पार्टी चाहती है कि उसका संदेश प्रदेश के हर प्रमुख क्षेत्र तक सीधे पहुंचे।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह चुनावी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों की कमान संभालने वाले है। उनके नेतृत्व में अलग-अलग जिलों और क्षेत्रों में रैलियां तथा बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन के जमीनी नेटवर्क को मजबूत करने पर विशेष ध्यान होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन विधानसभा क्षेत्र स्तर पर अभियान को गति देने वाले है। इसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम, रैलियां और संगठनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी भी अभियान का महत्वपूर्ण चेहरा है। वह जिला स्तर पर रैलियां कर सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे है।

बताया जा रहा है कि 20 नवंबर के बाद अभियान पूरी गति पकड़ सकता है। इसके लिए पार्टी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रही है। प्रस्तावित योजना के तहत प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता और छोटी टीम को कम से कम 50 परिवारों तक पहुंचने की जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले है। इस चुनावी रणनीति में युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को भी विशेष महत्व दिया गया है। पार्टी इन मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने और सरकार की योजनाओं से जोड़ने पर जोर देगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय कार्यकर्ताओं को रैलियों, जनसभाओं और क्षेत्रीय कार्यक्रमों की तस्वीरें, वीडियो और अपडेट साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। भाजपा की इस तीन स्तरीय रणनीति का मकसद 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में संगठन को मजबूत करना और व्यापक जनसमर्थन जुटाना है।

## सोनिया की लालू से मुलाकात, तेजस्वी ने कहा... चुनौतियों के लिए एकजुट हो विपक्ष

नई दिल्ली,एजेंसी। नई दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। इस दौरान राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे, जिन्होंने देशभर में विपक्षी दलों को एकजुट होकर वर्तमान चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। यह मुलाकात दिल्ली स्थित लालू प्रसाद की बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती के आवास पर हुई। तेजस्वी ने बताया कि लालू यादव नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली आए हुए थे। रविवार को उनकी सोनिया गांधी से फोन पर बात हुई थी और लालू प्रसाद के दिल्ली में होने की जानकारी मिलने पर सोनिया गांधी ने स्वयं उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके बाद यह भेंट हुई। उन्होंने दोनों परिवारों के बीच दशकों पुराने मधुर संबंधों का जिक्र कर कहा कि सोनिया गांधी और लालू प्रसाद ने हमेशा एक-दूसरे के कठिन समय में सहयोग किया है। यह एक लंबे अंतराल के बाद दोनों नेताओं की मुलाकात थी। तेजस्वी ने विपक्षी एकजुटता पर जोर देकर कहा कि केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश में विपक्षी दलों को एक साथ आकर मजबूती से चुनौतियों का सामना करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सभी विपक्षी दल एकजुट नहीं होते हैं, तब तक वर्तमान लड़ाई को जीता नहीं जा सकता। उनका यह बयान विपक्षी इंडिया गठबंधन की मजबूती के प्रयासों के बीच आया है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रखी, जिसमें कहा कि जब तक उन पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक विपक्ष चुप नहीं बैठेगा और उनका संघर्ष जारी रहेगा। दिल्ली के रामलीला मैदान में हाल ही में हुई रैली को फ्लॉप बताने के दावों को खारिज कर तेजस्वी ने कहा कि विरोधी बेचैन और परेशान हैं, क्योंकि उनकी चोरी पकड़ी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग लोकतंत्र को कुचलकर उसका अनुचित लाभ उठा रहे हैं। महाभारत की लड़ाई और कृष्ण के बारे में पूछने पर उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि पहले शकुनि को जान लीजिए।

# जयशंकर ने दो टूक सुनाया, भारत की विदेश नीति किसी के दबाव में नहीं चलेगी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि उसकी विदेश नीति किसी दूसरे देश के दबाव या निर्देशों से तय नहीं होगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी और रूस से तेल खरीदने जैसे मुद्दों पर भारत का रुख मजबूती से रखा है। उन्होंने साफ संदेश दिया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखकर स्वतंत्र फैसले लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके रुख को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दबाव की राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है।

अटलांटा में आयोजित जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक और क्वाड से जुड़ी बातचीत के दौरान भारत ने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दिया। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों की क्वाड बैठक में जयशंकर के साथ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग शामिल हुईं।

बैठक के दौरान जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में किसी भी देश पर दबाव बनाने की नीति को लेकर भारत का रुख स्पष्ट किया। खासकर रूस से तेल खरीदने के मामले में भारत ने कहा है कि उसकी ऊर्जा नीति देश की जरूरतों और राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होती है। अमेरिका के साथ क्वाड जैसे महत्वपूर्ण मंच पर साझेदारी होने के बावजूद भारत हर मुद्दे पर वाशिंगटन के विचारों से सहमत होने के लिए बाध्य नहीं है।

जयशंकर ने वैश्विक संघर्षों का मुद्दा उठाकर कहा कि युद्धों और अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर केवल संघर्ष में शामिल देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी दुनिया को इसकी आर्थिक और अन्य कीमत चुकानी पड़ती है। आतंकवाद के मुद्दे पर भी भारत अपना सख्त रुख दिखाया है। जयशंकर स्पष्ट कर चुके हैं कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस भारत की नीति है और इस मामले में किसी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारत का रुख चीन और अमेरिका सहित सभी वैश्विक शक्तियों के लिए स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि नई दिल्ली अपनी विदेश नीति स्वतंत्र रूप से तय करेगी। रणनीतिक साझेदारी के बावजूद राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं किया जाएगा।



# राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नवीन का भागलपुर में ऐतिहासिक स्वागत

### आतिशबाजी और बुलडोजर से पुष्पवर्षा

**भागलपुर, एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का, पदभार संभालने के बाद पहली बार भागलपुर पहुंचने पर, ऐतिहासिक और भव्य स्वागत हुआ। हवाई अड्डे से लेकर लाजपत पार्क तक पूरे रास्ते में उत्सव का माहौल छाया रहा, जहाँ फूलों की पंखुड़ियों की बारिश, ढोल-नगाड़ों की थाप और गगनभेदी आतिशबाजी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों में अद्भुत ऊर्जा का संचार किया।



कार्यकर्ताओं के उत्साह का आलम यह था कि कई स्थानों पर बुलडोजर पर चढ़कर काफिले पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गईं, कहीं फूल-मालाओं और गुलदस्तों से शीर्ष नेता का अभिनंदन हुआ। सड़क के दोनों ओर कतारबद्ध खड़े कार्यकर्ताओं और जनसमूह ने स्वागत समारोह को विशाल शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सुबह हेलीकॉप्टर से भागलपुर हवाई अड्डे पर उतरे, उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने पौधा भेंट कर औपचारिक अगवानी की। इसके बाद भाजपा और जदयू के वरिष्ठ स्थानीय नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने शॉल ओढ़ाकर, बुके और फूलों की माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

हवाई अड्डे पर बने वीआईपी लाउंज में कुछ देर ठहरने के बाद उनका काफिला निर्धारित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुआ। हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही स्वागत और भी भव्य हुआ। गाजे-बाजे के बीच कई बुलडोजरों से काफिले पर लगातार फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं, और आतिशबाजी व गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को फूल-मालाओं से लाद दिया। इसके बाद काफिला तिलकामांझी, आदमपुर होते हुए लाजपत पार्क पहुंचा, जहां भी हजारों कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन और वीवीआईपी प्रोटोकॉल को देखकर भागलपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षा के कड़े और चाक-चौबंद इंतजाम किए थे। जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी सुबह से ही अलर्ट मोड पर तैनात रहे, जिसमें जिलाधिकारी पांडेय ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली, और एसएसपी प्रमोद कुमार यादव सुरक्षा तंत्र की सीधी निगरानी कर रहे थे। सदर एसडीएम सुनील कुमार व एडीएम राकेश रंजन सहित वरीय अधिकारी भी पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

## शिवसेना नेता आनंद का दावा- फ्लॉप शो साबित हुई विपक्ष की रैली

- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी विपक्ष पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित इंडिया गठबंधन की महारैली को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुई इस रैली में कांग्रेस ने 10 लाख लोगों के शामिल होने का दावा किया था। हालांकि, भाजपा नेताओं के बाद अब शिवसेना नेता आनंद दुबे भी इस रैली को फ्लॉप शो बता दिया है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता और पूर्व में उद्धव ठाकरे गुट के प्रवक्ता रहे आनंद दुबे का कहना है, कि रैली में व्यापक तैयारियों के बावजूद केवल 50 से 60 हजार लोग ही पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल लोकतंत्र बचाने के नाम पर अपने परिवार, संपत्ति और राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं।

## बीजेपी में शामिल हुए 3 बागी विधायकों पर आप का हमला, बीजेपी को मुबारक हो यह कचरा

**लुधियाना, एजेंसी ।** पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। आप पार्टी के तीन बागी विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हुए हैं। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने तीनों नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा में शामिल हुए विधायकों पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा की आदत कचरा इकट्ठा करने की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास पंजाब में चुनाव लड़ने के लिए 117 उम्मीदवार भी नहीं हैं और उसका संगठन खोखला है। भारद्वाज के मुताबिक, पार्टी उन नेताओं को आगामी चुनाव में टिकट नहीं देगी, जिनके खिलाफ नकारात्मक फीडबैक मिला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा चाहे, तब इन नेताओं को टिकट दे सकती है, इससे आम आदमी पार्टी को कोई परेशानी नहीं है।

उधर, भाजपा ने तीनों नेताओं का पार्टी में स्वागत कर पंजाब में अपनी राजनीतिक मजबूती के लिए अहम बताया है। पार्टी का कहना है कि इन नेताओं का राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक



अनुभव पंजाब में भाजपा के मिशन को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। पूर्व आईपीएस अधिकारी और अमृतसर नॉर्थ से विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को भेज दिया है।

इसके पहले समाना के विधायक चेतन सिंह जौरामाजरा और सनौर के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी पार्टी छोड़ दी थी। भाजपा में शामिल होने के बाद कुंवर विजय प्रताप सिंह ने कहा कि पंजाब में शांति और समृद्धि की वापसी केवल भाजपा ही करा सकती है। चुनाव से पहले इस घटनाक्रम ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है।

# 4 और 18 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर होगी विशेष बैठक, मतदाता सूची की होगी जांच

## उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मांगा सहयोग, पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने पर जोर

बिभा संवाददाता



**साहेबगंज।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के सफल क्रियान्वयन एवं मतदाता सूची को पारदर्शी, त्रुटिरहित और समावेशी बनाने को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने आगामी 4 एवं 18 नवंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली पांचवीं और छठी बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ, बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला के सदस्यों की उपस्थिति में पांचवीं बैठक होगी। इसमें नोटिस एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले मतदाताओं की नामवार सूची प्रकाशित कर सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई जाएगी। इस दौरान संबंधित मतदाताओं के बारे में बीएलए-2 एवं आम नागरिकों से जानकारी, सुझाव और आपत्तियां ली जाएंगी। वहीं 18 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर प्रपत्र-3 का प्रकाशन करते हुए छठी बैठक आयोजित की जाएगी। निर्धारित तिथि तक सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अपात्र पाए गए व्यक्तियों की नामवार सूची सार्वजनिक की जाएगी। बीएलओ, बीएलए-2, चुनाव पाठशाला के सदस्यों एवं आम नागरिकों के समक्ष सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि 4 नवंबर को प्रपत्र-2 तथा 18 नवंबर को प्रपत्र-3 सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित किए जाएंगे। बीएलए-2 को दोनों प्रपत्रों की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे सूचियों का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव एवं आपत्तियां दे सकें। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों, सचिवों एवं बीएलए-1 से अपील की कि वे संबंधित मतदान केंद्रों पर होने वाली बैठकों में बीएलए-2 और चुनाव पाठशाला के सदस्यों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। साथ ही, ऐसे पात्र भारतीय नागरिकों को जागरूक करें, जिन्होंने अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रपत्र-6 नहीं भरा है। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं समावेशी बनाना है। इस कार्य में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ईवीएम वेयरहाउस का डीसी ने किया मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश



बिभा संवाददाता

**साहेबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दीपक कुमार दुबे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, रखरखाव और प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। इनके रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता की भी जांच की। साथ ही संबंधित कर्मियों को नियमित प्रशिक्षण देने और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुमंडल अस्पताल में पल्स पोलियो कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**राजमहल (बिभा)।** आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम (नवंबर 2026) के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को राजमहल अनुमंडल अस्पताल में पर्यवेक्षक एवं सब डिपो होल्डर का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक उदय टुडू के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया। वही प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार के साथ-साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के आरआरटी डॉ. सुमित यादव एवं मॉनिटर सुनील रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत बरती जाने वाली सावधानियों, टीकाकरण की प्रक्रिया तथा पर्यवेक्षण के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उक्त बैठक में बतौर प्रशिक्षु सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, बीटीटी एवं एमपीडब्ल्यू उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी पल्स पोलियो अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करना तथा शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक सुनिश्चित कराना है।

### डालटनगंज में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान के तहत शिविर आयोजित




**डालटनगंज(बिभा)।** भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की ओर से संचालित राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 5 के तहत सोमवार को मेदिनीनगर (डालटनगंज) में विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जीएलए कॉलेज परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा और प्रधान डाकघर में लगाए गए इन शिविरों में बड़ी संख्या में पेंशनभोगियों ने पहुंचकर अपना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनवाया। कार्यक्रम में उपस्थित भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा एक से 30 नवंबर तक देशभर में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के जरिए घर बैठे ही सुगमता से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान अधिकारियों व कर्मियों ने पेंशनभोगियों को तकनीकी प्रक्रिया से अवगत कराया और मौके पर ही कई पेंशनधारकों के डिजिटल प्रमाणपत्र जारी किए। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार और चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनभोगियों को विशेष राहत प्रदान की गई। अधिकारियों और तकनीकी कर्मियों ने ऐसे जरूरतमंद पेंशनभोगियों के घर-घर पहुंचकर डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जारी किए, जिससे उन्हें बैंक अथवा डाकघर के चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति मिली। शिविर के सफल संचालन में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक संजीव रंजन सहित भारतीय स्टेट बैंक और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के कई प्रतिनिधि व कर्मी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### बारिश के रोमांचक मुकाबले में एनटीएल लालगंज बना चैंपियन, विधायक जयराम महतो ने बढ़ाया हौसला



**राँची(बिभा)।** एफसी फुरहुराटोली, केदल (बीआईटी मेसरा) द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला भारी बारिश के बीच रोमांचक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल में एनटीएल लालगंज ने मुनिस्टर एफसी कांके को पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि मुनिस्टर एफसी उपविजेता रही। खराब मौसम और तेज बारिश के बावजूद मैदान पर हजारों खेलप्रेमियों की मौजूदगी ने मैच को यादगार बना दिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक डॉ. जयराम महतो और विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र नाथ महतो उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर डॉ. जयराम महतो ने युवाओं को खेलों से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक मजबूती के साथ अनुशासन सिखाते हैं। साथ ही उन्होंने राज्य की राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए व्यवस्था परिवर्तन और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होने की अपील की। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र नाथ महतो ने खेल भावना की सराहना करते हुए युवाओं के रोजगार, शिक्षा और पारदर्शिता के मुद्दों को रेखांकित किया। टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार महतो, सचिव चंदन कुमार महतो, कोषाध्यक्ष बिरेंद्र महतो सहित मनरखन महतो, संतोष महतो, राहुल मुंडा, संजय कुमार महतो और मनीष महतो सहित कई गणमान्य लोग सक्रिय रहे।

## फसल बीमा के 1,864 आवेदन बुआई क्षेत्र उपलब्ध नहीं होने पर हुए अस्वीकृत, 10% की होगी रैंडम जांच

बिभा संवाददाता



**साहेबगंज।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2026 के तहत जिले में अस्वीकृत किए गए फसल बीमा आवेदनों की अब दोबारा जांच होगी। बुआई क्षेत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्वीकृत किए गए 1,864 आवेदनों में से 10 प्रतिशत आवेदनों की यादच्छिक जांच की जाएगी। उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। सोमवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ-2026 के दौरान प्राप्त फसल बीमा आवेदनों, उनके सत्यापन और अस्वीकृति के कारणों की विस्तार से समीक्षा की गई। वहीं बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ-2026 के लिए जिले में धान एवं मक्का की फसलों को योजना के तहत अधिसूचित किया गया है। प्राप्त आवेदनों में बीमित क्षेत्रफल की गलत प्रविष्टि, भूमि अभिलेखों में त्रुटि और अन्य विसंगतियां सामने आई हैं। इस दौरान बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रतिनिधि ने जिले में प्राप्त आवेदनों और बीमित क्षेत्रफल से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के क्रम में सामने आया कि बुआई क्षेत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण 1,864 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। इन आवेदनों से संबंधित कुल बीमित क्षेत्रफल 1,518.09 हेक्टेयर है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि अस्वीकृत आवेदनों में से 10 प्रतिशत का यादच्छिक चयन कर उनकी जांच की जाए। जांच में आवेदन से संबंधित दस्तावेजों और फसल की वास्तविक बुआई से जुड़े तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा। वहीं उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट अगली जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में प्रस्तुत की जाए, ताकि वास्तविक स्थिति के आधार पर आवेदनों की पुनः समीक्षा कर नियमानुसार निर्णय लिया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के भीतर जांच पूरी करने और पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जाति प्रमाण-पत्र के लिए विशेष शिविर में 40 आवेदनों की हुई जांच



बिभा संवाददाता

**उधवा।** वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उधवा प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर पंचायत भवन में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दूसरे दिन सोमवार को बड़ी संख्या में लोग जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए पहुंचे। इस दौरान प्राप्त आवेदनों की जांच और सत्यापन किया गया। शिविर में राजस्व कर्मचारी बबलू यादव ने बताया कि दूसरे दिन कुल 40 आवेदनों की जांच की गई। जांच के बाद सभी आवेदनों को ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। ताकि योग्य लाभुकों को जल्द से जल्द जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होंने कहा कि मंगलवार को भी विशेष शिविर का आयोजन जारी रहेगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रखंड मुख्यालय से दूर स्थित गांवों में रहने वाले लोगों को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने की सुविधा उनके पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना है। राजस्व कर्मचारी ने बताया कि कई ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र है। जहां के लोगों को विभिन्न कारणों से प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में परेशानी होती है। ऐसे लोग अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ मोहनपुर पंचायत भवन में आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर आवेदन कर सकते है। शिविर में उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर नियमानुसार प्रमाण-पत्र निर्गत करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी संबंधित लोगों से अपील की कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर पहुंचकर अपना आवेदन जमा करें। मौके पर पंचायत सहायक जुली कुमारी,दयानंद साहा,संजय टुडू,पंचायत वीएलई वसीम रेजा सहित अन्य मौजूद थे।

## एक किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने अवैध अफीम की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगभग एक किलोग्राम अफीम के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अड़की थाना क्षेत्र के मदहातु गांव निवासी लादु मुंडा (32) के रूप में हुई है। वहीं, उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य व्यक्ति जंगल-झाड़ियों का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक यामाहा बाइक और झोला भी जब्त किया है। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये बताई गई है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि अड़की की ओर से तीन व्यक्ति बाइक पर अफीम लेकर मुरहू स्थित नील फैक्ट्री की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया। पुलिस टीम ने चालम बरटोली पक्की सड़क पर वाहन जांच शुरू की।

## स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर जोर

बिभा संवाददाता



**राजमहल।** सोमवार को राजमहल अनुमंडल अस्पताल के सभागार कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजमहल अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। वही बैठक के दौरान नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन की समीक्षा की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीकरण, प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, नवजात शिशुओं की समुचित देखभाल एवं बच्चों के पूर्ण टीकाकरण पर विशेष जोर दिया गया। वही डॉ. उदय टुडू ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने, सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करने तथा स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के पर्यवेक्षक, एएनएम, एमपीडब्ल्यू एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य कार्यक्रमों की उपलब्धियों, कार्यों में आ रही चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

वही अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों से पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए आम जनता तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की अपील की गई।

## गांव-गांव और घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवा, पीरामल स्वास्थ्य के विशेष वाहनों को दिखाई गई हरी झंडी

बिभा संवाददाता



**साहेबगंज।** ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से पीरामल स्वास्थ्य की ओर से विशेष स्वास्थ्य अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत स्वास्थ्य जांच के लिए तैयार विशेष वाहनों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तालझारी में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजन कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विजय कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य रथ को रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एस्टर हेंब्रम, एनी मरांडी, वर्षा कुमारी, भारतीय बड़ा, केटीएस अभिषेक कुमार सिंह, एमपीडब्ल्यू वीरेंद्र कुमार सहित पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम प्रबंधक तारिक अहमद, बीपीएम अरुण कुमार रॉय एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं अभियान के तहत पीरामल स्वास्थ्य की टीम जिले के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग करेगी। इस दौरान ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उनकी स्थिति का आकलन किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा। इस पहल से विशेष रूप से उन ग्रामीणों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिन्हें दूरी या अन्य कारणों से स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने में परेशानी होती है। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की पहल से बीमारियों की समय रहते पहचान करने में मदद मिलेगी। इससे जरूरतमंद लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना आसान होगा। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या: TRD-OT-17-YARD-IMP-26-27**, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : (1) Dhanbad division scope of yard improvement/upgradation work under ADEN GJD at station GAP, PRP, TKN, BNF, GJD & HZD. (2) Dhanbad division scope of yard improvement/ upgradation work under ADEN GMO/1 at station PNME, NMG, CCK, GMO & MRQ. (3) Dhanbad Division scope of Yard improvement/Upgradation work under ADEN DTO at Station BRWD, DTO & GHD. (4) Dhanbad Division scope of Yard Improvement/ Upgradation work under ADEN LTHR at Station RAY KLRE TORI MMLN and LTHR. (5) Dhanbad Division Scope of Yard Improvement/ Upgradation work under ADEN CPU at Station MHDA, SGRL, KRSL, SKTN & OBRA. (6) Dhanbad Division Scope of Yard Improvement/ Upgradation work under ADEN RNQ at station RMF, MQX, WDM, RNQ & SLBN. कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह, कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,53,45,644.71/–, निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य/–, बीड सिक्युरिटी : ₹3,06,900/–, ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि : 20.11.2026 को 11.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि :20.11.2026 को 11.30 बजे। वेबसाईट का विवरण : वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क॰ वि॰/
पूमरे/धनबाद
पीआर/1235/डीएचएन/अभि./टी/26–27/48

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा संख्या: TRD/ST2AMC/ SCADA GC/26-27 (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** Comprehensive Annual Maintenance Contract of SCADA system (Ashida make) for Two Years (24 months) in PKA-BNF, DHN-CRP & GMO-RJBE (G.C.) section of Dhanbad Division कार्य समापन की अवधि (24) चौबीस माह **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रूपया 48,39,000/–निविदा प्रपत्र का मुल्य– शून्य /– **(3)बीड सिक्युरिटी:** 96,800/– **(4)ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि 18.11.2026 को 11:00 बजे ई–निविदा खुलने की तिथि 18.11.2026 को 11:30 बजे **(5)वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। **मंडल रेल प्रबंधक/कंवि० पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/1218/डीएचएन/टीआरडी/टी/26–27/28

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**संख्या: RP/DNR/EL/2x25KV/Isolation/DDU & DHN**

**(1)कार्य का नाम एवं स्थान:** Design, Supply, erection, testing & commissioning for the work for isolation of main line at KCI/Siding, RNQ (RGML siding), SLBN, Karala Road, Singrauli, Krishan Shila, Shakti Nagar, MHDA, ANH/SP & NBG/SSP in DHN & DDU division under Railway Project Danapur OF East Central Railway. **(2)कार्य का अनुमानित लागत:** रूपये. 97653855.23/– **(3)निविदा फार्म की कीमत:** रूपये. 0.00 **(4)आवश्यक बयाना राशि:** रूपये–1953100.00/–**(5)निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा खुलने और बंद करने का समय–दिनांक 25.11.2026 को 12:00 बजे। **(6)वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य पते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे **www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है। **(7)पता एवं अन्य जानकारी:** मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105 **उप मुख्य विद्युत अभियंता रेल परियोजना, दानापुर**
पीआर/1224/प्रोजेक्ट/डीएनआर/आरपी/टी/26–27/36

संक्षिप्त समाचार

## हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस के टॉयलेट के पास मिले 36 कछुए, चीन भेजने की थी तैयारी; पटना में खुला तस्करी का खेल



**खगौल , एजेंसी।** रेल मार्ग से वन्यजीवों की तस्करी का मामला सामने आया है। हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस की सामान्य बोगी में तलाशी के दौरान जीआरपी ने 36 कछुए बरामद किए। इनमें पांच मृत पाए गए। कछुओं को थैले में भरकर शौचालय के पास रखा गया था। इस दौरान संदिग्ध तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। जीआरपी की टीम ने नेऊरा स्टेशन के पास ट्रेन की जांच के दौरान लावारिस थैले से कछुओं को बरामद किया। ट्रेन के दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर सभी कछुओं को जीआरपी कार्यालय लाया गया। इसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी गई।वन विभाग के स्पेशल पीपी रामाकांत तिवारी ने बताया कि कछुओं की तस्करी करना अपराध है। उनके अनुसार, कछुओं को उत्तर प्रदेश के अमेठी-सुल्तानपुर क्षेत्र से पकड़कर बंगाल के रास्ते चीन भेजे जाने की बात सामने आई है। वहां इनका इस्तेमाल औषधि बनाने और बुलेटप्रूफ जैकेट तैयार करने में किए जाने की जानकारी दी गई। बरामद कछुओं का वजन लगभग 20 से 25 किलो बताया गया है। सभी कछुओं को सीजीएम के समक्ष पेश करने के बाद सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जीआरपी फरार तस्करों की पहचान करने में जुटी है।

## मधुबनी के पसटन गांव के युवक को गले में मारी गोली, हालत गंभीर

**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली उसके गले में लगी और शरीर को पार करते हुए बाहर निकल गई। गंभीर रूप से घायल युवक को स्वजन देर रात करीब तीन बजे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

**पसटन गांव का रहने वाला है युवक**-घायल की पहचान अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र के पसटन गांव निवासी शिवम कुमार साहू (26) के रूप में हुई है। वह श्रवण कुमार साहू का पुत्र है।गले में लगी गोली, शरीर के पार निकली

बताया जा रहा है कि युवक के गले में गोली लगी है, जो शरीर को पार करते हुए बाहर निकल गई। गोली लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद स्वजन आनन-फानन में उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**-सदर अस्पताल, मधुबनी में युवक का इलाज जारी है। इधर, घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पिता के संस्कार और मां के हौसले से कंचन ने भरी उड़ान, दारोगा बन बेटियों के लिए बनीं मिसाल

**बेतिया, एजेंसी।** नगर के पीयूनी बाग की रहने वाली कंचन बाला श्री ने मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है. गणित विषय में एमएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पुलिस सेवा में जाने का लक्ष्य तय किया और वर्ष 2022 में बिहार पुलिस में दारोगा के पद पर चयनित हुईं. वर्तमान में वे बक्सर जिले में अपनी सेवाएं दे रही हैं. उनकी सफलता उन बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत कर रही हैं.

**आठ भाई-बहनों में सबसे छोटी कंचन ने हासिल किया मुकाम**-कंचन



बाला श्री आठ भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं. उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा संत टेरेसा गर्ल्स हाई स्कूल से पूरी की. इसके बाद पटना साइंस कॉलेज से गणित विषय में एमएससी की डिग्री हासिल की. उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने पुलिस सेवा में जाने का निर्णय लिया. लगातार मेहनत और तैयारी के दम पर वर्ष 2022 में बिहार पुलिस में दारोगा के पद पर उनका चयन हुआ. फिलहाल वे बक्सर जिले में पुलिस सेवा की जिम्मेदारी निभा रही हैं.

**पिता के संस्कार और मां के प्रोत्साहन ने बढ़ाया हौसला**-कंचन अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय पिता रामचंद्र राही के संस्कारों और मां जयश्री देवी के निरंतर प्रोत्साहन को देती हैं. उनके पिता शिक्षक थे. उन्होंने बच्चों की शिक्षा में कभी बेटा और बेटी के बीच अंतर नहीं किया. कंचन के अनुसार, परिवार का विश्वास और सहयोग बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाता है. परिवार से मिले इसी संबल ने उन्हें अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ने का हौसला दिया.

**बेटियों को दिया सपने पूरे करने का संदेश**-कंचन का मानना है कि बेटियों की क्षमता का आकलन उनके लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि उनकी मेहनत और प्रतिभा के आधार पर होना चाहिए. वह दूसरी लड़कियों को संदेश देती हैं कि सामाजिक बंदिशों और मुश्किल परिस्थितियों से घबराकर अपने सपनों को अधूरा न छोड़ें. दृढ़ इच्छाशक्ति और लक्ष्य पाने का जुनून हो, तो किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है.

### *125 यूनिट मुफ्त बिजली छोड़ दें, ध्रू सम्राट चौधरी ने इन परिवारों से की अपील, बताया कहां खर्च होगी बची रकम*

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के संपन्न बिजली उपभोक्ताओं से एक खास अपील की है. उन्होंने कहा है कि आर्थिक रूप से सक्षम लोग चाहें तो हर महीने मिलने वाली 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा छोड़ सकते हैं. मुख्यमंत्री ने ऐसे उपभोक्ताओं से सब्सिडी के बराबर राशि सरकार को दान करने का भी आग्रह किया है. उनका कहना है कि इस पैसे का इस्तेमाल बिहार की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में किया जा सकता है.

# पटना पुस्तक मेले में किताबों के साथ स्वाद और सिनेमा का संगम, 350 कार्यक्रम; 200 स्टॉल पर मिलेंगी देशभर की किताबें

**पटना, एजेंसी।** किताबों के शौकीनों के लिए दिसंबर में पटना का गांधी मैदान एक बार फिर साहित्य और संस्कृति के बड़े उत्सव का गवाह बनेगा। सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट (सीआरडी) की ओर से आयोजित 42वां पटना पुस्तक मेला 4 से 15 दिसंबर 2026 तक चलेगा।

इस बार मेले में किताबों के साथ सिनेमा, कला, कविता, खानपान, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े 350 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भारत के तीन बड़े पुस्तक मेलों में शामिल पटना पुस्तक मेला इस बार भी नए प्रयोगों और विशेष आयोजनों के साथ पाठकों के बीच पहुंचेगा।

मेले के अध्यक्ष और चर्चित साहित्यकार रत्नेश्वर ने बताया कि इस वर्ष का पुस्तक मेला बिहार गीत के रचयिता लोककवि सत्यनारायण को समर्पित होगा।

200 स्टॉल पर देशभर के प्रकाशकों की किताबें

इस बार पुस्तक मेले में करीब 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें प्रभात प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, ज्ञानपीठ, उपकार प्रकाशन, हिन्द युग्म, साहित्य अकादमी, एनसीपीयूएल, रेख्ता फाउंडेशन और अन्य प्रमुख प्रकाशक शामिल होंगे।



पाठकों को साहित्य, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, बाल साहित्य और विभिन्न विषयों की किताबें एक ही जगह उपलब्ध होंगी। पुस्तक मेले का उद्देश्य केवल किताबों की बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों में पढ़ने की आदत विकसित करना और साहित्य को नई पीढ़ी से जोड़ना भी है।

**युवाओं के लिए चिट्ठियों से लेकर यूथ पोडियम तक खास आयोजन**-इस बार युवाओं को ध्यान में रखकर कई विशेष कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। चिट्ठियां कार्यक्रम में ऐसी चिट्ठियां पढ़ी जाएंगी, जिन्हें लोग लिख तो गए, लेकिन भूल नहीं पाए। डॉ. विमलेन्दु कुछ चर्चित चिट्ठियों को सुनाएंगे। वहीं, शहर के युवा अपनी लिखी या अपने जीवन पर असर डालने वाली चिट्ठियां साझा करेंगे।

डॉ. वरुण के संयोजन में यूथ पोडियम आयोजित होगा। इसमें राजनीति, कला, साहित्य और संस्कृति समेत बदलते सामाजिक परिवेश में युवाओं की भूमिका और उनकी चुनौतियों पर चर्चा होगी। देश-दुनिया के मुद्दों पर युवाओं को अपनी बात रखने का मंच मिलेगा।

**कविता-कहानी लिखने वाले युवाओं को मिलेगा पुरस्कार**-उत्कर्ष आनंद के संयोजन में शब्दांकुर कार्यक्रम होगा। इसमें युवा अपनी कविता, कहानी और व्यंग्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। चुने गए रचनाकार को शब्दांकुर पुरस्कार दिया जाएगा। चयन के लिए तीन निर्णायक मंडल के सदस्य होंगे और दर्शकों की राय भी शामिल की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक दिन काव्यकथा कार्यक्रम आयोजित होगा। जयप्रकाश के संयोजन में देश के चर्चित कवि और कथाकार अपनी रचनाएं सुनाएंगे। पुस्तक मेले में भव्य कवि सम्मेलन भी होगा, जिसमें कई प्रमुख कवि हिस्सा लेंगे।

**बिहार के व्यंजनों के साथ चाय और किताबों का भी मिलेगा आनंद** -इस बार स्वाद विहार पुस्तक मेले का खास आकर्षण होगा।

# नीतीश को असंभव लगता था 10 लाख नौकरी का वादा, तेजस्वी ने अब खोला बड़ा राज; 1.30 लाख बहाली की फाइल भी थी तैयार!

**पटना, एजेंसी।** राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार और युवाओं के हित में अपने कार्यकाल को अब तक की सरकारों से बेहतर बताया है। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री रहते हुए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाईं। मंगलवार को जारी बयान में तेजस्वी ने दो नवंबर 2023 को गांधी मैदान में हुए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि उस दिन एक साथ 1,20,336 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे। उनके अनुसार, इतने बड़े पैमाने पर सरकारी नियुक्ति पत्र वितरण का यह देश का पहला आयोजन था। तेजस्वी ने अपने बयान में कविता की कुछ पंक्तियां भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, 'मैं गरुड़ कृष्ण मै पक्षिराज, सिर पर ना चाहिए मुझे ताज! रण-खेत पाटना है मुझको, अहिपाश काटना है मुझको! 10 लाख सरकारी नौकरी के वादे को बताया अपना लक्ष्य तेजस्वी यादव ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद की सरकार बनने पर उन्होंने वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर 10 लाख पक्की सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस वादे को असंभव बताया था और सवाल उठाया था कि वेतन के लिए पैसा कहां से आएगा। उन्होंने कहा कि उस समय न्यूज चैनलों पर भी लगातार यह चर्चा होती थी कि बिहार में इतनी बड़ी संख्या में सरकारी नौकरियां देना संभव नहीं है। तेजस्वी के मुताबिक, 2020 में सत्ता से दूर रहने के बावजूद उनके मन में युवाओं से किया गया वादा बना रहा। 2022 में सरकार बनने के बाद नौकरी पर किया फोकस तेजस्वी ने कहा कि 2022 में राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और नीतीश कुमार ने भाजपा से अलग होकर महागठबंधन के साथ सरकार बनाई। उस दौरान उनका मुख्य ध्यान युवाओं को 10 लाख नौकरी देने के वादे को पूरा करने पर था। उन्होंने दावा किया कि इसी शर्त पर महागठबंधन को समर्थन दिया गया था। सरकार बनने के बाद उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालते ही उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। TRE-1 और TRE-2 के जरिए तीन लाख से अधिक शिक्षकों की बहाली तेजस्वी यादव ने बताया कि महागठबंधन सरकार बनने के कुछ ही महीनों के भीतर शिक्षक भर्ती परीक्षा ञ्जत्रश्च-1 और ञ्जत्रश्च-2 का

### बिहार में भ्रष्ट अफसरों पर एक्शन का सच, लंबी जांच, धीमी सुनवाई और छोटी सजा

पटना, एजेंसी। अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार, वित्तीय गड़बड़ियों और मनमानेपन के गंभीर आरोपों की फाइलें किस तरह लाल फीताशाही का शिकार होती हैं, इसकी बानगी हालिया मामलों से साफ झलकती हैं. वित्तीय नुकसान से लेकर मारपीट और घोटालों के इन मामलों में कहीं पांच साल तो कहीं दस साल बाद जाकर हल्की-फुल्की सजा दी जा रही है, तो कई मामलों में जांच कमेटियों के गठन में ही महीनों और सालों बीत जा रहे हैं. 5 साल बाद सिर्फ एक इंक्रीमेंट रुका पटना के तत्कालीन डीटीओ अजय कुमार ठाकुर पर बीएस थ्री और बीएस फोर के 547 वाहनों की बैक डेट में एंट्री कर अवैध रजिस्ट्रेशन का आरोप था, जिससे राजस्व को भारी नुकसान हुआ.

# प्रकाश पर्व में पटना साहिब आने वाले सिख संगतों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेन, दो माह में 30 करोड़ से बदलेगी स्टेशन की सूरत

**पटना, एजेंसी।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए पंजाब, दिल्ली और दूसरे राज्यों से पटना आने वाली सिख संगतों को विशेष ट्रेन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी. प्रकाश पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे की ओर से तैयारी की जा रही है. हालांकि, विशेष ट्रेनों की संख्या, समय-सारिणी और परिचालन की तारीखों की जानकारी अभी नहीं दी गयी है.

**दो माह में पूरा होगा पटना साहिब स्टेशन का सौंदर्याकरण**-दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनोद कुमार ने अधिकारियों के साथ पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि स्टेशन के सौंदर्याकरण का काम दो माह में पूरा करा लिया जाएगा. प्रकाश पर्व को देखते हुए स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाएं बेहतर बनाने और परिसर को



व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है.

**30 करोड़ रुपये से स्टेशन का होगा जीर्णोद्धार**-निरीक्षण के दौरान साथ रहे विधायक रतनेश कुमार ने कहा कि पटना साहिब रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार 30 करोड़ रुपये की राशि से किया जाएगा. इस परियोजना के तहत स्टेशन की सुविधाओं और व्यवस्था को बेहतर बनाने की योजना है, ताकि प्रकाश पर्व के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत मिल सके.

**वेटिंग हॉल बड़ा करने और एस्केलेटर लगाने की योजना**-डीआरएम ने स्टेशन पर मानक के अनुरूप यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने वेटिंग हॉल का आकार बढ़ाने और यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर लगाने की योजना का भी उल्लेख किया. इसके अलावा निरीक्षण के दौरान बतायी गयी अन्य सुविधाओं को दिसंबर तक साकार करने की बात कही गयी. हालांकि, एस्केलेटर और अन्य कार्यों की विस्तृत समय-सारिणी की जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी है.

**निरीक्षण में रेल मंडल के अधिकारी रहे मौजूद**-पटना साहिब स्टेशन के निरीक्षण के दौरान दानापुर रेल मंडल के अधिकारियों के साथ स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. निरीक्षण में स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं और प्रस्तावित सुधार कार्यों की जानकारी ली गयी. प्रकाश पर्व से पहले काम पूरा होने पर श्रद्धालुओं को स्टेशन पर बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है.

# बिहार में पेंशनभोगियों के लिए 30 नवंबर तक चलेगा महा-अभियान, अब घर बैठे बनेगा लाइफ सर्टिफिकेट



**पटना, एजेंसी।** बिहार के लाखों पेंशनभोगियों के लिए राहत की खबर है. अब जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए उन्हें बैंक या सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. केंद्र सरकार नवंबर में पांचवां राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान चलाने जा रही है. इसके तहत बिहार के अलग-अलग जिलों और शहरों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे. यह अभियान 1 से 30 नवंबर तक चलेगा. इसमें बुजुर्गों और चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनवाने की सुविधा मिलेगी. जरूरत पड़ने पर उनके घर जाकर भी प्रमाणपत्र तैयार किया जाएगा. इससे उन लोगों को खास राहत मिलेगी, जिन्हें उम्र या बीमारी के कारण बाहर आने-जाने में परेशानी होती है. मोबाइल से चेहरे की पहचान कर बनेगा प्रमाणपत्र डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनाने के लिए अब पेंशनभोगियों को लंबी प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा. वे एंड्रॉयड और आईओएस मोबाइल फोन की मदद से भी अपना प्रमाणपत्र तैयार कर सकेंगे. इसके लिए फेस ऑथेंटिकेशन यानी चेहरे की पहचान तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा. इस प्रक्रिया में मोबाइल के कैमरे से पेंशनभोगी के चेहरे की पहचान की जाएगी. पहचान की पुष्टि होने के बाद डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र तैयार हो सकेगा. इसके लिए हर बार बैंक या पेंशन कार्यालय जाना जरूरी नहीं होगा.

# *तानों को झेला, अभावों से लड़ी; अब मेडल से चमक रही पटना की सुमन*

**पटना, एजेंसी।** सपने बड़े हों तो रास्ते की मुश्किलें भी इम्तिहान लेने लगती हैं। कभी समाज के ताने, कभी आर्थिक तंगी और कभी संसाधनों का अभाव। मोकामा घाट की सुमन कुमारी ने इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए कबड्डी के मैदान में अपनी अलग पहचान बनाई है। जिस खेल को अपनाने के लिए उसे कभी रिश्तेदार, मोहल्ले के लोगों की उपेक्षा और कटाक्ष झेलने पड़े, उसी खेल में आज वह बिहार का गौरव बन चुकी हैं। तीन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकीं सुमन की उपलब्धि के पीछे वर्षों का संघर्ष, माता-पिता का अटूट विश्वास और कोच की अथक साधना है। मोकामाघाट के वार्ड संख्या-27 निवासी मिठाई दुकानदार अरुण कुमार और पूनम देवी के घर दो बेटों सूरज और सुमित के बाद सुमन का जन्म हुआ। परिवार के लिए वह बेहद लाडली थीं। हालांकि, कबड्डी खेलने की उसकी इच्छा ने सामाजिक सोच की संकीर्णता से सामना कराया। बेटी के




खेल मैदान में उतरने पर कुछ लोग कहते थे घर के काम में लड़कियों को मन लगाना चाहिए। खेल कूद से जीवन नहीं बनता है। आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं थी कि खेल से जुड़ी हर जरूरत आसानी से पूरी हो सके। मिठाई की दुकान से होने वाली सीमित आमदनी में परिवार की जिम्मेदारियां निभाना आसान नहीं था। इसके बावजूद पिता ने बेटी के हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। मां ने भी हर कदम पर उसका मनोबल बढ़ाया। लोगों की बातों को अनसुना कर माता-पिता ने सुमन को आगे बढ़ने की पूरी स्वतंत्रता दी।

**कोच की परख और मेहनत ने संवारा हुनर** - मैदान में कोच मोहम्मद इलियास ने उनकी प्रतिभा को शुरुआती दौर में ही पहचान लिया। करीब दो दशक के अनुभव वाले कोच ने अनुशासन और कठिन प्रशिक्षण से उनके खेल को निखारा। सुमन ने भी हर चुनौती को अभ्यास के जरिए जवाब दिया। कोच के मार्गदर्शन में उनकी तकनीक, फुर्ती और खेल की समझ लगातार बेहतर होती गई।

**सहेली की प्रेरणा से शुरू हुआ सफर**-सुमन के जीवन में निर्णायक मोड़ बचपन की सहेली सानिया की सलाह से आया। पचमहला निवासी सानिया ने एक निजी स्कूल के प्रांगण में खेल के प्रति सुमन की रुचि देखी और उसे कबड्डी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# शहाबुद्दीन के खिलाफ एक्शन से देशभर में हुए थे चर्चित, अब बिहार में संभालेंगे शिक्षा विभाग; जानिए कौन हैं सीके अनिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सीके अनिल एक बार फिर चर्चा में हैं। करीब 21 साल पहले सीवान में बाहुबली नेता और पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सुर्खियां बटोरने वाले सीके अनिल को अब शिक्षा विभाग की अहम जिम्मेदारी मिली है।

बिहार का अपर मुख्य सचिव बनाए जाने के बाद उन्होंने अपनी पहली समीक्षा बैठक के लिए उसी सीवान जिले को चुना, जहां कभी उनके प्रशासनिक फैसले ने पूरे देश का ध्यान खींचा था।

सीके अनिल की नई जिम्मेदारी के साथ ही उनके पुराने प्रशासनिक कार्यकाल की भी चर्चा शुरू हो गई है। अब उनके सामने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, स्कूलों की बुनियादी सुविधाएं सुधारने और पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने की चुनौती होगी।

2005 में शहाबुद्दीन के ठिकानों पर छापेमारी से आए थे चर्चा मेंसीवान के जिलाधिकारी रहते हुए सीके अनिल ने 24 अप्रैल 2005 को बड़ी कार्रवाई की थी।



जिला प्रशासन और स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के पैतृक गांव प्रतापपुर में छापेमारी की थी। इस अभियान में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक रत्न संजय भी शामिल थे।

प्रशासनिक टीम ने शहाबुद्दीन के घर सहित करीब 11 ठिकानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान हथियार, कारतूस, नाइट विजन उपकरण, वायरलेस सेट और बुलेटप्रूफ जैकेट समेत कई सामान बरामद किए गए थे। इस कार्रवाई ने उस समय बिहार की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में काफी हलचल मचा दी थी।

**शहाबुद्दीन के सीवान प्रवेश पर भी लगाया था प्रतिबंध**-सीके अनिल ने जिलाधिकारी रहते हुए शहाबुद्दीन के सीवान जिले में प्रवेश पर छह महीने का प्रतिबंध लगाने का आदेश भी दिया था। हालांकि बाद में सारण प्रमंडल के आयुक्त ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था। प्रतापपुर में हुई छापेमारी और शहाबुद्दीन के खिलाफ की गई कार्रवाई ने सीके अनिल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उस दौर में उनकी प्रशासनिक सख्ती की खूब चर्चा हुई थी।

**कौन हैं सीके अनिल, तीन दशक से ज्यादा का प्रशासनिक अनुभव**-सीके अनिल का पूरा नाम चंद्रकांत कुमार अनिल है। वह बिहार कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। प्रशासनिक सेवा में उनकी शुरुआती तैनाती रोहतास में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में हुई थी। इसके बाद उन्होंने बोकारो में एसडीओ और देवघर में उप विकास आयुक्त के तौर पर काम किया।वह चतरा और सीवान के जिलाधिकारी भी रह चुके हैं।

# बिहार के 22 जिलों में बालू-गाद का होगा सर्वे, ड्रोन और सैटेलाइट से पता चलेगी असली मात्रा, फिर होगी नीलामी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बाढ़ के बाद नदियों और आसपास के इलाकों में जमा बालू और गाद का अब वैज्ञानिक तरीके से आकलन किया जाएगा. इसके लिए राज्य के 22 बाढ़ प्रभावित जिलों में सर्वे कराया जाएगा. खान एवं भूतत्व विभाग सर्वे में सामने आने वाली बालू और गाद की वास्तविक मात्रा के आधार पर नीलामी की योजना तैयार करेगा. इस प्रक्रिया में सिर्फ बालू और गाद की मात्रा ही नहीं मापी जाएगी. उनकी गुणवत्ता, जमाव की मोटाई और प्रकृति का भी पता लगाया जाएगा. इसके लिए आधुनिक तकनीक के साथ भूगोल और जल विज्ञान के विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी. स्थानीय परिस्थितियों और नदी के प्रवाह का भी अध्ययन होगा.

**बालू और गाद की नीलामी से बढ़ेगा राजस्व**-बिहार में सड़क, पुल, भवन और दूसरी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण तेजी से हो रहा है. इन कार्यों में बालू की बड़ी जरूरत पड़ती है. ऐसे में नदियों के किनारे जमा बालू का वैज्ञानिक आकलन कर उसके उपयोग और नीलामी की व्यवस्था की जाएगी. सरकार का मानना है कि इससे राजस्व के नए स्रोत बनेंगे. साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकते हैं. हालांकि, बालू का उठाव नदी की प्राकृतिक संरचना और पर्यावरण को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा. सर्वे में नदी के बहाव और भौगोलिक स्थिति का भी अध्ययन किया जाएगा.

**गाद से ईंट बनाने का रास्ता तलाशेगा विभाग**-बाढ़ के बाद खेतों, नदी किनारे और निचले इलाकों में बड़ी मात्रा में गाद जमा हो जाती है. कई जगहों पर यह स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है. अब इस गाद की उपयोगिता का भी आकलन किया जाएगा. गाद की नीलामी से ईंट निर्माण से जुड़े कारोबारियों को कच्चा माल मिल सकता है. हालांकि, इसका इस्तेमाल करने से पहले गुणवत्ता की जांच जरूरी होगी. मिट्टी की संरचना, चिकनाई, नमी और अन्य तकनीकी पहलुओं के आधार पर तय होगा कि गाद ईंट बनाने के लिए कितनी उपयोगी है.

**ड्रोन और सैटेलाइट से तैयार होगा 3ष्ठ मॉडल** सर्वे के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा. नदी के किनारों, दियारा क्षेत्रों और बहाव वाले इलाकों की ड्रोन से तस्वीरें ली जाएंगी. हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों की मदद से एरियल लिडार और फोटोग्रामेट्री तकनीक का इस्तेमाल होगा.

इससे 3ष्ठ डिजिटल एलिवेशन मॉडल तैयार किया जाएगा. इसके जरिए पता चलेगा कि किस जगह बालू या गाद की परत कितनी मोटी है.

## 1 अप्रैल से खुदरा कारोबार में ई-इनवॉइसिंग की पायलट परियोजना शुरू होगी

**नई दिल्ली ।**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी पर लगाम लगाने और कर दायरे को व्यापक बनाने के लिए सरकार एक बड़ी पहल करने जा रही है। 1 अप्रैल, 2027 से खुदरा कारोबार में ई-इनवॉइसिंग की पायलट परियोजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत चुनिंदा व्यावसायिक क्षेत्रों के दुकानदारों को ग्राहकों को जारी किए गए बिलों का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड रखना होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खुदरा लेनदेन की निगरानी बढ़ाना और वास्तविक बिक्री का जीएसटी रिटर्न से मिलान करना है। वर्तमान में कारोबारी केवल कुल बिक्री का ब्योरा देते हैं, लेकिन नई व्यवस्था में कर अधिकारी व्यक्तिगत बिलों के आधार पर बिक्री और कर भुगतान की जांच कर सकेंगे। फिलहाल, सालाना 5 करोड़ रुपए से अधिक कारोबार वाले व्यवसायों को अन्य कारोबारियों (बी2बी) को जारी बिलों का विवरण इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज करना होता है। अब इस व्यवस्था का विस्तार व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) लेनदेन तक करने की योजना है। जीएसटी परिषद ने सितंबर 2024 में स्वैच्छिक परीक्षण की सिफारिश की थी, जिसे बाद में कर चोरी वाले क्षेत्रों, जैसे कि रेस्तरां, में अनिवार्य किया जा सकता है। यह कदम कर चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आईडीबीआई बैंक कर्मचारी भूख हड़ताल पर, सरकार और यूनियन आमने-सामने

**कनाडा की फर्म को 60 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी बेचने का विरोध**

**नई दिल्ली ।**

आईडीबीआई बैंक के 10,000 से अधिक कर्मचारी 2-3 नवंबर को भूख हड़ताल पर हैं। बैंक के प्रस्तावित निजीकरण और कनाडा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बहुलांश हिस्सेदारी बेचे जाने के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज का कहना है कि वर्षों के सार्वजनिक निवेश और कर्मचारियों के योगदान से बैंक अब मुनाफे में है, ऐसे में इसका निजीकरण अनुचित है। यूनियन इस सौदे को देश के एक ऐतिहासिक बैंक का विदेशीकरण बता रही है और जमाकर्ताओं के लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये की सुरक्षा पर सवाल उठा रही है। उनका तर्क है कि आत्मनिर्भर भारत की बात करने वाली सरकार एक महत्वपूर्ण वित्तीय स्तंभ को विदेशी हाथों में क्यों सौंप रही है, जिससे बैंक का प्राथमिक उद्देश्य कॉर्पोरेट मुनाफे में बदल सकता है। वहीं सरकार का तर्क है कि बैंक का सौदा घाटे में नहीं, बल्कि फायदे में हुआ है, जहां फेयरफैक्स ने प्रति शेयर बाजार मूल्य (75.99 रुपए) से अधिक (81 रुपए) बोली लगाई है। कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) ने फेयरफैक्स को 60.72 फीसदी हिस्सेदारी (सरकार की 30.48 फीसदी और एलआईसी की 30.24 फीसदी) बेचने की मंजूरी दी है।

## कोल इंडिया की रिकॉर्ड कोयला आपूर्ति, पहली बार 7 करोड़ टन का आंकड़ा पार

**बिजली क्षेत्र को भी सर्वाधिक कोयला, आयात में भी कमी दर्ज**

**नई दिल्ली ।**

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अक्टूबर 2026 में कोयला आपूर्ति के सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए, पहली बार मासिक आपूर्ति 7 करोड़ टन के आंकड़े को पार कर गई।

यह उपलब्धि देश में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने और ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों को दर्शाती है, जिससे ऊर्जा संकट की चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है। कंपनी ने अक्टूबर 2026 में कुल 7.03 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी महीने के मुकाबले 19 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है। इससे पहले का मासिक रिकॉर्ड मार्च 2026 में 6.94 करोड़ टन था। बिजली क्षेत्र को की गई आपूर्ति भी 5.71 करोड़ टन के अब तक के सर्वाधिक मासिक स्तर पर पहुंच गई, जिसने मई 2024 के पिछले रिकॉर्ड को पछाड़ दिया। यह रिकॉर्ड प्रदर्शन ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल ही में देश के कई बिजली संयंत्रों में कोयले के कम स्टॉक को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। घरेलू उत्पादन में इस वृद्धि के साथ, अगस्त 2026 में देश का कुल कोयला आयात 5.83 प्रतिशत घटकर 10.457 करोड़ टन रह गया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 1233, निफ्टी 387 अंक उछला**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दूनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई हैं। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, एनटीपीसी, मारुति, बजाज फाइनेंस के शेयरों में उछाल आया जिससे बाजार धारणा मजबूत हुई। सप्ताह के पहले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स और निफ्टी तेजी के साथ बंद हुआ। वहीं आईटी स्टॉक्स में गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1233.25 अंकों की तेजी के साथ ही 75,692.78 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 387.70 अंक उछलकर 23,440.80 अंकों पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए और शेष सभी 7 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की 50 में से 38 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज सबसे अधिक 11.64 फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और एसबीआई के शेयरों में भी तेजी रही।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों की बात करें तो आज टाटा स्टील , अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई , एनटीपीसी 2.37, मारुति सुजुकी , बजाज फाइनेंस , एलएंडटी , बीईएल , हिंदुस्तान यूनिलीवर , एशियन पेंट्स , बजाज फिनसर्व , इंडिगो तेजी के साथ बंद हुए। वहीं वहीं दूसरी ओर, आज कोटक महिंद्रा बैंक , आईसीआईसीआई बैंक , सन फार्मा , एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा और टीसीएस के शेयरों में गिरावट रही। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई।




सुबह सेंसेक्स अपने पिछले बंद भाव 74,459.53 के मुकाबले 75,178.24 पर खुला, जो 718.71 अंकों की शानदार छलांग थी। वहीं निफ्टी ने अपने पिछले बंद भाव 23,053.10 से 169.2 अंक उछलकर 23,222.30 पर सत्र की शुरुआत की

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**




अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को 9 पैसे की गिरावट के साथ ही 94.86 पर बंद हुआ।

आज सबह शुरुआती कारोबार में रुपया 21 पैसे की गिरावट के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.97 पर पहुंच गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी से रुपये को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन मिला।

वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.90 प्रति डॉलर पर खुला। फिर फिसलकर 94.97 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.76 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 109.95 पर पहुंच गया।

## ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स के शेयर एक प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।**




एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुषंगी कंपनी ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1,665 रुपये से करीब एक प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1,673 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 0.48 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 0.63 प्रतिशत अधिक 1,675.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में बीएसई पर शेयर 1.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,685.35 रुपये पर और एनएसई पर 1.57 प्रतिशत चढ़कर 1,691.70 रुपये पर कारोबार करने लगा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,900.87 करोड़ रुपये रहा। ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले सप्ताह बुधवार को बोली के अंतिम दिन 5.25 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,585-1,665 रुपये प्रति शेयर था।वर्ष 2008 में स्थापित ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स एक वैकल्पिक निवेश मंच है जो बुनियादी ढांचे, वाणिज्यिक रियल एस्टेट तथा निजी ऋण सहित विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में दीर्घकालिक पूंजी का प्रबंधन करता है।

# कंपनियों पर बढ़ा बोझ, बिक्री का 44 फीसदी हिस्सा खर्च में गया

**पिछले वर्ष में दर्ज 38.77 प्रतिशत के आंकड़े से 5.72 प्रतिशत अधिक**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय कंपनियों को कच्चे माल की बढ़ती लागत से जूझना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर उनके मुनाफे और अंततः उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि जून तिमाही में देश की गैर-वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों की प्रत्येक 100 रुपये की बिक्री में से 44 रुपये कच्चे माल और संबंधित खर्चों को पूरा करने में चले गए। यह पिछले लगभग एक दशक में किसी भी तिमाही में दर्ज किया गया सबसे ऊंचा आंकड़ा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ती लागत के दबाव को दर्शाता है। सीएमआईई द्वारा समीक्षा की गई 3,687 गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए जून तिमाही में कच्चे माल, स्टोर्स और स्पेयर पार्ट्स पर खर्च का हिस्सा 44.49 प्रतिशत रहा। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 38.77 प्रतिशत के आंकड़े से 5.72 प्रतिशत अधिक है। स्टोर्स और स्पेयर पार्ट्स में विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान उपयोग होने वाली सहायक वस्तुएं, जैसे लुब्रिकेंट्स या कलपुर्जे शामिल हैं। यह रुझान सितंबर तिमाही में भी बरकरार रहा, जहां कच्चे माल और उससे जुड़ी लागत कुल बिक्री का लगभग 41 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (39.8 प्रतिशत) से अधिक है। गैर-वित्तीय क्षेत्र में स्टील, ऑटोमोबाइल, खनन और निर्माण जैसी प्रमुख औद्योगिक कंपनियां शामिल हैं। यह तीसरी तिमाही है जिस पर फरवरी में शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष का असर पड़ा है, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं और कच्चे माल की कीमतें बढ़ी हैं। हालांकि कंपनियों के पास आमतौर पर कच्चे माल का स्टॉक होता है जो अस्थायी लागत बढ़ोतरी से बचाव कर सकता है, लेकिन यह सुरक्षा सीमित समय के लिए ही होती है। जून के ये उच्च आंकड़े चालू सितंबर तिमाही के आय सत्र के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत देते हैं। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार कच्चे माल की बढ़ती लागत कुछ खास क्षेत्रों में मांग को प्रभावित कर सकती है, खासकर उन घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनियों पर जो कीमतें नहीं बढ़ा पाई हैं। हालांकि, केबल और सीमेंट कंपनियों जैसे कई अन्य क्षेत्रों ने इस लागत दबाव का बेहतर तरीके से मुकाबला किया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जैसे सेवा उद्योगों और फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर सबसे कम असर पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि इनमें कच्चे माल की लागत बिक्री का एक छोटा हिस्सा होती है।

# अक्टूबर में धीमी पड़ी विनिर्माण की रफ्तार

**विनिर्माण पीएमआई 55.1 से घटकर 54.7 पर**

**नई दिल्ली ।**

अक्टूबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों की रफ्तार में मामूली कमी दर्ज की गई है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर के 55.1 से घटकर अक्टूबर में 54.7 पर आ गया। हालांकि, 50 के विस्तार स्तर से काफी ऊपर रहने के कारण यह अब भी मजबूत विस्तार का संकेत देता है, जिसकी मुख्य वजह उत्पादन और नए ऑर्डर में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि थी। मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन और नए ऑर्डर में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि देखी गई। हालांकि, लागत का दबाव मध्यम रहने से गतिविधियों की रफ्तार धीमी होने का असर सीमित रहा। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है, और 54.7 का आंकड़ा दीर्घकालिक औसत से ऊपर तथा मजबूत विस्तार की स्थिति में है। सर्वेक्षण बताता है कि नए ऑर्डर और उत्पादन वृद्धि की गति धीमी हुई, पर मांग में सुधार जारी रहा। नए निर्यात ऑर्डर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचना एक सकारात्मक संकेत रहा, जिसने उत्पादन को सहारा दिया। कंपनियों ने अस्थिर वैश्विक माहौल और बढ़ती उत्पादन जरूरतों के मद्देनजर कच्चे माल का भंडार आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचाया। एचएसबीसी की एक अर्थशास्त्री ने इस गिरावट के बावजूद इसे मजबूत विस्तार के दायरे में बताया। रोजगार के मोर्चे पर, विनिर्माण क्षेत्र में लगातार दूसरे महीने नियुक्तियां बढ़ीं, हालांकि उनकी रफ्तार धीमी रही। वहीं मांग बढ़ने के बावजूद कारोबारी विश्वास कमजोर हुआ और दीर्घकालिक औसत से नीचे बना रहा, जो भविष्य की अनिश्चितताओं को दर्शाता है।




## बजाज ऑटो की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली ।**

बजाज ऑटो की अक्टूबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ी। दोपहिया और वाणिज्यिक वाहन दोनों खंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन विमान विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि उसकी कुल थोक बिक्री 5,91,876 इकाई रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,18,170 इकाई थी। घरेलू बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,51,148 इकाई हो गई जबकि निर्यात 18 प्रतिशत बढ़कर 2,40,728 इकाई रहा। कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 5,01,194 इकाई हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,42,316 इकाई थी। कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 90,682 इकाई रही, जबकि एक साल पहले यह 75,854 इकाई थी। बजाज ऑटो की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान कुल बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 35,79,011 इकाई हो गई।दोपहिया वाहनों की बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 30,07,707 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 5,71,304 इकाई हो गई।

# भारत-यूरोपीय संघ ने एफटीए को लागू करने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की

**वाणिज्य सचिव ने ब्रसेल्स में की मुलाकात, व्यापार सुगमता और हीरा उद्योग पर भी बात**

**नई दिल्ली ।**

भारत और यूरोपीय संघ ने इस साल दिसंबर में प्रस्तावित अपने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सुचारु कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण चर्चाएं कीं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह ब्रसेल्स की अपनी यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर बातचीत की। अग्रवाल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी व कराधान महानिदेशालयों के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। चर्चा में सीमा शुल्क सहयोग, व्यापार सुगमता और एफटीए कार्यान्वयन की तैयारियां प्रमुख रहीं। दोनों पक्षों ने व्यवसायों के समर्थन, लेनदेन लागत में कमी और सुचारु वैध व्यापार हेतु कुशल, पारदर्शी व डिजिटल सीमा शुल्क प्रक्रियाओं की अहमियत पर जोर दिया।

27 जनवरी को संपन्न हुआ यह एफटीए भारत के चमड़ा, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करेगा। एफटीए के अलावा, सचिव अग्रवाल एंटवर्प के हीरा उद्योग हितधारकों से भी मिले, जो हीरा राजधानी कहलाता है। यहां वैश्विक हीरा मूल्य श्रृंखला, प्रमाणन, जिम्मेदार खरीद और भारत के बढ़ते हीरा बाजार के अवसरों पर चर्चा हुई।

## हवाई अड्डा शुल्क में कटौती से भारतीय बाजार का बढ़ेगा विस्तार-इंडिगो के सीईओ

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विली वॉल्श ने भारत में हवाई अड्डों के उच्च शुल्कों और करों में कटौती की पुरजोर वकालत की है। सोमवार को दिल्ली में उन्होंने स्पष्ट किया कि विमानन क्षेत्र में व्यापक विस्तार के लिए यह आवश्यक है और हवाई अड्डों की एकाधिकार स्थिति के कारण उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य निर्धारित करने की जरूरत है। वॉल्श ने कहा, हवाई अड्डों के शुल्क बहुत अधिक हैं और अगर हमारे यहां कर कम होते, तो यह बाजार कहीं बेहतर प्रदर्शन करता। इसलिए कम कर और कम हवाई अड्डा शुल्क ही आगे बढ़ने का रास्ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में विस्तार के अवसरों का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए सभी संबंधित पक्षों को अपनी लागत पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

इंडिगो जो 65 प्रतिशत से अधिक घरेलू बाजार हिस्सेदारी के साथ देश की अग्रणी विमानन कंपनी है और प्रतिदिन लगभग 2,200 उड़ानें संचालित करती है, हमेशा हवाई अड्डों से बेहतर मूल्य की अपेक्षा करती है। वॉल्श ने याद दिलाया कि वैश्विक एयरलाइन संगठन आईएटीए के महानिदेशक के रूप में भी उन्होंने भारत में हवाई अड्डों के शुल्कों और करों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था, और उनके विचार अब भी अपरिवर्तित हैं।

## इंडिया ब्लॉक की रैली से दिल्ली के कारोबा रियों को 10 हजार करोड़ का नुकसान

**पुरानी और सेंट्रल दिल्ली के 20-25 बाजार हुए प्रभावित, आपूर्ति श्रृंखला पर भी असर**




**नई दिल्ली ।**

दिवाली से पहले बाजारों में रौनक की उम्मीदों को 1 नवंबर को हुई इं डिया ब्लॉक की रामलीला मैदान रैली से गहरा झटका लगा है। व्यापारी संगठन सीटीआई ने दावा किया है कि इस रैली के चलते पुरानी और सेंट्रल दिल्ली के करीब 20 से 25 बाजारों में कारोबार ठप रहा, जिससे व्यापारियों को लगभग 10,000 से 11,000 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआ है। सीटीआई के एक अे धिकारी के मुताबिक, रामलीला मैदान के आसपास की करीब 3 लाख दुकानों में से लगभग 80 फीसदी यानी 2.5 लाख दुकानें रैली के दिन बंद रहीं। व्यापारियों ने बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों की आवाजाही की आशंका के चलते दुकानें बंद रखने का फैसला किया, जिससे ग्राहक भी कम आए। चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली, कश्मीरी गेट, चावड़ी बाजार, दरियागंज, पहाड़गंज, कनॉट प्लेस सहित कई थोक और खुदरा बाजार पूरी तरह प्रभावित हुए। इन बाजारों से सिर्फ दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी सामान की आपूर्ति होती है। सीटीआई का दावा है कि रोजाना करीब 5,000 ट्रक और टेम्पो की आवाजाही प्रभावित हुई, जिससे त्योहारों से पहले आपूर्ति श्रृंखला में बड़ा व्यवधान आया।

## नवंबर में निवेश के दो नए द्वार, डेट फंड से चांदी ईटीएफ तक

**न्यूनतम 5,000 रुपये से कर सकेंगे शुरुआत**

**नई दिल्ली ।**




म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए नवंबर का पहला हफ्ता नए अवसरों से भरा है। कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड और क्वांट म्यूचुअल फंड दो नए फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च करने जा रहे हैं, जो निवेशकों को डेट और चांदी में निवेश के विकल्प मुहैया कराएंगे। ये स्कीमें अलग-अलग जोखिम प्रोफाइल और निवेश लक्ष्यों वाले निवेशकों को आकर्षित करेंगी। कोटक फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान सीरीज 336 कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड 2 से 4 नवंबर तक कोटक फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान सीरीज 336 खोलेगा। यह एक क्लोज्ड-एंड डेट स्कीम है, जिसकी अवधि 125 दिन होगी। यह स्कीम सरकारी और कॉरपोरेट बॉन्ड सहित डेट व मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करेगी। इसमें न्यूनतम 5,000 रुपये से निवेश किया जा सकता है और कोई एंट्री या एग्जिट लोड नहीं है। रिस्कोमीटर पर इसे मॉडरेट रिस्क कैटेगरी में रखा गया है, जो शॉर्ट-टर्म के लिए डेट में सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए उपयुक्त है। वहीं क्वांट म्यूचुअल फंड 4 से 6 नवंबर तक क्वांट सिल्वर ईटीएफ एफओएफ लॉन्च करेगा। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स है, जो क्वांट सिल्वर ईटीएफ की यूनिट्स में निवेश करके चांदी की कीमतों का फायदा उठाने का लक्ष्य रखता है।

इसमें भी न्यूनतम 5,000 रुपये से शुरुआत की जा सकती है, लेकिन अगर निवेशक यूनिट आवंटन के 15 दिनों के भीतर निकासी करते हैं, तो एक फीसदी एग्जिट लोड लगेगा। इस स्कीम को बहुत अधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है, जो लंबी अवधि के लिए चांदी में निवेश करने और कीमतों में उतार-चढ़ाव सहन करने वाले निवेशकों के लिए है।

# दिल्ली-हावड़ा रूट पर करछना-मिजार्पुर खंड में कवच 4.0 की सफल कमीशनिंग, उत्तर मध्य रेलवे का नेटवर्क पहुंचा 785 किमी

बिहान भारत

**प्रयागराज।** रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने दिल्ली-हावड़ा मुख्य कॉरिडोर के 69.5 रूट किलोमीटर लंबे करछना-मिजार्पुर रेलखंड पर स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच संस्करण 4.0' (रक्छ-4) की सफल कमीशनिंग पूरी कर ली है। इस खंड के जुड़ने से उत्तर मध्य रेलवे का कवच 4.0 नेटवर्क बढ़कर अब 785 रूट किलोमीटर तक पहुंच गया है, जिसने देश के सबसे व्यस्ततम और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रेल मार्गों में शुमार दिल्ली-हावड़ा रूट पर 700 किलोमीटर का आंकड़ा पार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्वदेशी तकनीक पर आधारित कवच 4.0 प्रणाली रेल परिचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता को कई गुना बढ़ाती है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) की रोकथाम शामिल है, जिसके







तहत खतरे के सिग्नल की अनदेखी होने पर यह प्रणाली स्वचालित रूप से ट्रेन में ब्रेक लगा देती है। इसके अलावा, यह तकनीक आमने-सामने और पीछे से होने वाली संभावित टक्करों से सुरक्षा प्रदान करती है तथा घने कोहरे एवं खराब मौसम में भी लोको पायलट को सुरक्षित व निर्बाध संचालन में पूरी सहायता देती है।

इस महत्वपूर्ण परियोजना की सफल कमीशनिंग उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन और प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर दीपक कुमार सिन्हा के कुशल तकनीकी नेतृत्व में पूरी की गई। सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, मैदानी तकनीकी टीमों और निष्पादन एजेंसियों के आपसी समन्वय से यह कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ। उत्तर मध्य रेलवे कवच अवसंरचना का तेजी से विस्तार कर रहा है, जिससे भारतीय रेल को सुरक्षित, आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के विजन को गति मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दीपावली और छठ पर यात्रियों को राहतः दक्षिण पूर्व रेलवे ने जारी रखा छह स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**कोलकाता(बिभा)।** दीपावली और लोकआस्था के महापर्व छठ के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ और बढ़ती मांग को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने छह विशेष ट्रेनों के परिचालन को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार जारी रखने का निर्णय लिया है। इस कदम से त्योहारी सीजन में लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, गाड़ी संख्या 06081 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-सांतरागाछी स्पेशल शुक्रवार, 6 एवं 13 नवंबर 2026 को चलाई जाएगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 06082 सांतरागाछी-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्पेशल का परिचालन सोमवार, 9 एवं 16 नवंबर 2026 को होगा। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 06085 एनार्कुलम-पटना स्पेशल शुक्रवार, 6 एवं 13 नवंबर को तथा गाड़ी संख्या 06086 पटना-एनार्कुलम स्पेशल मंगलवार, 10 एवं 17 नवंबर को चलेगी। इसके अलावा, गाड़ी संख्या 06075 तांबरम-सांतरागाछी स्पेशल मंगलवार, 3 एवं 10 नवंबर को और गाड़ी संख्या 06076 सांतरागाछी-तांबरम स्पेशल बुधवार, 4 एवं 11 नवंबर को अपनी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी।

### यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गोंदिया-पटना के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**धनबाद(बिभा)।** आगामी त्योहारों और यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने उनके सुगम आवागमन हेतु गोंदिया और पटना के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, गाड़ी संख्या 08895 गोंदिया-पटना स्पेशल का परिचालन 06 से 20 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा। वहीं, वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 08896 पटना-गोंदिया स्पेशल 07 नवंबर 2026 से 21 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी। इस विशेष ट्रेन के परिचालन से छठ और अन्य पर्वों के दौरान बिहार व झारखंड से होकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### धनबाद स्टेशन पर मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने किया निरीक्षण



**धनबाद(बिभा)।** पूर्व मध्य रेल के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (एफएम सह मुदाधि) जफर आजम ने सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और यात्रियों के साथ सीधा रेल जन संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर संचालित खानपान स्टॉलों की गहन जांच की। इस क्रम में उन्होंने परोसे जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, एक्सपायरी डेट, स्वच्छता तथा रेलवे द्वारा निर्धारित मानकों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के साथ-साथ मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म एवं ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों से बातचीत कर सीधे जन संवाद किया। उन्होंने यात्रियों से रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्टेशन व कोच की साफ-सफाई तथा खानपान सेवाओं को लेकर उनका फीडबैक और सुझाव लिए। यात्रियों से मिले इनपुट के आधार पर उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने तथा यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने के कड़े दिशा-निर्देश दिए।

### धनबाद रेल मंडल में अक्टूबर माह के सभी 32 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का हुआ समापक भुगतान




**धनबाद(बिभा)।** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल में अक्टूबर 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले सभी रेल कर्मचारियों का समापक भुगतान (समापन देय राशि) प्राथमिकता के आधार पर सफलतापूर्वक कर दिया गया। इस माह मंडल में सेवानिवृत्ति के कुल 32 मामले आए थे, जिनमें सभी कर्मचारियों के दावों का त्वरित निष्पादन करते हुए शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्र ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया और रेल सेवा में उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डीआरएम ने कहा कि धनबाद मंडल सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद कर्मचारियों को उनका समापक भुगतान समय पर उपलब्ध कराने के लिए मंडल प्रशासन ने प्रक्रिया को काफी सरल और तेज बनाया है, जिससे कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान मंडल के अन्य वरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा रेलवे यूनियन व एसोसिएशन के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिताः 140 अंकों के साथ रांची की टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

बिभा संवाददाता




**खूंटी।** खूंटी में आयोजित 22वीं झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता का सोमवार को गरिमामय माहौल में भव्य और सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रांची की टीम ने कुल 140 अंक हासिल कर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं बेहतर प्रदर्शन की बदौलत चतरा की टीम द्वितीय तथा साहेबगंज की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, तकनीकी पदाधिकारियों और टीम अधिकारियों ने हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राम सूर्य मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि दशरथ महतो, अजय कुमार, मनीष कुमार और संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीमों तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से राज्य की युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर झारखंड का नाम रोशन करने का एक मजबूत मंच मिलता है। इस मौके पर शैलेंद्र दुबे, रजी अहमद, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, वाहिद अली, अमासी बारला और अब्दुल कादिर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन को व्यवस्थित और सुचारु रूप से संपन्न कराने में दीपक गोप, रत्नेश गुप्ता, रजी अहमद, सुशील कच्छप, सरोज मालाकार, कार्तिक राम, तारा कुमारी, मृत्युंजय कुमार रॉय, नारायण महतो और अशोक उरांव की विशेष भूमिका रही। झारखंड वुशु एसोसिएशन ने प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले सभी जिलों, खिलाड़ियों और तकनीकी दल के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के विभिन्न स्पधाओं के परिणाम इस प्रकार रहे। पुरुष सांडा 48 किग्रा वर्ग में निशांत तिर्की ने स्वर्ण, त्रिलोचन डे ने रजत, जबकि रोहित बेदिया व अमर हेमरोम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 52 किग्रा में मनोज कुमार मांझी ने स्वर्ण, जितेंद्र कुमार महतो ने रजत और मो. अमान अंसारी व अमन कुमार ने कांस्य जीता। 56 किग्रा वर्ग में ध्रुव द्विवेदी को स्वर्ण, सुमित कुमार को रजत तथा आरिफ हुसैन व धनराज कुमार को कांस्य मिला। 60 किग्रा में देव कुमार बेदिया ने स्वर्ण, सुंदरम तिग्गा ने रजत और कृष सिन्हा व मो. इंतखाब अंसारी ने कांस्य जीता। 65 किग्रा में शशिकांत महतो ने स्वर्ण, लक्ष्य सोरेन ने रजत तथा सचिन कुमार यादव व रवि राजकुमार ने कांस्य झटका। 70 किग्रा में कमल नयन ने स्वर्ण, आर्यन मुंडा ने रजत व हर्ष राज व विवेक खलखो ने कांस्य अपने नाम किया। 75 किग्रा में चम्रुपरवा ने स्वर्ण, युवराज कुमार ने रजत और चिरंजीत मोदक व अक्षत कुमार सोनी ने कांस्य जीता। 80 किग्रा में रंजन घोष ने स्वर्ण और सिदेश सरदार ने रजत, जबकि 85 किग्रा वर्ग में प्रभात कुमार राजक ने स्वर्ण व आर्यन कुमार गुप्ता ने रजत पदक हासिल किया।

महिला सांडा स्पर्धा के 45 किग्रा वर्ग में सविता कुमारी ने स्वर्ण, गंगा लोहार ने रजत तथा शिवानी व मोनिका ने कांस्य जीता। 48 किग्रा में ज्योति कुमारी को स्वर्ण, ललिता नायक को रजत और सुषमा कुमारी व लुकी हेमरोम को कांस्य मिला। 52 किग्रा में सुमी बिरवा ने स्वर्ण, निशा मगहिया ने रजत और खुशी व छवि ने कांस्य जीता। 56 किग्रा में वर्षा रानी ने स्वर्ण, मिनी हांसदा ने रजत और दिव्या लक्ष्मी व मम्पी कुमारी ने कांस्य हासिल किया। 60 किग्रा में पल्लवी गारी ने स्वर्ण पदक जीता। 65 किग्रा में अर्पणा कुजूर ने स्वर्ण, प्राप्ति महतो ने रजत तथा तनिशा व मोना अंजली ने कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं 75 किग्रा में मंदीरा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। ताऊलू स्पर्धा के महिला वर्ग में नानचुआन (वैकल्पिक) में संजना कुमारी ने स्वर्ण, पूर्णिमा लिंडा ने रजत व रोशनी कुमारी ने कांस्य जीता। चांगचुआन (वैकल्पिक) में आस्था उरांव को स्वर्ण, तन्नू कुमारी गंझू को रजत व सोनाली कुमारी को कांस्य पदक मिला। नानचुआन (टाइप) में सुमो कुमारी ने स्वर्ण, अंजना कुमारी महतो ने रजत और रीता कुमारी ने कांस्य अपने नाम किया। ताइजिचुआन (वैकल्पिक) में शीतल कुमारी ने स्वर्ण, प्रिया गारी ने रजत और सोनी मिंज ने कांस्य हासिल किया, जबकि बागुआझांग स्पर्धा में अंजली कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता।

## राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिताः फाइनल में तमिलनाडु को मात देकर झारखंड की बेटियां बनीं चैंपियन



बिभा संवाददाता

**राँची।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित विवेकानंद कॉलेज परिसर में 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित 34वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रोबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। पूरे टूनार्मेंट में अद्वितीय खेल कौशल और अनुशासन का परिचय देते हुए झारखंड की बेटियों ने लीग से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की और अपराजित चैंपियन बनकर राज्य का मान बढ़ाया।

प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में झारखंड ने अपने अभियान का जोरदार आगाज करते हुए मध्य प्रदेश को 25-08, 25-20 से शिकस्त दी। इसके बाद कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र को 25-23, 25-28 और आंध्र प्रदेश को 25-06, 25-16 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। नॉकआउट दौर में भी टीम का दबदबा बरकरार रहा। क्वार्टर फाइनल में झारखंड ने तेलंगाना को एकतरफा मुकाबले में 25-07, 25-04 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में मुंबई को 25-09, 25-18 से मात देकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में झारखंड की खिलाड़ियों ने तमिलनाडु के खिलाफ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए 25-16, 25-23 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

इस ऐतिहासिक खिताबी जीत पर झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता राज्य की बेटियों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का प्रतिफल है। वहीं संघ के चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के कड़े अभ्यास, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और खेल पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयासों का सुखद परिणाम है, जो आने वाले समय में राज्य के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा।

## दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर रेलवे द्वारा एक विशेष ट्रेन का परिचालन

**आसनसोलः** दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा हावड़ा एवं नई दिल्ली के बीच एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। 04054 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल नई दिल्ली से 04, 05, 07, 11 एवं 12.11.2026 को 18:15 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 23:40 बजे हावड़ा पहुँचेगी। इस ट्रेन का परिचालन कुल 05 फेरों के लिए किया जाएगा।

इसी प्रकार, 04053 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल हावड़ा से 06, 07, 09, 13 एवं 14.11.2026 को 01:40 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 08:20 बजे नई दिल्ली पहुँचेगी। इस ट्रेन का परिचालन भी कुल 05 फेरों के लिए किया जाएगा।

यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर एवं जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

इस विशेष ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी तथा वातानुकूलित श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।

## पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

बिहान भारत



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग की अध्यक्षता में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 88वीं त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण करने के बाद समिति की पहली बैठक को संबोधित करते हुए श्री गर्ग ने कहा कि पूर्व मध्य रेल ह्यकह्ल क्षेत्र के अंतर्गत आता है, इसलिए यहां अधिकांश प्रशासनिक कार्य हिंदी में ही होना स्वाभाविक है। उन्होंने अधिकारियों से अपने दैनिक सरकारी कामकाज में छोटे-छोटे आदेश और टिप्पणियां सरल व सहज हिंदी में लिखने की अपील की, ताकि अधीनस्थ कर्मियों को भी प्रेरणा मिल सके और एक सकारात्मक कार्य-संस्कृति का निर्माण हो। उन्होंने धारा 3(3) सहित राजभाषा के सभी संवैधानिक दिशा-निदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

बैठक के दौरान राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए परिचालन विभाग को अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई, जिसे प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इन्दुरानी दुबे ने महाप्रबंधक के हाथों प्राप्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा गृह पत्रिका ह्यवैशालीह्ल के 31वें अंक का विमोचन भी किया गया।

मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सविता गेडाम ने कहा कि संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में संपादित करने के लिए दृढ़ प्रशासनिक इच्छाशक्ति आवश्यक है। बैठक में पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों एवं कारखानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की अद्यतन स्थिति से समिति को अवगत कराया।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 5.0: पूर्व रेलवे में विशेष हेल्पलाइन केंद्रों की शुरूआत, पहले दिन 242 पेंशनभोगियों ने जमा किया प्रमाणपत्र

बिहान भारत




**कोलकाता।** राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान 5.0 के अंतर्गत पूर्व रेलवे ने अपने पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए विशेष पहल की है। एक से 30 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पूर्व रेलवे मुख्यालय सहित चारों मंडलों–हावड़ा, सियालदह, आसनसोल एवं मालदा तथा कांचरापाड़ा, लिलुआ एवं जमालपुर स्थित तीनों रेल कारखानों में विशेष हेल्पलाइन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य रेलवे पेंशनभोगियों को बिना किसी परेशानी के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में तकनीकी व प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराना है।

सोमवार को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित इन केंद्रों पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनभोगियों ने पहुंचकर रेलवे कर्मियों के सहयोग से अपना डिजिटल प्रमाण पत्र सफलतापूर्वक जमा कराया। अभियान के पहले दिन कुल 242 रेलवे पेंशनभोगियों ने इन विशेष केंद्रों का लाभ उठाया। इनमें सबसे अधिक आसनसोल मंडल में 81, मालदा मंडल में 47, सियालदह मंडल में 30, जमालपुर कारखाने में 21, पूर्व रेलवे मुख्यालय में 18, कांचरापाड़ा व लिलुआ कारखाने में 17-17 तथा हावड़ा मंडल में 11 पेंशनभोगियों ने अपना प्रमाणपत्र जमा किया।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने बताया कि पूर्व रेलवे अपने पेंशनभोगियों को सुलभ सेवाएं देने और प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, सुगम और बाधारहित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय के अलावा पेंशनभोगी पूरे माह अपने नजदीकी मंडल या कारखाना स्थित केंद्रों पर जाकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक पोर्टल पर भी विवरण देख सकते हैं।

## आसनसोल मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के लिए तिथि-विशेष भुगतान समारोह आयोजित

बिहान भारत



**आसनसोल।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा अक्टूबर 2026 में सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के लिए सोमवार, 02 नवंबर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के नवीन सम्मेलन कक्ष में तिथि-विशेष भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) देबब्रत चटर्जी ने 37 सेवानिवृत्त रेल अधिकारियों, कर्मचारियों तथा दिवंगत कर्मियों के आश्रितों (विधवाओं) को निपटान बकाया राशि, पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) और भुगतान संबंधी विवरण पत्र सौंपे।

यह आयोजन सेवानिवृत्ति से जुड़ी देय राशियों के पारदर्शी, त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन के प्रति आसनसोल मंडल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसके तहत लाभार्थियों को उनके सभी जरूरी दस्तावेज और बकाया राशि समय पर उपलब्ध कराई गई। समारोह में मंडल कार्मिक अधिकारी पुलक कुमार घोष तथा मंडल रेल चिकित्सालय की सीएमपी डॉ. अंशा शर्मा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल प्रशासन का यह कदम रेलकर्मियों के कल्याण और सेवानिवृत्ति सेवाओं को सुगम बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा डी बी कॉर्प लिमिटेड ,प्लॉट नंबर- 535 व 1272, नियर फारेस्ट ऑफिस, ललगुटवा, रांची - 835303, झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक : कविता साहू**(*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)। **प्रबंध संपादक : बीरेन्द्र महली** ।
Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com